हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची ● गुरुवार ● 04.09.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 44 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

**एक नजर**

## पाकिस्तान में बीएनपी की रैली में बड़ा धमाका 15 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में मंगलवार रात बड़े बम धमाके में कम-से-कम 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 से अधिक लोग घायल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ने का अंदेशा है, क्योंकि बम धमाके में कई घायलों की हालत गंभीर है। यह फिदायिन धमाका बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) की ओर से सरियाब क्षेत्र में शाहवानी स्टेडियम के पास योजित एक रैली खत्म होने के तुरंत बाद हुआ। किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान के अखबार डान के मुताबिक मंगलवार रात सरदार अताउल्लाह मेंगल की चौथी पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित रैली के समापन के करीब 15 मिनट बाद यह धमाका हुआ। उस समय रैली में हिस्सा लेने वाले बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर मौजूद थे और अपने-अपने घरों की तरफ निकलने की तैयारी कर रहे थे। बताया जा रहा है कि फिदायिन हमलावर ने पार्किंग के इलाके में अपनी जैकेट में बंधे बम में विस्फोट कर हमले को अंजाम दिया। घटना के बाद प्रांतीय स्वास्थ्य मंत्री बख्त मुहम्मद काकर ने हमले में मृतकों और घायल लोगों की संख्या की पुष्टि की है।

# हरियाणा में बारिश ने मचाई तबाही, मकान और पेड़ गिरने से छह की मौत, 16 घायल

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। हरियाणा में मंगलवार की रात व बुधवार की सुबह बारिश के कारण मकान गिरने व अन्य घटनाओं में कुल छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 घायल हो गए। घायलों में छह स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। भिवानी में बारिश के बीच मकान गिरने से मलबे में दबकर तीन बच्चियों की मौत हो गई, जबकि माता-पिता और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस समय हादसा हुआ उस समय घर के सभी लोग सो रहे थे। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी को अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद 3 बच्चियों को मृत घोषित कर दिया, जबकि 3 घायलों को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। मृतकों की पहचान कलिंगा गांव निवासी अंशिका (15), दिशा (9) और भारती (7) के रूप में हुई है। ओमपाल (45), उसकी पत्नी अनिता (40) और बेटा ध्रुव (5) घायल हैं। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में बुधवार सुबह एक मकान की छत गिरने से 2 सगे भाइयों की मौत हो




गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को मलबे से निकालकर शाहाबाद के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। घटना शाहाबाद की अमर विहार कॉलोनी की है। जहां एक घर में सात लोग सो रहे थे। हादसे से कुछ समय पहले एक व्यक्ति उठकर बाहर गया तो वह बच गया। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के रहने वाले संदीप (26) और कुलदीप (27) के रूप में हुई है। सभी काम करने के लिए शाहाबाद आए हुए थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। प्रत्यक्षदर्शी विजय कलसी ने बताया कि अनाज मंडी रोड स्थित डेरे के पास 8 दिन पहले सभी लोग काम करने के लिए आए थे। जिस मकान में ये सभी लोग रहे थे, वह कच्चा था। बुधवार सुबह 7 बजे अचानक मकान की छत गिर गई। उस समय लोग सो रहे थे। कल्लू उठकर बाथरूम में चला गया तो वह बच गया। मलबे में दबने से संदीप और कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर सभी घायलों को शाहाबाद के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां पहुंचने से पहले संदीप और कुलदीप की मौत हो चुकी थी। राजेंद्र, पप्पू, सुनील और राजू को दाखिल कर लिया गया। उधर यमुनानगर जिले में बुधवार सुबह एक मकान की छत ढह गई। हादसे में बैंदी गांव के मान सिंह (45) की मौत हो गई। उसकी पत्नी और तीन बच्चों को भी चोटें आई हैं। मान सिंह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। पिछले कुछ दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने मकान की नींव को कमजोर कर दिया था। हादसे की सूचना मिलते ही गांव वाले मौके पर पहुंचे और उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद मान सिंह और उनके परिवार को मलबे से निकाला गया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। पंचकूला में बुधवार की सुबह एक कार पर पेड़ गिरने से छह स्कूली बच्चे दब गए। मौके पर जमा हुए लोगों ने बच्चों को बाहर निकालकर एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। आनंद अत्री ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि पंचकूला के सेक्टर-चार स्थित सतलुत पब्लिक स्कूल में उसके भाई अनूप अत्री बच्चों को छोड़ने के लिए आए। इसी दौरान उन्होंने गाड़ी स्कूल के बाहर खड़ी की तो अचानक भारी पेड़ गाड़ी पर गिर गया। हादसे के दौरान कार में अनूप अत्री और 6 बच्चे सवार थे। हादसे में आनंद अत्री के दो बच्चे और उनके भाई अनूप अत्री के दो बच्चे और उनकी बहन के दो बच्चे घायल हो गए।

## मान सरकार ने बाढ़ के चलते पंजाब को प्राकृतिक आपदा ग्रस्त राज्य घोषित किया


**चंडीगढ़ :** पंजाब में सभी 23 जिले बाढ़ की चपेट में आने के बाद राज्य सरकार ने सूबे को प्राकृतिक आपदा ग्रस्त राज्य घोषित कर दिया है। इस बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया बुधवार को प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ बाढ़ के हालातों पर चर्चा की है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान गुरुवार को पंजाब का दौरा करके हालात का जायजा लेंगे। शिवराज चौहान ने अपने सोशल मीडिया 'एक्स' पर बुधवार को कहा कि संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब वासियों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आज उन्होंने राज्य के हालातों को लेकर पंजाब के राज्यपाल व कृषि मंत्री से भी बात करके विस्तृत जानकारी ली है। इस बीच पंजाब के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा ने पंजाब को आपदा प्रभावित राज्य घोषित करते हुए प्रदेश के सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं।

## रिनपास का शताब्दी समारोह आज मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकेट्री एंड एलाइड साइंसेज (रिनपास) अपने स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। इस अवसर पर आगामी 4 सितंबर को कांके स्थित रिनपास परिसर में शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन होगा। सीएम हेमन्त सोरेन होंगे मुख्य अतिथि। समारोह में देश-विदेश से मानसिक स्वास्थ्य और मनोचिकित्सा के क्षेत्र के नामचीन विशेषज्ञ एवं डॉक्टर शामिल होंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया। मंत्री ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि इस समारोह के दौरान मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने और मरीजों के लिए नई पहल की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी। डॉ. अंसारी ने कहा कि रिनपास का शताब्दी वर्ष केवल संस्थान की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह झारखंड और पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति से इस आयोजन की गरिमा और बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि रिनपास की स्थापना लगभग एक सदी पहले हुई थी और यह आज देश के चुनिंदा मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों में अपनी विशेष पहचान बना चुका है।



# झारखंड में विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग गठन को मिली मंजूरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** राज्य मंत्री परिषद की बैठक में झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग के गठन की स्वीकृति दी गई है। यह निर्णय केवल एक आयोग के गठन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन तमाम आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर, भूमिहीन परिवारों के जीवन संघर्ष की स्वीकृति है, जो वर्षों से विकास के नाम पर उजड़ते आए हैं और जिनकी समस्याएँ लगातार अनसुनी की जाती रही हैं। झारखंड राज्य के लाखों विस्थापित परिवारों के संघर्ष की ऐतिहासिक जीत का प्रतीक है। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। श्री चौधरी ने कहा कि उन्होंने पहली बार 18 मार्च 2025 को हजारीबाग जिला के पकरी बरवाडीह, केरेडारी, चट्टी-बरियातू सहित विभिन्न परियोजनाओं से प्रभावित विस्थापितों की समस्याओं को लेकर विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना दी थी। उस समय स्पष्ट रूप से कहा था कि जब तक राज्य स्तर पर विस्थापन आयोग का गठन नहीं होगा, तब तक विस्थापितों की पीड़ा का समाधान संभव नहीं है। इसके बाद बजट सत्र के अंतिम दिन 27 मार्च 2025 को उनके गैर-सरकारी संकल्प पर विस्तृत बहस हुई। बहस के क्रम में सरकार ने विधानसभा के पटल पर यह ठोस आश्वासन दिया कि 90 दिनों के भीतर आयोग का गठन किया जाएगा। परंतु दुर्भाग्यवश 150 दिन बीत जाने के बाद भी आयोग अस्तित्व में नहीं आ सका। एक बार फिर मॉनसून सत्र के पहले ही दिन ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित कराया और विस्थापित परिवारों की पीड़ा को मजबूती से सदन में उठाया। निरंतर दबाव और विस्थापितों की अपेक्षाओं को देखते हुए अंततः राज्य मंत्रिपरिषद ने आयोग गठन की ऐतिहासिक स्वीकृति प्रदान कर दी।

**विस्थापितों के लिए राहत और उम्मीद**

विधायक ने कहा कि यह आयोग केवल एक संस्थागत ढाँचा नहीं होगा, बल्कि यह विस्थापितों की न्याय और सम्मान की गारंटी बनेगा। विस्थापितों की समस्याएँ केवल जमीन छिन जाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह उनके अस्तित्व, संस्कृति, आजीविका और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ी हुई हैं। आयोग के गठन से अब यह उम्मीद जगी है। जिसमें पहला - पारदर्शी मुआवजा नीति बनेगी, जिससे हर प्रभावित परिवार को जमीन, घर और रोजगार का न्यायोचित अधिकार मिलेगा। दूसरा- पुनर्वास नीति को मजबूत बनाया जाएगा, ताकि विस्थापितों को सुरक्षित आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन यापन की गारंटी मिल सके। तीसरा - रोजगार के अवसर सुनिश्चित होंगे, जिससे युवा पीढ़ी बेरोजगारी और पलायन के शिकार न बने। चौथा- भूमिहीन एवं आदिवासी परिवारों को उनकी परंपरागत जीवनशैली और सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान बचाने का अधिकार मिलेगा। पांचवा- आयोग पूरे राज्य में विभिन्न परियोजनाओं से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण और अध्ययन कर ठोस रिपोर्ट तैयार करेगा और समयबद्ध समाधान प्रस्तुत करेगा।

## एक नजर

### करमा डाली जगाकर लौट रही महिला को हाथी ने किया घायल



**हजारीबाग :** झुंड से बिछड़ा हाथी एक बार फिर मंगलवार की देर रात हाथी धरमपुर पहुंचा। उसने धरमपुर में करमा डाली के पास से झूमर नाच कर घर लौट रही चमेली देवी पति बलदेव गंझू को पटक कर घायल कर दिया। गनीमत रही कि औरत किसी प्रकार वहां गिरने के बाद जान बचाकर भागी,हाथी भी दूसरी ओर दौड़ा। घायल महिला के पैर ,हाथ और ढुड्डी में गहरी चोट लगी है। जिसे आनन - फानन में सदर अस्पताल भेजा गया। हाथी ,धरमपुर गांव के सीमावर्ती इलाके में लगे टमाटर और खीरा के खेतों को रौंदते हुए जंगल की ओर भाग निकला। अभी भी प्रखंड क्षेत्र में ही यह हाथी जमा हुआ है। लोगों में दहशत है। हाथी के उत्पात से भयभीत ग्रामीण वन विभाग की उदासीनता से आक्रोशित हां।

### खोड़ाआहर में बीडीओ सीओ ने संयुक्त रूप से धोती साड़ी का किया वितरण



**बरही :** बरही प्रखंड के खोड़ाआहर पंचायत के अरूण कुमार सिंह के पीडीएस दुकान में बुधवार को बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, मुखिया प्रतिनिधि खीरोधर यादव,एमओ संजय कुमार यादव ने संयुक्त रूप से झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन के तहत राशनकार्डो के बीच धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया। मौके पर दुकान से सम्बधित कई महिला पुरुष लाभुक मौजूद रहे। इस दौरान बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि सोना सोबरन योजना गरीबों के लिए सरकार का उपहार है। सरकार अपनी इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथ-साथ अनुदानित दर पर धोती, साड़ी व लूंगी योजना के तहत वस्त्र उपलब्ध करा रही है।

### सड़क मार्ग से गुजरे मुख्य न्यायाधीश प्रशासन रही अलर्ट

**चौपारण :** झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश माननीय तारलोक सिंह चौहान बुधवार को अपने निजी दौरे पर सड़क मार्ग से बिहार की ओर प्रस्थान कर रहे थे। इस दौरान उनका काफिला चौपारण से होकर गुजरा। मुख्य न्यायाधीश के आगमन को लेकर चौपारण पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। सभी चौक-चौराहों पर प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल को तैनात किया गया था।

## झाड़ी में अचेत अवस्था में पड़े वृद्ध को युवाओं ने दिया सहारा, कराया इलाज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** आज भी संवेदनहीनता के पराकाष्ठा में इंसानियत एवं मानवता जिंदा है। जिसका अनूठा उदाहरण बुधवार को हजारीबाग में देखने को मिला। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के पीछे झाड़ियों में एक अज्ञात वृद्ध अचेत अवस्था में पड़े मिले। यह नजारा देखकर कुछ युवाओं ने तुरंत मदद का हाथ बढ़ाया। भाजयुमो कार्यकर्ता आशोष सिन्हा, मुक्तिधाम सेवा संस्थान के राम लखन प्रजापति और अस्पताल के सेवा कर्मी राहुल कुमार पासवान व रंजीत कुमार ने बिना देर किए झाड़ियों में उतरकर वृद्ध को सुरक्षित बाहर निकाला। युवाओं ने न केवल उन्हें बचाया बल्कि इंसानियत का फर्ज निभाते हुए वृद्ध को नहलाया-धुलाया, साफ कपड़े पहनाए और बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती भी कराया। फिलहाल वृद्ध अपनी पहचान बताने में असमर्थ हैं, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। अस्पताल प्रबंधन को उनके उचित इलाज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें बचाने वाले युवाओं ने अपील किया है कि यदि कोई इस वृद्ध व्यक्ति को पहचानता है या उनके परिवार से संपर्क स्थापित करने में मदद कर सकता है, तो कृपया आगे आएं। आपकी छोटी-सी मदद उन्हें उनके अपनों से मिलवा सकती है।

## वन विभाग ने अवैध अभ्रक से लदा पिकअप किया जब्त, तस्करों पर नकेल कसने की तैयारी जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्र अंतर्गत संरक्षित वन दनुआ से अवैध अबरख तस्करी का मामला प्रकाश में आया है। वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अबरख से भरा पिकअप वैन जप्त कर कार्यालय लाया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन और तस्करी में लिप्त गिरोहों के बीच हड़कंप मच गया है। वनपाल कुलदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि जंगल से अवैध खनन कर अबरख निकालकर बाहर भेजने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही त्वरित छापामारी दल का गठन किया गया और कार्रवाई शुरू की गई। छापामारी के दौरान दनुआ से पिकअप संख्या बीआर 02एम 3347 को अभ्रक से लदा हुआ पकड़ा गया और उसे जप्त कर वन विभाग कार्यालय लाया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में तस्करों के विरुद्ध वन वाद दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। विभाग का मानना है कि इस तस्करी के पीछे संगठित गिरोह सक्रिय है, जो लंबे समय से संरक्षित वन क्षेत्रों को नुकसान पहुँचा रहे हैं। गौरतलब है कि अभ्रक का अवैध खनन न केवल वन्य प्राणियों और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि सरकार को भारी राजस्व हानि भी होती है। वन्य प्राणी संरक्षण क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियाँ जैव विविधता और पारिस्थितिकीय संतुलन के लिए भी बड़ा खतरा साबित हो सकती हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रात के अंधेरे में अक्सर तस्कर अवैध खनन कर पिकअप और ट्रैक्टरों से अबरख की ढुलाई करते हैं। हालांकि, वन विभाग की इस कार्रवाई से लोगों में उम्मीद जगी है कि अब ऐसे नेटवर्क पर लगाम लगेगी। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और तस्करी में शामिल लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## जिले में फिर एक बार अपराधियों की सक्रियता बढ़ी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** जिला में फिर एक बार अपराधियों ने सिर उठाना आरंभ कर दिया है' पतरातू सर्कल में अपराधियों के बढ़े मनोबल के बाद उसका असर रामगढ़ में भी दिखने लगा है' पुलिस की निष्क्रियता का फायदा फिर एक बार अपराधी क्षेत्र में उठाने लगे है। जानकारी के अनुसार पटेल चौक के निकट फोर लेन पर आज सुबह लगभग साढ़े आठ बजे दो मोटर साइकिल सवारों ने एक कार पर गोली चला दी। गोली कार में लगी तथा कार के आगे गेट का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। गोली चालन में कार पर सवार लोग बाल बाल बच गये। इसकी सूचना रामगढ़ थाना पुलिस को दी गई। जानकारी के अनुसार एक कार (जेएच010वाई-7514)पर भुरकुंडा के कुछ युवक व युवती रामगढ़ फोर लेन के एक होटल मे नाश्ता करने आये थे। नाश्ता करने के क्रम मे कार सवारों का आरोप है कि उक्त होटल मे बैठे दो युवकों ने युवतियों के लिए अपशब्द का प्रयोग किया। भुरकुंडा के युवकों का दोनों से होटल में कहा सुनी हो गयी। इसके बाद भुरकुंडा के युवक युवतियां कार पर सवार होकर वापस लौटने लगे। इस क्रम में फोरलेन ओवरब्रिज के निकट पुराने एनएच की ओर आने वाले सड़क के मोड़ पर मोटर साइकिल सवार युवकों ने कार पर गोली चला दी। जिससे कार के आगे गेट में गोली लगी तथा अगले गेट का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया।

## अवैध खनन पर नकेल, खान निरीक्षक की ताबड़तोड़ कार्रवाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना के सिरका,अरगड्डा, बुंडु सहित अन्य क्षेत्रों से अवैध बालू व अन्य खनिज संपदाओं का तस्करी पर अंकुश लगाए जाने को लेकर खान निरीक्षक राहुल कुमार द्वारा ताबड़तोड़ छापामारी अभियान चलाकर सैकड़ो सीएफटी भंडारण किया गया बालू जप्त किया गया। ज्ञात हो कि बालू कोयला पत्थर जैसे खनिज संपदाओं का अवैध कारोबार पर अंकुश लगाए जाने को लेकर जिला उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के नेतृत्व में टास्क फोर्स का गठन किया गया। जिसके बाद से ही खान निरीक्षक राहुल कुमार द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाकर लगातार ट्रैक्टर को जप्त किया जा रहा है। राहुल कुमार द्वारा किए जा रहे छापामारी अभियान से अवैध कारोबार में शामिल लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## चित्रांश परिवार ने मुख्य संरक्षक उपेन्द्र प्रसाद को दी श्रद्धांजलि



**बरही :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बरही के मुख्य संरक्षक उपेंद्र प्रसाद को चित्रांश परिवार ने श्रद्धांजलि दी। बरही ने एनएचएआई भवन में शोक सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अशोक बख्शी और संचालन शैलेंद्र सिन्हा ने किया। सभी लोगों ने दिवंगत उपेन्द्र प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और समाज के लिए किए गए उनके योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि देने वालों में संरक्षक राजेंद्र रुखरियार, अजीत कतरियार, गोपाल चंद्र घोष, महेश श्रीवास्तव, राजकिशोर प्रसाद, पूर्णेदु शेखर, संजय कुमार सिन्हा, कृष्ण मुरारी प्रसाद, अमर प्रधान, अनूप प्रधान, प्रवीण बख्शी, जयदीप कुमार सिन्हा, श्याम कुमार सिन्हा, निखिल कुमार, कुंदन कृष्णन, प्रभात कुमार सिन्हा, लक्की कुमार सिन्हा समेत अनेक लोग शामिल थे।

## स्वास्थ्य भवन निर्माण में घोर अनियमितता का आरोप, जनप्रतिनिधियों ने की जांच



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चलकुसा :** चलकुशा प्रखंड मुख्यालय स्थित चलकुशा समुदाय स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निर्माणाधीन स्वास्थ्य भवन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन उद्दीन और प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भवन निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर लापरवाही बरती जा रही है। मोहन उद्दीन ने स्पष्ट कहा कि ढलाई में सीमेंट बेहद कम और बालू की मात्रा कहीं अधिक है। दीवार और फर्श पर बालू ही बालू दिखाई दे रहा है। वहीं प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी ने आरोप लगाया कि शौचालय टंकी की ढलाई चिप्स गिट्टी की जगह साधारण गिट्टी से कर दी गई है। मजदूरी कर रही महिला श्रमिक ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि तीस घामा बालू में सिर्फ एक बोरी सीमेंट डाला गया है। वहीं मौके पर मौजूद टाइल्स मिस्त्री ने भी माना कि बालू की सही नापी नहीं की गई है और केवल अनुमान लगाकर सीमेंट डाला जा रहा है। गंभीर अनियमितता की सूचना पर पत्रकारों ने बीडीओ से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो सकी। फिलहाल, स्थानीय जनता इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गहरी नाराजगी जता रही है और उच्च अधिकारियों से जांच की मांग कर रही है।

## बेलहारा को पराजित कर कदगांवांकलां बना चैम्पियन विजेता व उपविजेता टीम को किया गया पुरस्कृत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चौपारण :** नव युवक क्लब सेल्हारा द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट बुधवार को सम्पन्न हुआ। बतौर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए बरही विधायक ने खिताबी भिंड़त का शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबले में कदगांवां की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 1-0 से बेलहारा टीम को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व आतिशबाजी के साथ उद्घाटन मुकाबले का आगाज हुआ। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने विजेता टीम को बधाई व उप विजेता टीम को भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। युवा खिलाड़ी खेल के माध्यम से अपना कैरियर बना रहे है। मंच का संचालन शिक्षक अरविंद साव ने किया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, जीप प्रतिनिधि सुधीर कौशल, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, सुनील सिंह, कपिल यादव, रामसेवक यादव, नेमधारी यादव आदि। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष रविन्द्र कुमार साव, उपाध्यक्ष रौशन विश्वकर्मा, सचिव दीपेश कुशवाहा, उपसचिव सचिन पासवान, कोषाध्यक्ष रवि विश्वकर्मा, उपकोषाध्यक्ष राहुल पासवान और सक्रिय भूमिका में स्थानीय मुखिया प्रवीण सिंह, शिक्षक राकेश कुमार, अरविंद कुमार, नितेश सिंह, रंजीत भुइयाँ, नरेश शर्मा, धर्मवीर साव आदि ने निभाया।

## संक्षिप्त खबरें

### 4 पंचायतों में बनाए जाएंगे नए उपस्वास्थ्य केंद्र : डॉ प्रकाश ज्ञानी



**बरही :** बरही प्रखंड के चार पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाने की स्वीकृति मिली है। इसकी जानकारी देते हुए बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी बताया कि बरसोत, दुल्माहा, धनवार एवं केदारुत पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाया जाएगा। इस संबंध में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि इन पंचायतों में स्वास्थ्य उप केंद्र बनने से मरीजों को अपने ही पंचायत में इलाज की सुविधा मिलेगी। इससे समय की बचत होगी। साथ ही कहा कि उपस्वास्थ्य केंद्र खुलने से ग्रामीणों को टीकाकरण, मलेरिया व टीबी की रोकथाम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, और गैर-संचारी रोगों के इलाज जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उनके पंचायत में ही मिलेंगी। जिससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे आवश्यक उपचार व दवाओं के लिए दूर के स्वास्थ्य केंद्रों पर जाने की परेशानी से बच सकेंगे। वहीं कहा कि इन सभी केंद्रों में सभी प्रकार की जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बरही प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत डपोक एवं रानीचूंआ में भी उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण को लेकर विभाग से पत्राचार किया गया है।

### पीडीएस डीलर ने की रसोईयाधमना में धोती, साड़ी व लूंगी का वितरण



**बरही :** सोना सोबरन योजना के तहत कार्डधारियों के बीच धोती, साड़ी एवं लूंगी का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में रसोइया धमना के पीडीएस डीलर नंदकिशोर कुमार की उपस्थिति में मुखिया गोविंद साहू एवं पंचायत समिति सदस्य मो तैयब ने अपने कार्डधारियों को धोती, साड़ी एवं लूंगी का वितरण किया। मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य ने धोती, साड़ी एवं लूंगी का वितरण करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत बहुत ही कम शुल्क में कपड़ा उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे वैसे गरीब जिन्हें आर्थिक अभाव के कारण धोती साड़ी एवं लूंगी खरीदने में दिक्कत हो रही थी। वैसे लोगों को काफी मददगार साबित हो रहा है।

### चौपारण के सफल छात्र सनी सिंह को विधायक ने किया सम्मानित



**चौपारण :** भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होकर प्रखंड का नाम रोशन करने वाले बारा गांव के सन्नी सिंह पिता मुकेश सिंह को बुधवार को विधायक मनोज कुमार यादव ने उनके घर जाकर सम्मानित किया। विधायक ने सन्नी की इस उपलब्धि पर उन्हें और उनके परिवार को बधाई दी। विधायक ने कहा कि बारा जैसे छोटे से गांव से निकलकर भारतीय सेना के एक प्रतिष्ठित पद तक पहुंचना कोई साधारण बात नहीं है। सन्नी की सफलता उनके अथक मेहनत, परिवार के त्याग और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है। कहा गांव में रहकर, सीमित संसाधनों के बावजूद इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने पिता मुकेश सिंह के संघर्ष और उनके द्वारा बेटे को दिए गए सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि अब मेहनत को उसका फल मिल गया है। यह सफलता पूरे परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे चौपारण क्षेत्र की उपलब्धि है। इस अवसर पर रामस्वरूप पासवान, चाचा पप्पू सिंह, दया सिंह, बिनोद सिंह, मनोज सिंह, शिक्षक सतीश सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे और सनी को शुभकामनाएं दीं। जानकारी हो कि सनी सिंह ने अपनी पूरी पढ़ाई चौपारण में ही की है। दसवीं की परीक्षा उन्होंने सीबीएसई से संबद्ध सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल से पास की थी। वहीं, इंटरमीडिएट की पढ़ाई केवीएसएस प्लस टू विद्यालय, चौपारण से पूरी की। गांव में रहकर पढ़ाई करने के बावजूद उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता हासिल की, जिसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि सनी की यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करना अपमानजनक : महेश ठाकर



**हजारीबाग :** सिद्धू कान्हू चौक पर वीर स्वतंत्रता सेनानी सिद्धू एवं कान्हू की प्रतिमा खंडित करने के मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने घटना की निंदा की है। एनसीपी जिला अध्यक्ष महेश ठाकुर घटना स्थल का दौरा कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमा हम स्वतंत्रता की याद दिलाती है। राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत कराती है। ऐसे में इस तरह प्रतिमा को खंडित करना उस असामाजिक तत्वों की दुर्भावना को दर्शाता है। महेश ठाकुर ने प्रशासन से मांग किया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो और सभी महापुरुषों की प्रतिमा की सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही खंडित प्रतिमा को पुनः लगाया जाय। मांग करने वालों में दीपेश ठाकुर, शुभम कुमार, जीतू ठाकुर, महेंद्र सिंह आदि लोग शामिल थे।

### शूज जैक्शन शॉप का आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**रामगढ़ :** रामगढ़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा बस स्टैंड के समीप शूज जैक्शन शॉप भव्य उद्घाटन रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय एवं कर्मठ आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गगन करमाली के कर कमलों द्वारा विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर जिला अध्यक्ष महोदय ने शॉप के संचालक नीतिश शर्मा को नई शुरुआत के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि, यह नया व्यवसाय क्षेत्र में युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध होगा और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा देगा। शॉप उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बादल करमाली, टिंकू खान, जय कुमार , प्रीतम कश्यप , राहुल सिंह , राजन करमाली, कार्तिक राम, राकेश कुमार, सोनू कुमार, रजत गिरी कई स्थानीय नागरिक, व्यवसायीगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने इस नई पहल का स्वागत करते हुए नीतिश शर्मा को उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### शहीद आयोग का गठन करे राज्य सरकार : दिलीप

**रांची** : सामाजिक कार्यकर्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट दिलीप मिश्रा ने देशभर के शहीदों और उनके परिजनों की दयनीय हालत को देखते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शहीद आयोग गठित करने की मांग करते हुए पत्र भेजा है। बुधवार को हटिया में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि आजादी के महानायक शहीदों के वंशजों को सरकार ने भूला दिया है। मिश्रा ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में बलिदान देने वाले भगवान बिरसा मुंडा, चांद-भैरव, गया मुंडा, शेख विखारी, पांडे गणपतराय, नीलांबर-पीतांबर, सिद्धू-कान्हू जैसे वीरों के परिवार आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। खूंटी जिले में भी बिरसा मुंडा के वंशज दिहाड़ी मजदूरी करने को विवश हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में बिरसा मुंडा की वंशज महिला को मात्र सौ रुपये की मजदूरी पर दूसरों के खेत में काम करते देखा गया, जबकि सरकार उनके नाम पर योजनाएं और कार्यक्रम चलाती है। उन्होंने कटाक्ष किया कि कार्यक्रमों में नेताओं और अफसर शहीद परिवारों को सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए मंच पर बुलाते हैं। लेकिन उसके बाद उनके जीवन की सुध लेने वाला कोई नहीं होता।

### श्याम मन्दिर में धूमधाम से मना पद्मा एकादशी महापर्व

**रांची** : राजधानी के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में पदमा एकादशी महापर्व धूमधाम से बुधवार को मनाई गई। इस दौरान प्रातः काल से श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ देखी गई। प्रातः आरती के बाद श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों से श्याम प्रभु का मनभावन श्रृंगार किया गया। साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली और शिव परिवार का भी इस अवसर पर विषेश श्रृंगार किया गया। इसके बाद पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों की ओर से गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर हारा हूं बाबा बस तुझपे भरोसा है, जीतूंगा एक दिन, मेरा दिल ये कहता है... जैसे भजनों की लय पर भक्त श्री श्याम प्रभु की भक्ति में खोए हुए थे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के फल, मिठाई और मेवे का भोग लगाया गया। महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपी किशन ढांढनीयां, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, नितेश केजरीवाल, प्रदीप अग्रवाल का सहयोग रहा।

### वन बंधु परिषद के राष्ट्रीय संगठन के पांचवें सत्र का उद्घाटन

**रांची** : वन बंधु परिषद के राष्ट्रीय संगठन के पांचवें सत्र का उद्घाटन बुधवार को रांची के बीएनआर होटल में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उद्योगपति समीर लोहिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वनबंधु परिषद के कई पदाधिकारी, राष्ट्रव्यापी महिला समिति के सैकडों सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे। मंच संचालन सचिव अंजलि तापड़िया ने किया। वनबंधु परिषद के संस्थापक प्रणेता श्याम गुप्त आशीर्वाद देने के लिए विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर ईस्ट जोन चैप्टर के चेयरपर्सन रमेश धरणीधरका ने सभी आयामों से आए हुए सदस्यों का स्वागत किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीता जाजू ने महिलाओं का वात्सल्य शक्ति और क्षमताओं के माध्यम से संगठन में हो रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय एकल युवा की युवा कोऑर्डिनेटर रासु जैन ने गुरुकुल द्वारा संस्कार शिक्षा और बस्तियों में राष्ट्रीय चेतना पर बल दिया। वनबंधु परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेशजी माहेश्वरी ने महिला समिति की सुंदर- सुव्यवस्थित और अनुशासित बैठकों को प्रेरणादाई बताया।

# रांची में साइबर ठगों ने चार लोगों से 13.58 लाख रुपये की धोखाधड़ी

## बिना ओटीपी बताए भी साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए लाखों

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : राजधानी रांची में साइबर अपराधियों ने चार अलग-अलग लोगों को निशाना बनाते हुए कुल 13.58 लाख रुपये की ठगी कर डाली। चौंकाने वाली बात यह है कि कुछ मामलों में पीड़ितों ने न तो कोई ओटीपी साझा किया और न ही किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक किया, फिर भी उनके खातों से लाखों रुपये निकाल लिए गए। सभी पीड़ितों ने मामले की शिकायत साइबर थाना, रांची में दर्ज कराई है। शिव पीटर बाखला के अनुसार, उनके मोबाइल पर एक अनजान कॉल आया जिसमें ओटीपी पूछने की कोशिश की गई। उन्होंने सतर्कता दिखाते हुए न तो ओटीपी बताया और न ही बात आगे बढ़ाई, बल्कि फोन काट कर मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया। इसके बावजूद जब वे बैंक पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनके खाते से 7.39 लाख रुपये की अवैध निकासी हो चुकी है। यह मामला साइबर सुरक्षा की गंभीर चूक को उजागर करता है। चुटिया निवासी संजय कुमार को ठगों ने पार्सल डिलीवरी के नाम पर शिकार बनाया। संजय ने अपने बेटे द्वारा भेजे गए पार्सल की जानकारी गूगल पर खोजी और वहां से एक कथित कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क किया। इसके बाद उन्हें एक कॉल आया, जिसमें खुद को गाजियाबाद पोस्ट ऑफिस का कर्मचारी बताकर 2 रुपये भेजने को कहा गया। जैसे ही संजय ने लिंक पर क्लिक कर भुगतान की प्रक्रिया शुरू की, उनके खाते से 1.72 लाख रुपये गायब हो गए। डोरंडा के कुसई कॉलोनी निवासी श्रेयाज टोप्पो को टेलीग्राम के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग का लालच दिया गया। ठगों ने भारी मुनाफे का वादा कर उन्हें अपने जाल में फंसा लिया। श्रेयाज ने बताए गए खाते में क्रमशः 2.9 लाख रुपये निवेश कर दिए। न तो उन्हें कोई लाभ मिला और न ही रकम वापस। इसके बाद उन्होंने साइबर थाना में मामला दर्ज कराया। हेहल निवासी गौरव कुमार का कहना है कि उन्होंने न तो कोई ओटीपी साझा किया, न ही किसी लिंक पर क्लिक किया, फिर भी उनके क्रेडिट कार्ड से 1.57 लाख रुपये की अवैध निकासी हो गई। यह घटना साइबर अपराधियों की तकनीकी क्षमता और सिस्टम में मौजूद खामियों को उजागर करती है।

## राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने दी प्रकृति पर्व करमा की शुभकामनाएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रकृति पर्व करमा पूजा की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने प्रकृति पर्व करमा की राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, यह लोकपर्व भाई-बहन के स्नेह के साथ ही प्रकृति के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन का संदेश देता है। यह पर्व सभी के जीवन में स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि लाए, यही मेरी मंगलकामना है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रकृति पूजा करमा पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं, बधाई और जोहार कहा है। अपने सोशल मीडिया एक्स पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि करम पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति, सभ्यता और जीवनशैली का प्रतीक है। यह पर्व भाई-बहन के अटूट बंधन, सामाजिक समरसता तथा प्रकृति के प्रति हमारी गहरी आस्था और कृतज्ञता को दशार्ता है। हमारे पूर्वजों की ओर से हमें दिया गया यह अद्वितीय उपहार है ।इस दिन पूजा कर हम सुख-समृद्धि, अच्छी फसल और स्वस्थ समाज की मंगलकामना करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जल, जंगल, माटी और जीव-जंतुओं से हमारा जीवन गहराई से जुड़ा हुआ है। करम पर्व हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन और समाज के सतत विकास का संदेश देता है। आइए, इस पावन अवसर पर हम सब मिलकर अपने रीति-रिवाजों, परंपराओं को सहेजने, समाज को सशक्त बनाने और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लें।

## सूर्या हांसदा केस में डीसी, एसपी से आयोग ने मांगा चार सप्ताह में रिपोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : सूर्या हांसदा केस में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सख्त हो गया है। आजसू की तरफ से संजय मेहता ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आयोग में केस दर्ज कराया था। आजसू के केंद्रीय महासचिव संजय मेहता के आवेदन पर आयोग ने संज्ञान लिया था। आयोग ने अब इस मामले में गोड्डा के डीसी और एसपी से चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगा है। आयोग की गंभीरता से परिजनों में न्याय की आस जगी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प्रियांक कानूनगो, सदस्य की अध्यक्षता में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम-1993 की धारा 12 के तहत इस मामले का संज्ञान लिया है। आयोग ने शिकायत में लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्टया मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन माना है। इस संदर्भ में आयोग ने निर्देश जारी किया है। आजसू की तरफ से संजय मेहता ने 20 अगस्त को आयोग में मामला दर्ज करवाया। 27 अगस्त को संजय मेहता के आवेदन पर आयोग में मामला दर्ज हुआ। 29 अगस्त को आयोग ने जांच दल का गठन किया। आयोग ने एनएचआरसी के महानिदेशक (जांच) को निर्देश दिया कि वे एक विशेष जांच दल गठित करें और इस मामले की विस्तृत जांच कर 30 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग के सहायक रजिस्ट्रार बृजबीर सिंह ने इस बावत महानिदेशक (जांच) को पत्र लिखा। आयोग की ओर से दो सितंबर को गोड्डा के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को नोटिस जारी कर शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच करने और चार सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट (एक्शन टेकेन रिपोर्ट) एटीआर प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। आयोग ने गोड्डा पुलिस से स्पष्टीकरण मांगा है। गोड्डा के एसपी को यह स्पष्ट करने का निर्देश दिया गया है कि आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मुठभेड़ की जानकारी निर्धारित समय के भीतर आयोग को क्यों नहीं दी गई।

## झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने रिनपास शताब्दी समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बुधवार को कांके स्थित रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकेट्री एंड एलाइड साइंसेज (रिनपास) के शताब्दी समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस दौरान कई अहम निर्देश भी दिए। डॉ. अंसारी ने आगामी चार सितंबर, गुरुवार को आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह की तैयारियां समय पर और पूरी सर्तकता के साथ सुनिश्चित की जाएं। मंत्री ने कहा कि रिनपास का यह शताब्दी समारोह राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र के गौरवशाली 100 सालों का गवाह बनेगा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को मीडिया, आमंत्रित अतिथियों, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था से जुड़े बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही अनुशासन और गरिमा बनाए रखने, समारोह को सफल बनाने तथा सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी पूरी तत्परता से निभाने का निर्देश भी दिया। डॉ. अंसारी ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस शताब्दी समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक ऐतिहासिक अवसर ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के नए अध्याय की शुरूआत भी होगा। यह पूरे झारखंड के लिए गर्व और मानसिक रोगियों के लिए नई उम्मीद लेकर आएगा।

## विस्थापन आयोग का गठन स्वागत योग्य कदम : माकपा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : माकपा ने राज्य के विस्थापितों के अधिकारों की रक्षा के लिए विस्थापन आयोग के गठन को स्वागत योग्य कदम बताया है। पार्टी के राज्य सचिवमंडल की ओर से बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि कैबिनेट ने झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग गठन कार्य और दायित्व नियमावली की स्वीकृति देकर सकारात्मक पहल की है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि हालांकि वर्ष 2024 के जुलाई महिने में ही विस्थापन आयोग का गठन के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। लेकिन एक साल के बाद उसकी नियमावली तैयार की गई है। माकपा झारखंड के गठन के पहले से ही राज्य की महत्वपूर्ण ज्वलंत समस्या विस्थापन जिसमें लाखों लोग खनन कार्य, बड़े डैम, सिंचाई परियोजनाओं, कल - कारखानों, सेंक्चुरी और कॉरिडोर के निर्माण के लिए अपनी जमीन खोकर विस्थापित होने का दंश झेलते हुए गुमनामी के अंधेरे में खो गए इन्हें न्याय दिलाए जाने के लिए लगातार आवाज उठाती रही है। पार्टी ने कहा है कि स्वतंत्र भारत में भी पूंजीवादी विकास के इस माडल ने झारखंड जैसे राज्य में आदिवासियों और दूसरे अन्य गरीब रैयतों और किसानों को अपनी कृषि योग्य भूमि से बेदखल कर उन्हें दर - दर की ठोकरें खाने के लिए विवश किया गया। माकपा ने राज्य सरकार से अपील की है कि सरकार विस्थापन आयोग को कमिटी नहीं कानूनी अधिकारों से संपन्न आयोग का दर्जा दे। साथ ही नियमावली में विस्थापितों की चिन्हित समस्याओं का समयबद्ध निपटारा किए जाने की प्रणाली को शामिल करे, ताकि विस्थापितों को त्वरित न्याय मिल सके।

## माताओं-बहनों पर बीजेपी ने जो शर्मनाक बातें कही हैं इसके लिए उनको माफी मांगनी चाहिये : सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रीयों भट्टाचार्य ने बुधवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य कैबिनेट के हालिया फैसलों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विस्थापन और पुनर्वास आयोग बनाने का प्रस्ताव ऐतिहासिक है। खनन के कारण हजारों लोग विस्थापित हुए हैं, जिनके पुनर्वास को लेकर झामुमो 2000 से आंदोलनरत है और इसमें कई लोग शहीद भी हुए। राज्य सरकार ने जो कदम उठाया है उसके लिए जनता की ओर से सरकार को धन्यवाद, उन्होंने कहा। भट्टाचार्य ने राज्य में संगीत कला अकादमी के गठन के प्रस्ताव को भी सराहनीय बताया। उन्होंने कहा, झारखंड की समृद्ध परंपराओं–नृत्य, संगीत और कलाकारी–को बढ़ावा देने के लिए यह पहल बेहद महत्वपूर्ण है। साथ ही कहा कि बीजेपी के शीर्ष नेताओं ने भारतीय माता बहनों को लेकर समय-समय पर जो अपशब्द कहे हैं, उसके उनको सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिये।

शिबू सोरेन (गुरुजी) के पुराने आवास को उनकी पत्नी गुरुमां को आवंटित करने के फैसले पर उन्होंने सरकार को बधाई दी और वहां एक संग्रहालय स्थापित करने की मांग रखी। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि झामुमो महागठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी और गठबंधन की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री को गाली देने के आरोप पर भट्टाचार्य ने राहुल गांधी का बचाव किया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने गाली नहीं दी, लेकिन उनके खिलाफ एफआईआर की जा रही है।

यह निंदनीय है। 2014 से प्रधानमंत्री और उनके सहयोगी सोनिया गांधी के लिए अपशब्द कहते रहे हैं, क्या कभी उसके लिए माफी मांगी गई? उन्होंने कहा कि जब नींव ही गलत डाली जाएगी तो उसका असर समाज में जहर की तरह उभरेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**रांची** : राज्यपाल संतोष गंगवार से बुधवार को राजभवन में फोरम ऑफ सिविल पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। पेंशन अधिनियम में संशोधन तथा आठवें वेतन आयोग के गठन में हो रहे विलंब की समस्याओं को विस्तार से रखा। एसोसिएशन के अध्यक्ष एमजेड खान के नेतृत्व में राज्यपाल से हुई मुलाकात में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। एमजेड ने बताया कि राज्यपाल को विषय वस्तु को अवगत कराया। साथ ही राज्यपाल से अनुरोध किया कि इसे डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल और ट्रेनिंग (डीओ-पीटी) को अग्रसारित करें। खान ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया है कि एसोसिएशन की मांगों पर समुचित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इस संशोधन से 32 लाख से अधिक सिविल केंद्रीय पेंशनर्स, रिटायरमेंट की तिथि के आधार पर आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित हो सकते हैं। जो कहीं से भी न्याय नहीं है। पेंशनर्स समाज इस संशोधन को लेकर संशय एवं देशभर में आक्रोशित है। सरकार इस संशोधन को वापस लें। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से पोस्टल से एमजेड खान, राज्य सचिव साधन कुमार सिन्हा, राज्य अध्यक्ष तथा रेलवे से जगजीत सिंह बहल, चंचल कुमार सिंह, जोनल सेक्रेटरी और बीएसएनएल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन से नरेश लाल शामिल थे।

### करम उत्सव पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन




**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची के कांके नवा टोली पिठौरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में बुधवार को करम उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर संस्था कि संचालिका बीके राजमती बहन ने कहा कि करम उत्सव हमारी संस्कृति और सभ्यता का पहचान है। यह हमारे एकता को प्रकट करने वाला त्यौहार है। इस दिन सभी बहनें अपने भाइयों के लिए करमा का त्यौहार करती हैं। यह त्यौहार आपसी प्रेम, सद्भाव सहित अपनी प्रकृति और संस्कृति की रक्षा करने का संकल्प भी दिलाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय कि संचालिका बीके राजमती, पोद्दार ग्रुप के चेयरमैन सह उद्योगपति राज कुमार पोद्दार, समाजसेविका अन्नू पोद्दार, डीएवी गांधीनगर स्कूल, जूनियर विंग की इंचार्ज डॉ. जया जायसवाल , सीसीएल के प्रविस कुमार, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। संस्था के बच्चों ने करम उत्सव के दौरान अपनी प्रस्तुतियों में लोक नृत्य और लोक गीत पेश किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने लोक गीत और नृत्यों का शानदार प्रदर्शन किया।

### मंटू वर्मा बने सुरक्षा दस्ता रांची महानगर के अध्यक्ष



**रांची** : सुरक्षा दस्ता रांची महानगर की एक बैठक रातू रोड में मुख्य संरक्षक रवींद्र वर्मा की अध्यक्षता एवं संचालन मुख्य संरक्षक बजरंग वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ जिसमें पुराने कमेटी को भंग कर नई कमेटी के गठन किया गया जिसमें सर्वसमिति से मंटू वर्मा को अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में रवींद्र वर्मा, बजरंग वर्मा, मुख्य संरक्षक रुपेश चौरसिया, संयोजक मंत्री मिंटू सिंह, वरीय उपाध्यक्ष रोशन चौधरी, सुभाष राय, सुजीत वर्मा, सुरेश ठाकुर, राजेश सरदाना, उपाध्यक्ष सोनू पांडा, रवि वर्मा पिंकी टोप्पो, कुमारी शीला साहू, सह मंत्री कुमारी पूनम वर्मा, रविंद्र गौर, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा,कोषाध्यक्ष पूनम वर्मा, शुभम चौधरी,सह मीडिया प्रभारी आर्या चंद्रवंशी सहित 51 कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनीत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मंटू वर्मा ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से सुरक्षा दस्ता रांची महानगर दुर्गा पूजा मे सहायता शिविर लगाते आ रही है इस बार भी शिविर लगाएगी।

### शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2025 : सेमीफाइनल में पहुंची बांदा मुंडा उड़ीसा



**रांची** : शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में तीन सितंबर को शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2025 के चौथे दिन का पहला मैच दीप ब्रदर्स साल्ट लेक कोलकाता और दीपक ब्रदर्स रेड राउरकेला के बीच खेला गया। खेल के पहले हाफ तक में कोलकता की ओर से 10वें मिनट में रोहित तिग्गा ने एक बेहतरीन गोल से कोलकाता की टीम 1-0 गोल से आगे रही। मध्यांतर के बाद राउरकेला के विजय की हैट्रिक गोल के दम पर राउरकेला 3-1 गोल से जीत दर्ज करते हुए अगले चक्र में प्रवेश किया। इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ हटिया विधानसभा के क्षेत्र जेएमएम नेता कुर्बान खां, कांग्रेस अल्पसंख्यक ग्रामीण रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर सहित कई गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर कुर्बान खां ने कहा कि खेल को अनुशासन सिखाने वाला बताते हुए एतवा उरांव के जीवन से सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि एतवा उरांव जिस तरह समाज और क्षेत्र के लिए कार्य किए, उसी राह पर चलकर हमें भी विकास और लोगों की भलाई के लिए काम करना चाहिए। वहीं शमीम अख्तर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यहां के खिलाड़ियों खासकर ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं के लिए यह फुटबॉल टूर्नामेंट एक प्रेरणा है।

## एक नजर

### उल्टी और दस्त की शिकायत, बाप-बेटे की मौत, पांच सदस्य सदर में भर्ती



बोकारो : बोकारो से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां फूड प्वाइजनिंग ने एक ही परिवार को तबाह कर दिया। घटना बालीडीह ओपी थाना क्षेत्र के मानगो कमागीड़ा की है। जहां बीती रात दाल-भात, साग, आलू और करेले की भुजिया खाने के बाद परिवार के छह लोग अचानक बीमार पड़ गए। हालत बिगड़ने पर सभी को बोकारो सदर अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान लोबिन मांझी और उनके बेटे नरेश मुर्मू की मौत हो गई, जबकि दुलारी देवी, वकील मुर्मू, सोमली मुर्मू, सुहागी कुमारी और एक डेढ़ साल का अरुण मुर्मू अस्पताल में भारती हैं। अस्पताल के चिकित्सक अरविंद कुमार ने पुष्टि करते हुए कहा कि मरीजों के लक्षण स्पष्ट रूप से फूड प्वाइजनिंग की ओर इशारा करते हैं। हालांकि, असली वजह की जांच की जा रही है। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और लोग खाने-पीने की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। मानगो के मुखिया रामलाल मांझी ने बताया कि सबसे पहले नरेश मुर्मू को उल्टी और दस्त की शिकायत हुई थी जिसके बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं अन्य सदस्यों को रेफरल अस्पताल जैनामोड़ में भर्ती कराया गया। सोमवार को नरेश मुर्मू की मौत हो गई वहीं उनके पिता लोबिन मांझी की मौत आज मंगलवार को सदर अस्पताल में हुई अन्य सदस्य भी सदस्य अस्पताल में ही भर्ती हैं।

# आदिवासी समाज को सिखाना नहीं, उनसे सीखना है : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को बी.एस.सिटी के कैंप टू स्थित जायका हैपनिंग्स सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध लेखक, चिंतक एवं प्रभात खबर के पूर्व कार्यकारी संपादक श्री अनुज कुमार सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि सहायक प्रोफेसर एवं निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय लुप्तप्राय भाषा एवं संस्कृति प्रलेखन केन्द्र, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के डॉ. अभय सागर मिंज, उपायुक्त श्री अजय नाथ झा शामिल हुए। मौके पर उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, डीसीएलआर चास श्री प्रभाष दत्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो श्री मुकेश मछुआ आदि उपस्थित थे। संगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं, सामाजिक कार्यकताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन के योगदान, विचारधारा और उनके विकास मॉडल पर विस्तार से चर्चा की।

**जाति धर्म से ऊपर समावेशी नेतृत्वकर्ता थे गुरुजी**

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि श्री अनुज कुमार सिन्हा ने दिशोम गुरू के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह जाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी वर्गों को साथ लेकर चलते थे। वे मानते थे कि विकास तभी संभव है जब हर तबके की सहभागिता सुनिश्चित हो। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा है। उनके टीम में सभी धर्म समाज के लोग होते थे। वह किसी एक धर्म समाज के नहीं थे।

**संकल्प लिया,महाजनी प्रथा को किया समाप्त**

मुख्य अतिथि श्री अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि रामगढ़ जिले के एक छोटे से गांव से निकलकर राष्ट्रीय पहचान बनाने वाले दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने अपने पिता की हत्या के पीछे छिपे कारण को समझा और शोषणकारी महाजनी प्रथा को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया। अपने अदम्य साहस और संघर्ष से उन्होंने आदिवासी समाज को इस कुप्रथा से मुक्ति दिलाई। अपने संघर्ष की शुरूआत नेमरा गांव गोला पेटरवार तबके माराफारी अब बोकारो धनबाद होते हुए टुंडी के पोखरिया और आगे पूरे राज्य में फैला। उन्होंने हमेशा अपने मिट्टी संस्कृति से प्यार करने की बात कहीं। दिशोम गुरू ने अपने अधिकार - विकास के लिए धानकटनी आंदोलन शुरू किया, महाजनी व्यवस्था से अपनी जमीन वापस लिया। उस पर फसल का उत्पादन कर उसे चार अलग झ्र अलग हिस्सों में विभाजित किया। जिसमें जमीन मालिक, उस पर खेती करने वाले श्रमिक, भविष्य के लिए अनाज सुरक्षित रखना आदि शामिल रहा। अर्थ व्यवस्था को सुद्दढ़ करने के लिए फसल उत्पादन के अलावा पशु पालन, पशु बैंक की स्थापना, नशा मुक्ति के खिलाफ अभियान और सबों के बीच शिक्षा का अलख जगाने के लिए रात्रि पाठशाला आदि का आयोजन किया। उन्होंने आदिवासी को सम्मान से जीने का हक व अधिकार दिलाया। शिबू सोरेन समाज सुधारक थे। मुख्य अतिथि श्री अनुज कुमार सिन्हा ने संगोष्ठी में उपस्थित स्कूली बच्चों को दिशोम गुरू से सिख लेते हुए संकल्प लेने और देश के प्रतिष्ठित सेवाओं में जाने की बात कहीं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को भी कहा कि आप एक कदम चलिए -झारखंड अगे बढ़कर आपको अपना लेगा।

## गोड्डा दिल्ली - एक्सप्रेस का ठहराव नावाडीह स्टेशन पर कराने की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो/ गोड्डा :** दिल्ली एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 13050 का ठहराव नावाडीह स्टेशन पर करने की मांग को लेकर नावाडीह पंचायत की मुखिया बैजन्ती देवी व समाजसेवी बसन्त साव ने कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के दिल्ली आवास पर जाकर ज्ञापन सौंपा है।मुखिया व समाजसेवी बसन्त साव ने बताया है कि इस क्षेत्र के यात्रियों को दिल्ली जाने के लिए बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि उक्त एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नावाडीह में हो जाए तो आसपास के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। ज्ञापन सौंपते हुए मुखिया बैजन्ती देवी व समाजसेवी बसन्त साव ने कहा है कि नावाडीह व आस पास के इलाके की बड़ी आबादी दिल्ली, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में रोजगार व शिक्षा के लिए आवागमन करती है। ठहराव होने से न केवल यात्रियों को सुविधा होगी बल्कि स्टेशन का भी महत्व बढ़ेगा ।वहीं सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी ने आश्वासन दिया है कि वे इस मांग को रेलवे मंत्रालय के समक्ष रखकर ठहराव की स्वीकृति दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

## मुख्य सड़क पर डेढ़ माह से अंधेरा, स्ट्रीट लाइट बंद होने से लोगों में नाराजगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** शहर की व्यस्ततम सड़कों में से एक सेक्टर-9 बसंती मोड़ से सेक्टर-4 हॉस्पिटल मोड़ तक का मार्ग पिछले डेढ़ से दो महीने से अंधेरे में डूबा हुआ है। सौंदर्यीकरण के नाम पर यहां पुराने सीमेंट के बिजली खंभे हटाकर नई लाइटें लगाई गई थीं, मगर बीएसएएल प्रबंधन की लापरवाही के कारण ये स्ट्रीट लाइटें कई हफ्तों से बंद पड़ी हैं। इस मुख्य सड़क पर रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। बीच में बोकारो का सबसे बड़ा नाइन खटाल भी स्थित है। शाम के वक्त जब पशु वापस लौटते हैं, तो अंधेरे में सड़क पर अव्यवस्था और दुर्घटना की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। लोगों का कहना है कि लाइट बंद रहने से आए दिन वाहन चालक परेशान रहते हैं। बरसात का मौसम होने से जगह-जगह गड्ढे भी बन गए हैं, जिससे राहगीरों की समस्या और बढ़ गई है। अंधेरे और खराब सड़क पर हर दिन किसी बड़े हादसे की संभावना बनी रहती है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की नींद नहीं खुल रही है। स्थानीय नागरिकों अवध नारायण चौधरी, जहीरूद्दीन मियां व ठाकुरदास महतो ने बीएसएल प्रबंधन से मांग की है कि जल्द से जल्द बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को चालू कराया जाए और सड़क की जर्जर स्थिति पर ध्यान दिया जाए, ताकि आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सके और कोई गंभीर हादसा ना हो।

## संक्षिप्त खबरें

### पुरनाडीह पुल के समीप गिट्टी लदा ट्रक एवं कार मे टक्कर तीन लोग घायल




**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित पुरनाडीह पुल के समीप बुधवार की दोपहर को गिट्टी लदा ट्रक और कार की टक़्कर मे एक तीन वर्षीय बच्चा समेत तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गया है । घायलों की पहचान एस एम अब्दुल्लाह पिता सायर सनवीर आलम( 4) वर्ष,सायर सनवीर आलम उम्र 45 वर्ष,निजार तबुसुल उम्र 40 वर्ष पति सायर सनवीर आलम सभी बिहार के मुंगेर के रहने वाले हैं। बताया जाता है की सायर सनवीर आलम पेशे से वकील हैं वे अपने पत्नी और दो बच्चों के साथ हजारीबाग से बिहार के मुंगेर जा रहे थे। इसी दौरान पुरनाडीह पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक गिट्टी लदा ट्रक जे एच 02 ए जेड 8107 ने जेएच 02 एएन 4269 कार को टक़्कर मार दिया। जिसमे सवार एक उनका तीन वर्षीय पुत्र घायल हो गया और उन्हें और उनकी पत्नी को मामूली चोट आई है। इधर डोमचांच के जिप सदस्य शांति प्रिया डोमचांच से नवलशाही की ओर जा रही थी इसी दौरान पुरनाडीह पुल के समीप कार दुर्घटना देखकर घायलों को अपने वाहन मे बैठाकर पुरनाडीह निजी क्लिनिक मे इलाज कराने हेतु पहुंचाया। जहाँ घायलों का इलाज चल रहा है।

### झरनाकुंड धाम का होगा विकास, 3.55 करोड़ की लागत से सड़क और परिसर का निर्माण



**कोडरमा :** जिले के झुमरीतिलैया से सटे झरनाकुंड धाम की सूरत बदलने वाली है। झुमरीतिलैया स्थित तिलैया बस्ती से झरनाकुंड धाम तक लगभग 4 .7 किमी सड़क का निर्माण कराया जाएगा तो वहीं धाम परिसर का भी विकास होगा। स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव की पहल से सरकार से निर्माण कार्य की स्वीकृति और निविदा निस्तारण के बाद अब शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा। झारखंड की पूर्व शिक्षा मंत्री और कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने मंगलवार को बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा उक्त कार्य के लिए निकाली गयी निविदा का निस्तारण कर लिया गया है। कुल 3 करोड़ 55 लाख की लागत से अलकतरा एवं पीसीसी सड़क निर्माण तथा झरनाकुंड धाम परिसर में भी पीसीसी किया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी और परिसर के विकास को भी गति मिलेगी। ज्ञात हो कि हर वर्ष झरनाकुंड से जल लेकर हजारों की संख्या में श्रद्धालु ध्वजाधारी धाम पहुंचकर भगवान भोले को जलाभिषेक करते हैं। इधर विधायक ने यह भी बताया कि जेजे कॉलेज से मेघातरी तक सड़क मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है। गत दिनों हुए कई सड़क हादसे और इस संबंध में अधिकारियों को पत्र लिखने, एनएचएआई के अधिकारियों से बात करने के बाद गड्ढों को भरने और मरम्मती का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

### बीएसएल कर्मचारी ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अर्जित किया कांस्य पदक



**बोकारो :** इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में कार्यरत इंजीनियरिंग एसोसिएट श्री मन्नान अली ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने रांची में आयोजित झारखंड स्टेट स्ट्रेंथलिफ्टिंग एवं इंक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2025 की 85 किलोग्राम भार वर्ग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 31 अगस्त 2025 को झारखंड स्ट्रेंथलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें राज्यभर से अनेक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच श्री अली ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए यह सफलता अर्जित की। बीएसएल शीर्ष प्रबंधन ने उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाए दीं।

### डीएवी सेक्टर-4 की विश्वजीता मोहंती ने जीता प्रथम स्थान



**बोकारो :** कला और साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा 23 अगस्त 2025 को एमजीएम विद्यालय, बोकारो में श्रीकृष्ण रूपसज्जा ,नृत्य और नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें बोकारो के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों से अनेक प्रतिभागी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के माननीय सांसद श्री ढुल्लू महतो ने शिरकत की थी इसके अतिरिक्त विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों की भी गरिमामय उपस्थिति रही। श्री कृष्ण रूपसज्जा में भी विभिन्न विद्यालयों के107 बच्चों ने सहभागिता की जिसमें डीएवी सेक्टर-4 की विश्वजीता मोहंती अपनी उत्कृष्ट वेशभूषा एवं नयनाभिरामी श्रृंगार के कारण सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल हुई। श्री कृष्ण के बाल स्वरूप को बिल्कुल सजीव रूप प्रदान करती हुई विद्यालय की छात्रा मानो साक्षात गोपाला का दर्शन करा रही हो । डीएवी सेक्टर-4 के प्राचार्य महोदय श्री एसके मिश्रा का उपरोक्त प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु विशेष दिशा निर्देशन और मार्गदर्शन रहा फलस्वरूप परिणाम भी बेहद शानदार और सुखद रहें।

### रॉयल पब्लिक स्कूल के 5 खिलाड़ियों ने जीता 8 मेडल



**बोकारो :** नारी सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे हर प्रयास महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। इन्हीं विचारों को आगे बढ़ाते हुए लड़कियां जूडो कराटे में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। इसी क्रम में रॉयल पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 की छात्राओं ने चौथी इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर कुल 8 पदक जीतने में सफल रही। जिसमें स्कूल के पांच खिलाड़ियो ने भी अपना परचम लहराया। प्रतियोगिता गगन कुमार ने कराटे के काता में ब्रॉन्ज व कुमीते में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पूजा कुमारी ने काता में ब्रॉन्ज और कुमीते में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। कविता कुमारी ने काता में सिल्वर व कुमीते में भी सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंतरा कुमारी ने कुमीते में सिल्वर मेडल प्राप्त किया और अमृता ने कुमीते में सिल्वर मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाइ व शुभकामनाएं दीं।

## कोडरमा से मेघातरी तक एनएच की मरम्मती शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिले के जे.जे. कॉलेज से मेघातरी तक राष्ट्रीय राजमार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर आमजन लगातार शिकायत कर रहे थे। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त कोडरमा ऋतुराज ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के प्रोजेक्ट हेड को तत्काल संज्ञान लेने का निर्देश दिया। हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में भी इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसके बाद तय किया गया कि आमजनों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में एनएचएआई ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया है। वर्तमान में गड्ढों को भरने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है, ताकि नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके।

## सड़क हादसे में जेएसएलपीएस फील्ड को ऑर्डिनेटर की मौत



**बोकारो :** बुधवार की रात बोकारो में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के फील्ड थेमेटिक कोऑर्डिनेटर विकास चटर्जी की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वे सीओ ऑफिस से ड्यूटी खत्म कर सेक्टर-8 स्थित अपने घर लौट रहे थे। मेडिकेंट अस्पताल के पास उनकी बाइक को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल चटर्जी को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसा रात करीब 8 :30 बजे हुआ। घटना के बाद गुरुवार सुबह आक्रोशित ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने उकरीद मोड़ से आईटीआई मोड़ तक राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी और उचित मुआवजा देने की मांग की। स्थिति को नियंत्रित करने पहुंचे सेक्टर-12 थाना प्रभारी सुभाष कुमार सिंह और अंचल अधिकारी रामसेवक साव ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मृतक के परिजनों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। कर्तव्यनिष्ठ और सामाजिक समर्पण के लिए पहचाने जाने वाले विकास चटर्जी की असामयिक मौत से विभाग और स्थानीय समुदाय में शोक की लहर है।

## भाजपा नेताओं ने किया सीएचसी का दौरा व्यवस्था सुधार की रखी मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** भारतीय जनता पार्टी पटमदा का एक प्रतिनिधि मण्डल सीएचसी माचा का दौरा कर प्रभारी से मिलकर जनता की कुछ समस्या पर चर्चा किया। जिसमें प्रमुख रूप से मरीज के सुविधा के लिए सुचारू रुप से 108 एंबुलेंस का संचालन हो सभी पंचायत उप स्वास्थ्य केंद्र पर सुचारू रूप से नियमित डॉक्टर की सुविधाअस्पताल के सभी कर्मचारी नियमित रूप से ड्यूटी करे ताकि मरीज को सुविधा हो। बरसात के समय सभी जगह ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव हो। डायरिया प्रभावित होने की सूचना मिलने पर जल्द से जल्द मेडिकल टीम भेजने का प्रबंध करना सभी कर्मचारी अपने ड्यूटी के दौरान ड्रेस कोड का उपयोग करें कोई अनजान आदमी को परेशानी ना हो। इन्हीं सभी प्रमुख बिंदुओं को लेकर मिले एवं प्रभारी से आश्वासन मिला कि एक महीना के अंदर इन सभी चीजों पर सुधार किया जाएगा। इस प्रतिनिधि मंडल में उपस्थित जिला के उपाध्यक्ष प्रदीप महतो, जिला परिषद प्रदीप बेसरा ,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मुचीराम बाउरी पटमदा प्रभारी संदीप मिश्रा , सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, कृपा सिंधु महतो, वीरेन दत्ता ,आदित्य महुली आदि उपस्थित थे।

## मरकच्चो में बाबुलाल मरांडी का किया गया भव्य स्वागत




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी बुधवार को बरकट्ठा में आयोजित फुटबॉल मैच में भाग लेने जाने के क्रम मे बंधन चौक स्तिथ पूर्व प्रमुख सावित्री देवी के आवास पर थोड़ी देर के लिए रुके। मौके पर पूर्व प्रमुख सावित्री देवी ने शाल देकर स्वागत की। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओ ने भी बाबूलाल मरांडी को फूल माल देकर स्वागत किया ।इस दौरान मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओ ने कोडरमा गिरिडीह जिला को जोड़ने वाली पंचखेरो जलास्य पर पुल निर्माण व कर्मा धाम का सडक निर्माण सहित कई समस्या को रखा। समस्या सुनने के बाद उन्होंने अश्वासन दिया कि समस्या का समाधान जल्द किया जायगा। मौके पर पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, गिरिडीह भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, मुखिया बेदु साव, सांसद प्रतिनिधि संभु सिंह,नवीन सिंह, डॉ अंसार आलम , जावेद मस्तान,नितिन चंद्र गुप्ता,प्रवीण चंद्र गुप्ता, उत्तम कुमार सिन्हा, रवि सिंह, सब्बन अली,दामोदर विश्वकर्मा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तिलैया में 5 लाख की चोरी का खुलासा, तीन अपराधी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**तिलैया :** थाना क्षेत्र के गुमो गांव में ओवल प्रोजेक्ट कंपनी के किराए पर लिए गए स्टोर/गोदाम का ताला तोड़कर करीब 5 लाख रुपये मूल्य के पाइप, पंप और अन्य सामग्री की चोरी कर ली गई थी। इस मामले में कंपनी के कर्मचारी विक्रान्ता कुमार के आवेदन पर तिलैया थाना कांड संख्या-256/25, दिनांक-20.08.2025 दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक कोडरमा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मानवीय और तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ गुप्तचरों की मदद से त्वरित कार्रवाई करते हुए इस चोरी में संलिप्त तीन अपराधियों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही चोरी की गई कुछ सामग्री भी बरामद की गई।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

रितेश साव (32 वर्ष), पिता-जगदीश साव, निवासी- इन्दरवा रोड, थाना- तिलैया। सन्नी कुमार (23 वर्ष), पिता- सीतल साव, निवासी- दोयाडीह, थाना- तिलैया। चन्दन वर्मा (19 वर्ष), पिता-नारायण महतो, निवासी- गुमो बरावाडीह, थाना- तिलैया।

बरामद सामग्री

लोहे की पाइप - 01, लोहे का वाल्व - 01, नट-बोल्ट - 26 पीस एक जूट का बोरा, **छापामारी दल** पु.नि.-सह-थाना प्रभारी विनय कुमार

पु.अ.नि. सच्चिदानंद सिंह, सशस्त्र बल, तिलैया थाना, तिलैया पुलिस मामले में अग्रतर कार्रवाई कर रही है। प्रभारी विनय कुमार, तिलैया थाना ।पु0अ0नि0 सच्चिदान्द सिंह, तिलैया थाना । सशस्त्र बल, तिलैया थाना ।

## एक नजर

### सरिया में शांति समिति की हुई बैठक



**सरिया :** सरिया थाना परिसर में बुधवार को थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मा पर्व और ईद मिलादुन्नबी को शांतिपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में त्योहारों से संबंधित समस्याओं को उठाया, जिनके समाधान का आश्वासन अधिकारियों ने दिया। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को नसीहत दी कि दोनों समुदाय मिलकर सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाएं और किसी भी समुदाय की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिए कि झंडा-बैनर सार्वजनिक स्थानों पर न लगाए जाएं, जुलूस निर्धारित रूट और समय पर निकाले जाएं। साथ ही, असामाजिक तत्वों द्वारा अशांति फैलाने की कोशिश होने पर तुरंत अधिकारियों को सूचित करने और कानून को अपने हाथ में न लेने की सलाह दी गई।
बैठक में रफीक अंसारी, सदाकत अंसारी, बाबू जान अंसारी, सलीम अंसारी, मनोज महतो, आशीष तर्वे, केदार मोदी, मनोहर यादव, मोहम्मद उस्मान, बैजनाथ सिंह, धनेश्वर पासवान, सुदामा राम, लाल मोहम्मद, मकबूल अंसारी, हीरालाल मिर्धा, अकबर अंसारी, जाकिर हुसैन, विनोद यादव, सिराजुल हुदा, लक्ष्मण दास, जितेंद्र राणा, राजेंद्र प्रसाद, मोहम्मद मिनाजुद्दीन सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### सरिया की सरिता जैन मधुबन में सात दिनों से निर्जल पौषध उपवास में लीन



**सरिया :** जैन धर्म का पवित्र पर्युषण महापर्व चल रहा है, जिसके अंतर्गत सरिया निवासी सरिता जैन पारसनाथ के मधुबन में सात दिनों से निर्जल पौषध उपवास कर रही हैं। उनके पति विकास जैन ने बताया कि सरिता जैन 28 अगस्त से अरिका शुभमति माताजी के सान्निध्य में मधुबन शिविर में उपवासरत हैं। यह व्रत 6 सितंबर तक चलेगा, और 7 सितंबर को शिखरजी में उनका पारणा होगा। विकास जैन ने बताया कि सातवें दिन माताजी के निर्देश पर सरिता ने कंठ गीला करने के लिए हल्का गर्म जल ग्रहण किया। इस उपवास के दौरान साध्वी वेष में रहकर संसार, परिवार और व्यापार से कोई संबंध नहीं रखा जाता। बिजली, पंखा आदि का उपयोग भी वर्जित है। सरिता धर्म, ज्ञान, प्रवचन-श्रवण, आत्म-चिंतन और आत्म-संशोधन में लीन हैं। इस अवसर पर उनके परम मित्र राजीव जैन भी उपस्थित थे।

# कोटालपोखर में कर्मा-धर्मा का पर्व बहनों ने धूमधाम से मनाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला अंतर्गत कोटालपोखर क्षेत्र में संस्कृति और परंपरा का लोक पर्व कर्मा-धर्मा का पर्व मनाया गया। छोटी से लेकर बड़ी बहने अपने भाई की सुख समृद्धि की कामना और दीघार्यु को लेकर उपवास रखते हुए पूजा अर्चना की। यह त्योहार हर वर्ष भाद्र मास शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। भाई की लंबी उम्र की कामना के लिए बहने अपने घर के बाहर तालाब बनती है। उसे अच्छी तरह फल-फूल से प्राकृतिक सौंदर्य देने के लिए सजाती है। इसके उपरांत संध्या में नए-नए परिधानों में सज धज कर महादेव व माता पार्वती और प्रथम पूजनीय सिद्धिविनायक की पूजा अर्चना करती है। इसके बाद तालाब के चारों ओर घूम-घूम कर कर्मा धर्मा का गीत गाती है। पारंपरिक लोक पर्व कर्मा-धर्मा को लेकर झारखंड ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह चरण पर है। इस त्योहार को पूरे उत्साह के साथ और पारंपरिक तरीके से मनाने को लेकर तैयारी जोर-शोर से की जाती है। संध्या में व्रती यह त्योहार विधि-विधान के साथ काफी उत्साह से मनाती है। देर रात तक नृत्य संगीत का भी आयोजन होता है। पर्व का उपवास रात में बनाए गए चावल, साग, सब्जी, व दही खाकर किया जाता है।

## सिल्ली मुरी में धूमधाम से करम पर्व मनाया गया



**मुरी :** सिल्ली प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार के दिन धूमधाम से करम पर्व मनाया गया। इस दौरान महिलाएं जहां पारंपरिक लाल-पाड़ साड़ी में नजर आई, तो वहीं पुरुष भी धोती,गमछा और कुर्ता पहने नजर आए साथ ही मांदर की थाप ने चार चांद लगा दिए एवं पारंपरिक गीतों पर लोगों ने जमकर थिरका। झारखंड की प्रमुख त्योहार करम की धूम विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिल रही है। महिलाओं और कन्याओं द्वारा पारंपरिक विधि विधान के साथ करम डाल को आखरा में स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। इस खास अवसर पर पुरुष और महिलाएं पारंपरिक करम गीत और करम जावा के साथ झूमती नजर आयी। महिलाओं ने बताया कि यह आयोजन आदिवासी संस्कृति की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित करने का एक अद्भुत अवसर है।इस कार्यक्रम ने न केवल समाज के सदस्यों को एक साथ लाने का काम किया बल्कि यह भी दिखाया कि आदिवासी संस्कृति कितनी समृद्ध और विविध है। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में परंपरा और आधुनिकता का अनूठा संगम देखने को मिला।

## ईद मिलादुन्नबी पर्व मनाने को लेकर थानों में हुई शांति समिति की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना व मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में आने वाले 5 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी पर्व मनाने को लेकर बुधवार को दोनों थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सदर बीडीओ सह सीओ बास्कीनाथ टूडू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, ईद मिलादुन्नबी के कमिटी व अन्य शामिल हुए। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी पर्व पैगम्बर हजरत मुहम्मद की जन्मदिवस पर मनाया जाता है। यह पर्व शांति का संदेश देता है। कहा कि जुलूस के दौरान डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने लोगो से आपस में भाईचारे के साथ मिलजुलकर इस पर्व को प्रेम व उत्साह से मनाने की अपील की। कहा कि जुलूस के दौरान विभिन्न चौक-चौराहों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत स्थानीय थाना को सूचित करें। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से ईद मिलादुन्नबी पर्व मनाने की अपील की। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला अंजुमन नगर से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शहर के एलसी रोड, चौक बाजार, स्टेशन चौक, कुलीपाड़ा, ग्रीन होटल चौक होते हुए, कॉलेज रोड, पूर्वी फाटक होते हुए टाउन हॉल, झरना कॉलोनी होते हुए अंजुम नगर में जुलूस की समापन होगी। जुलूस में पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की भी तैनाती रहेगी। मौके पर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, मुफ्फसिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।


## आरपीएफ ने यात्री सुरक्षा व रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने और महत्वपूर्ण रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, पूर्वी रेलवे के मालदा डिवीजन का रेलवे सुरक्षा बल विभिन्न स्टेशनों, गांवों और रेलवे खंडों में जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है। 30 अगस्त से 3 सितंबर 2025 के बीच, मालदा डिवीजन के अंतर्गत आरपीएफ पोस्ट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने साहिबगंज, बरहरवा, तीनपहाड़, व अन्य स्टेशन क्षेत्रों के साथ-साथ कई लेवल क्रॉसिंग गेटों और आसपास के रेलवे खंडों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इन कार्यक्रमों के दौरान यात्रियों, स्थानीय निवासियों और ग्रामीणों को निम्नलिखित विषयों पर जागरूक किया गया:, ड्रसीआरओ, एचआरओ, एसीपी और पत्थरबाजी के खतरे। ड्रअनाधिकृत लाइन क्रॉसिंग, पटरियों पर वस्तुएं रखने, पटरियों के पास मवेशियों को चराने और सिग्नल गियर में हस्तक्षेप करने के जोखिम। ड्र फुटबोर्ड पर यात्रा करने, रेलवे पटरियों पर सेल्फी या रील लेने तथा आरक्षित डिब्बों में अनधिकृत यात्रा करने के खतरे। ड्र रेलवे परिसर को साफ रखने और पटरियों पर कचरा डालने से बचने का महत्व। जनता को यह भी बताया गया कि ऐसी असुरक्षित और गैरकानूनी गतिविधियां न केवल जीवन को खतरे में डालती हैं और सुचारू रेल परिचालन को बाधित करती हैं, बल्कि रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध भी हैं। पूर्वी रेलवे का मालदा डिवीजन यात्री सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है तथा ऐसे खतरनाक कृत्यों को रोकने में जनता से सहयोग का आग्रह करता है, जिनसे जान को खतरा हो सकता है तथा मूल्यवान रेलवे संपत्ति को नुकसान हो सकता है।

## एसबीयू की टीम को मिला दूसरा पुरस्कार




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** सरला बिरला यूनिवर्सिटी की टीम ऐरावत ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के इनोवेट-ए थॉन 3.0 में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। बीआईटी मेसरा में पीपीटी राउंड से शुरू हुई इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में चार हजार से भी अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। पहले राउंड में टीम ऐरावत ने पहला स्थान हासिल कर अगले राउंड के लिए क्वालीफाई किया। छत्तीस घंटे के हैकाथॉन फाइनल में, टीम को प्रोजेक्ट प्रस्तुतीकरण के दौरान चार मेंटरों का मार्गदर्शन मिला। तीसरे राउंड में चुनी गई पांच टीमों में एसबीयू ने दूसरा स्थान हासिल किया। टीम में टीम लीडर आकाश कुमार सिंह, राकेश कुमार और कुनाल शाहदेव (सभी एमसीए तृतीय सेमेस्टर) शामिल थे। टीम ने वेब-3 आधारित हेल्थ क्राइसिस समाधान प्रस्तुत किया, जिससे जूरी प्रभावित हुई और उन्हें 1टीबी एसएसडी पुरस्कार मिला। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. गजेन्द्र पुरोहित और प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए विशेष अतिथि स्टीवर उपस्थित थे। राष्ट्रीय स्तर पर विवि के छात्रों की नेतृत्व और नवाचार क्षमता को प्रदर्शित करती इस उपलब्धि पर एसबीयू के माननीय प्रतिकुलाधिपति श्री बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं हैं।

## आसा संस्था द्वारा वार्षिक आम सभा का आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहेट :** प्रखंड क्षेत्र के बरहेट उतरी पंचायत भवन में बुधवार को आसा संस्था द्वारा वार्षिक आम सभा सम्मेलन कार्यकम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बरहेट संथाली उत्तरी पंचायत के मुखिया सेलिना हांसदा शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट एसोसिएट भीम ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में बरहेट फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का वार्षिक आम सभा, वित्तीय वर्ष का लेखा जोखा, आय व्यय प्रस्तुत किया गया। साथ ही साथ आने वाले वर्ष 2025-26 का योजना के बारे में चर्चा किया गया। मौके पर बैठक में के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर बाबूजी सोरेन, कमलफुल मुर्मू, संगीता मरांडी, द्रोपदी देवी, चंचला देवी, पिंकी देवी, आसा संस्था के प्रोग्राम डायरेक्टर-मोहिउद्दीन अहमद, एफसीओ कोऑर्डिनेटर-आकाश दीप नाथ, एवं बरहेट टीम से टीम लीडर - उत्पल दास चक्रवर्ती, तीर्थो शंकर महतो सहित अन्य किसान मौजूद थे।

## सदर अस्पताल में सुविधाओं की कमी बीमार युवती को परिजन गोद में ढोते रहे



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों को सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर लगातार सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान व उपाधीक्षक डॉ देवेश कुमार निरीक्षण करते नजर आ रहे हैं। जहां निरीक्षण के दौरान दोनों वरीय अधिकारियों के द्वारा ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों व चिकित्सकों को कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए जा रहे हैं मगर इन दिशा निदेर्शों का पालन कोई भी स्वास्थ्य कर्मी नहीं कर रहे हैं। जहां बुधवार दोपहर लगभग पौने तीन बजे रामपुर दियारा निवासी युवती बबीता कुमारी उम्र 19 वर्ष पिता तापसी सिंह को सांस लेने की तफलीफ के बाद परिजन सदर अस्पताल में भर्ती कराए थे। जहां सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने युवती को कई तरह के जांच कराने का निर्देश दिया था। उधर बुधवार को परिजन युवती को गोद में टांगकर इधर उधर इलाज कराते हुए नजर आए जहां परिजन युवती को बेड नंबर 15 से अपने गोद में उठाकर एक्सरे रुम ले गए जहां एक्सरे होने के बाद फिर उसे बेड पर लाकर लिटा दिए। इसके बाद फिर परिजन फिर से युवती को गोद में उठाकर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक को दिखाने के लिए लेकर गए लेकिन फिर भी इन सभी चीजों को देखने वाला कोई भी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद नहीं था। उधर मामले को लेकर जब युवती के परिजनों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में न तो स्ट्रेचर की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और न ही व्हील चेयर की ऐसे में उसने अपने मरीज को गोद में टांगकर इधर उधर इलाज करवाने को मजबूर हैं।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में क्लस्टर हुई बैठक, घरेलू प्रसव शून्य करने का लक्ष्य तय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/तालझारी :** आयुष्मान आरोग्य मंदिर वृंदावन में एक महत्वपूर्ण क्लस्टर बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी एस्टर हेंब्रम ने की। इस बैठक में वर्तमान में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। घरेलू प्रसव शून्य करने का लक्ष्य सभी सहिया और आशा कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि वे घरेलू प्रसव को शून्य करने के लिए काम करें और गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित करें। एचबीएनसी और एचबीवाई सत प्रतिशत करने का लक्ष्य सहिया और आशा कार्यकताओं को यह भी निर्देश दिया गया कि वे एचबीएनसी और एचबीवाई को सत प्रतिशत करने के लिए काम करें। भीतरी घरेलू छिड़काव सभी सहिया और आशा कार्यकताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि वे घरों में अच्छी तरह से छिड़काव करें ताकि मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों को रोका जा सके। मौके पर एएनएम संगीता कुमारी, टेरेसा मुर्मू, एमपीडब्ल्यू वीरेंद्र कुमार ठाकुर एवं सहिया पर्यवेक्षक बीटीटी अवधेश कुमार ठाकुर मौजूद थे।


## संक्षिप्त खबरें

### शहर में धूमधाम से श्री कृष्ण की झांकी यात्रा निकाली गई



**साहिबगंज :** जल झूलनी एकादशी के पावन अवसर पर बुधवार को महाजन पट्टी स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर से भगवान श्री कृष्ण की झांकी यात्रा निकाली गई। झांकी यात्रा में पालकी में मां यशोदा भगवान श्री कृष्ण के लल्ला अवतार को गोदी में लेकर पालकी में थी।झांकी यात्रा मुख्य चौक चौराहा का भ्रमण करते हुए स्थानीय मुक्तेश्वरधाम बिजली सीढ़ी गंगा घाट पहुंचा। जहां विधिवत रूप से गंगा पूजन पुन:भगवान श्री कृष्ण को पालकी में बिठाकर नगर भ्रमण कराते हुए मंदिर पहुंचा। पंडित महेंद्र शर्मा व पंडित जगदीश शर्मा ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म के बाद मां यशोदा भगवान श्री कृष्ण को गोद में लेकर यमुना पूजने जल झूलनी एकादशी के दिन गई थी,इसलिए आज हमलोग पालकी में बिठाकर यमुना पूजने लेकर जा रहे है। यहां यमुना नहीं है तो मां गंगा को ही यमुना मानकर पूज रहे है। जो व्यक्ति पालकी के नीचे से गुजरता है,वह व्यक्ति आयुष्मान ओर निरोग रहता है। मौके पर मोती तम्बाकूवाला, अंकित शर्राफ, सुरेश निर्मल, केशव तिवारी, नवीन तम्बाकूवाला, गणेश डोकानीया, राजेश दीवान, अनिल शर्मा, शिव कुमार शर्मा, टूना, सुनील शर्मा सहित अन्य थे।

### बिजली चोरी पर 745 पर केस,87 लाख वसूली



**साहिबगंज :** बिजली चोरी के मामले में बीते चार माह में 745 लोगों पर थाना में केस दर्ज कराया गया है। यह आंकड़ा अप्रैल से लेकर जुलाई माह तक का है। विद्युत बोर्ड की टीम ने छापेमारी करते हुए ऊर्जा चोरी के मामले में 87.01 लाख रुपए लोगों से जुमार्ना वसूला है। अगस्त महीने में भी करीब 65 लोगों पर ऊर्जा चोरी करने के मामले में थाना में केस दर्ज कराया गया है। दरअसल झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को प्रत्येक माह बिजली चोरी व लाइन लॉस से करोड़ों रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है। इस पर रोक लगाने के तमाम उपाय नाकाम साबित हो रहे हैं। विद्युत वितरण निगम को करीब 20 फीसदी तक बिजली का नुकसान हो रहा है। सबसे अधिक नुकसान लाइन लॉस के कारण होता है। हालांकि वर्तमान समय में लाइन लॉस में काफी कमी आई है। बिजली चोरी पर भी काफी हद तक लगाम लगाने का प्रयास चल रहा है। विद्युत राजस्व की भी अच्छी खासी वसूली हो रही है। बिजली चोरी आदि को लेकर विद्युत बोर्ड की टीम लगातार छापेमारी अभियान चला रहा है। बिजली चोरी पर एंटी थेप्ट टीम करती है निगरानी और एंटी पावर थेप्ट टीम बनाकर लगातार अभियान चलाने से विद्युत ऊर्जा चोरी कम हुई है। जिले में तीन यानी साहिबगंज, बरहरवा व राजमहल विद्युत क्षेत्र हैं। इस टीम में सहायक अभियंता, कनीय अभियंता और कभी कभार विशेष अभियान में कार्यपालक अभियंता भी शामिल रहते हैं। इस टीम के साथ संबंधित क्षेत्र के ऊर्जा मित्र, लाइन मैन सहित अन्य कर्मियों को भी शामिल किया जाता है। किसी-किसी इलाकों में छापामारी के लिए पुलिस बल की भी सहायता ली जाती है। बिजली चोरी पर रोक लगाने व बकाया विद्युत राजस्व वसूली को लेकर समय-समय पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ समापन



**बरहेट :** प्रखंड क्षेत्र के पंचकठिया बाजार मे नव युवक क्लब पंचकठिया में गणेश महोत्सव के अवसर पर सात दिवसीय भागवत कथा का समापन बुधवार को पूणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर भागवत कथा के समापन के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर भाव कुंड का निर्माण किया गया था,जिसमें पंडित जी के देखरेख में विधिवत रूप से वैदिक मत्रोंच्चारण के साथ पूणार्हुति कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें नव युवक क्लब पंचकठिया के अध्यक्ष सुरेश साह, प्यारेकांत साह, जयप्रकाश साह, बिहारी, सुनील, पंचानंद के आलावा वृंदावन से पहुंचे कथा व्यास देवी आरती भारद्वाज के साथ विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई। जिसमें गांव के सैकड़ो भक्त इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी भक्तिपूर्ण माहौल देखा गया इसके साथ ही पूणार्हुति के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुगण उपस्थित हुए।

### जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर नगद सहित मोटरसाइकिल की चोरी



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के निरापाड़ा मोड़ स्थित एक घर से बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। निरापाड़ा मोड़ पर के रहने वाले सुनील कुमार पंडित के पुत्र विष्णु कुमार पंडित ने चोरी की घटना को लेकर बताया कि बीती रात्रि लगभग 11:00 बजे खाना खाकर हम लोग सोने चले गए हैं, बुधवार की सुबह नींद खुली तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला है और घर के भीतर का सारा सामान यत्र तत्र बिखरा हुआ है, घर में रखे बक्से का भी सामान सब बाहर फैला हुआ है। घर में रखे बक्से से 10 हजार नकद, एक चांदी की मूर्ति सहित जमीन से जुड़े हुए आवश्यक कागजात की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा की गई है। वहीं आंगन में रखा हुआ मेरे स्वर्गीय चाचा सज्जन कुमार पंडित का मोटरसाइकिल भी चोरी हो गया है। इस मामले को लेकर पुलिस छान बिन कर रहे हैं,अब देखने वाली बात होगी कब तक पुलिस के शिकंजे में चोर पकड़ में आते हैं।

### वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सरिया :** सरिया थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी भोला साव पिता स्वर्गीय जगदीश साव को सरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को गिरिडीह जेल भेज दिया। इस संबंध में सरिया पुलिस ने बताया कि भोला साव पर कोर्ट कंप्लेन 323/2006 के तहत मामला दर्ज था। उक्त व्यक्ति के विरुद्ध जंगल से संबंधित मामला था.जिसे लेकर सरिया पुलिस उसके आवास से उन्हें गिरफ्तार कर गिरिडीह जेल भेजा।

### पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल कांड सं-37/25, दिनांक - 13/04/2025 धारा- 103(1)/108/3(5) बी.एन.एस. के अंतर्गत कांड के प्राथमिकी अभियुक्त विवेकानंद मंडल उर्फ विवेकानंद सिंह उर्फ पिका सिंह पिता- स्व राम नरेश सिंह, बड़ी कोदरजन्ना निवासी को विधिवत गिरफ्तार कर, सदर अस्पताल में शारीरिक जांच करवाने के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# जंक फूड को ना, पोषण को कहें हां

भारत में प्रतिवर्ष लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से 01 से 07 सितम्बर के बीच राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और पोषण बोर्ड प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ इसका आयोजन करता है, जो पूरे सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करती है। 2025 के राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने की आदतों के महत्व पर जोर देता है।

दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को पोषण प्रदान करता है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को शरीर को पोषण देने वाली खानपान की चीजों के बारे में जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल, स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत द्वारा बेहतर कार्य करने के बावजूद लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता के अभाव के चलते रोगियों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जो उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहुत भारी पड़ रहा है।

पोषण के महत्व को समझते हुए लोगों को खानपान, पोषण की पूर्ति और सेहत को लेकर जागरूक करने के लिए मार्च 1975 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाए जाने की घोषणा सर्वप्रथम अमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशन द्वारा की गई थी, जिसे अब न्यूट्रिशन एंड डाइट साइंस एकेडमी के नाम से जाना जाता है। 1980 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह के बजाय पूरे एक माह तक मनाया जाने लगा लेकिन 1982 में निर्णय लिया गया कि इसे पूरे एक महीने के बजाय सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में ही मनाया जाएगा। तभी से 01 से 07 सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है। पोषण सप्ताह के अवसर पर लोगों को शरीर को पोषण देने वाले फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को आजमाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुपोषण का मनुष्य के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी और आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या भी उत्पन्न होती है।

पोषण स्वास्थ्य और कल्याण का केन्द्र बिंदु है, जो कार्य करने के लिए शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है और तंदुरुस्त एवं बेहतर महसूस करने में भी मददगार होता है। पर्याप्त पोषण का सेवन करने वाले व्यक्ति अधिक कार्य करते हैं जबकि खराब पोषण प्रतिरक्षा में कमी, बीमारी के जोखिम को बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास को क्षीण करने तथा कार्यक्षमता में कमी पैदा करने का कार्य करता हैं। अच्छे पोषण का उत्पादकता, आर्थिक विकास तथा अंततः राष्ट्रीय विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और अच्छा पोषण लोगों को स्वस्थ बनाए रखते हुए स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी करता है। इसीलिए नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ अच्छे पोषण को अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पोषण का संबंध शरीर की आवश्यकतानुसार आहार के सेवन को माना गया है और कुपोषण को अपर्याप्त या असंतुलित आहार द्वारा खराब पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है। अच्छे पोषण से स्वस्थ बच्चे बेहतर तरीके से सीखते हैं लेकिन आज के दूषित खानपान और फास्ट फूड वाली जीवनशैली में कुपोषण खासकर विकासशील देशों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है।

## सूडोकु नवताल- 7542

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7541 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# उम्मीदों की चीप से हौसलों की उड़ान भरता भारत

ललित गर्ग

भारत ने तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया इतिहास रचते हुए अपना पहला पूर्णतया स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर तैयार कर एक तकनीकी क्रांति को आकार दिया है। यह उपलब्धि न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतीक है। भारत ने इस तकनीकी क्रांति की तरफ कदम बढ़ते हुए आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी तकनीकी प्रगति को नये आयाम दिये हैं। पहला पूर्णत : स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित करने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिये इसरो की सेमीकंडक्टर लैब साक्षी बनी है। पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं, अब भारत को इस तरह की तकनीक के लिये विदेशों के पराधीन नहीं होना होगा। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले चिप क्षेत्र में भारत की यह दस्तक उत्साह जगाने वाली है, निश्चित ही इससे भारत की ताकत बढेगी और तकनीक के साथ-साथ यह आर्थिक विकास को तीव्र गति देगा। फिलहाल आधुनिक समय की इस जादुई चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। विशेषतः भारत की यह जादूई उपलब्धि अमेरिका को आइना दिखाने वाली है, ट्रंप को यह एक बड़ा झटका है।

भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है, जिससे भारत अनेक मोर्चें पर सफलता के परचम फहरायेगा। इस स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की अर्धचालक प्रयोगशाला ने अभिकल्पित किया है और इसे विक्रम नाम दिया गया है। यह अंतरिक्ष-मानक माइक्रोप्रोसेसर है, जो मुख्यतः अंतरिक्ष अभियानों और रॉकेट प्रणालियों में प्रयोग के लिए तैयार किया गया है। इसरो ने सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) चंडीगढ़ के साथ मिलकर दो स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विक्रम 3201 और कल्पना 3201 विकसित किए हैं। यह माइक्रोप्रोसेसर प्रक्षेपण यानों के नेविगेशन और नियंत्रण में मदद करेंगे। विक्रम 3201 पूरी तरह भारत में बना पहला 32-बिट प्रोसेसर है। इस कदम से इसरो को विदेशी प्रोसेसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा जिससे अंतरिक्ष में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। निश्चित ही इससे भारत ने महाशक्ति बनने की ओर अपनी गति को तीव्रता दी है, जिससे अमेरिका हिला और दुनिया भारत की ताकत से रू-ब-रू हो रही है।



अब तक भारत को अनेक जटिल अंतरिक्ष अभियानों के संचालन हेतु विदेशी सूक्ष्म-प्रक्रमकों और अर्धचालक पट्टिकाओं पर निर्भर रहना पड़ता था। यह विदेशी निर्भरता न केवल आर्थिक दृष्टि से बोझिल थी बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चुनौतीपूर्ण थी। विक्रम माइक्रोप्रोसेसर के निर्माण से भारत ने इस निर्भरता की बेड़ियों को तोड़ा है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाया है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। प्रधानमंत्री मोदी इसके लिये निरन्तर प्रयासरत है। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राएं भारत को ऐसे ही विकास के नये शिखरों पर आरोहण कराने का सशक्त माध्यम बन रही है।

निश्चित रूप से मोदी सरकार के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल, राउटर, कार, सैटलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूट करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है। उम्मीद है कि भारत का स्वदेशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपॉलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा, भारत तकनीकी विकास के नये आयाम उद्घाटित करते हुए विश्व को अचंभित भी करेगा। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बना सकते हैं।

32-बिट क्षमता का अर्थ है कि यह माइक्रोप्रोसेसर अधिक व्यापक स्मृति का उपयोग कर सकता है और जटिल संगणकीय कार्यों को तीव्र गति से संपन्न कर सकता है। अंतरिक्ष अभियानों में जहाँ प्रत्येक क्षण और प्रत्येक संकेत का महत्व होता है, वहाँ इस प्रकार की क्षमता अत्यंत आवश्यक है। यह केवल गति और कार्यकुशलता नहीं देता बल्कि विकिरण-सहनशीलता और दीर्घकालीन स्थिरता जैसे गुण भी समाहित करता है। अंतरिक्ष में प्रबल विकिरण, तापमान का उतार-चढ़ाव और कठोर परिस्थितियाँ होती हैं, जिनका सामना सामान्य माइक्रोप्रोसेसर नहीं कर सकते। इसलिए इस प्रकार का अंतरिक्ष-योग्य माइक्रोप्रोसेसर ही मिशनों की सफलता का आधार बन सकता है। इस उपलब्धि का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसके लिए आवश्यक रूपांकन, निर्माण और परीक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया भारत में ही सम्पन्न की गई है। इसका अर्थ यह हुआ कि भारत अब केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता नहीं बल्कि उसका सर्जक भी है। सूक्ष्म-संगणक की यह अभिकल्पना केवल एक चिप का निर्माण नहीं है, यह भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा, उसकी दूरदृष्टि और आत्मविश्वास का परिचायक है।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिये डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिये जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है।

इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के विभिन्न प्रौद्योगिकी संस्थान पहले ही शक्ति और वेगा जैसे स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर पर काम कर चुके हैं। इन प्रयासों ने आधारभूमि तैयार की और आज ह्वविक्रमह्व के रूप में वह प्रयास मूर्त रूप में सामने आया है। यह न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि रक्षा, चिकित्सा उपकरणों और संचार प्रणाली में भी क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकता है। निश्चित ही चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। बड़े पैमाने पर उत्पादन, उपकरण-समूह की उपलब्धता, संगणक-कार्यक्रमों का विकास, अनुप्रयोग-तंत्र का विस्तार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणन जैसी प्रक्रियाएँ अभी पूरी करनी होंगी। किंतु भारत ने जिस आत्मविश्वास के साथ इस दिशा में पहला कदम रखा है, वह आश्वस्त करता है कि भविष्य में हम और भी उन्नत सूक्ष्म-प्रक्रमक तैयार करने में सक्षम होंगे। विक्रम केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है, यह भारत की स्वाभिमानी यात्रा का घोष है। यह घोषणा है कि अब भारत केवल विज्ञान का अनुयायी नहीं बल्कि विज्ञान का निमार्ता और मार्गदर्शक बनने की ओर अग्रसर है। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना अब शब्दों में नहीं, ठोस उपलब्धियों में आकार ले रही है।

# शिक्षा का अधिकार, सुप्रीम कोर्ट और अल्पसंख्यक संस्थाएं

डॉ. निवेदिता शर्मा

भारत का लोकतांत्रिक संविधान नागरिकों को केवल राजनीतिक अधिकार ही नहीं देता, बल्कि उन्हें गरिमामय जीवन जीने की बुनियादी गारंटी भी प्रदान करता है। शिक्षा इस गारंटी की केंद्रीय धुरी है। अनुच्छेद 21ए के तहत छह से चौदह वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान इसीलिए किया गया था ताकि कोई भी बच्चा वर्ग, धर्म या आर्थिक स्थिति के कारण ज्ञान के अवसर से वंचित न रह जाए। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि शिक्षा के इस सार्वभौमिक अधिकार की सबसे मजबूत दीवार को ही वर्षों पहले एक न्यायिक निर्णय ने दरका दिया। 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट बनाम भारत संघ प्रकरण में यह कह दिया गया कि अल्पसंख्यक संस्थान आरटीई अधिनियम से मुक्त रहेंगे। यानी निजी स्कूलों की तरह उन्हें 25 प्रतिशत सीटें वंचित बच्चों के लिए आरक्षित करने की बाध्यता नहीं होगी। देखा जाए तो यह फैसला अपने आप में शिक्षा के अधिकार की सार्वभौमिकता पर प्रश्नचिह्न था।

अब, ग्यारह वर्ष बाद, शीर्ष अदालत ने स्वयं यह महसूस किया है कि उस निर्णय से व्यापक अन्याय हुआ है। 1 सितंबर 2025 को न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने बेहद गंभीर टिप्पणी करते हुए इस मुद्दे को संविधान पीठ के पास भेजने की सिफारिश की है। पीठ ने साफ कहा, यह फैसला अनजाने में अनुच्छेद 21ए के मकसद को कमजोर करता है और समान स्कूल प्रणाली की अवधारणा को चोट पहुँचाता है। आज न्यायालय ने यह भी इंगित किया कि आरटीई केवल सीट आरक्षण भर नहीं है, बल्कि इसके साथ कई आवश्यक प्रावधान जुड़े हैं; बच्चों को मुफ्त यूनिफॉर्म, किताबें, मिड-डे मील, प्रशिक्षित शिक्षक और बुनियादी ढाँचा उपलब्ध कराना। इन सबसे अल्पसंख्यक संस्थानों को छूट देकर अब तक न जानें कितने लाख बच्चों को इन बुनियादी सुविधाओं से वंचित किया गया है।

अभी 2025 तक का इस संबंध में कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, हालांकि सरकारी आँकड़ों (यूडीआईएसई+ 2021-22) के अनुसार, देश में 51,627 अल्पसंख्यक प्रबंधित स्कूल हैं। इनमें मुस्लिम संस्थान; 27,259, ईसाई संस्थान; 15,808, जैन संस्थान; 1,140, बौद्ध संस्थान; 720, पारसी संस्थान;126 और शेष में अन्य शामिल हैं। पिछले तीन साल में इस संख्या में और अधिक इजाफा हुआ है। अनुमान है कि उक्त संख्या 55 हजार तक पहुंच गई होगी। ऐसे में यह स्?वभाविक है कि यह संख्या अपने आप में बहुत बड़ी है। जब इतने बड़े हिस्से को आरटीई की बाध्यता से छूट मिल जाए, तो स्पष्ट है कि लाखों वंचित बच्चों को समान शिक्षा का अवसर नहीं मिल पाया ।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने 23,487 अल्पसंख्यक स्कूलों का विश्लेषण किया था। यह रिपोर्ट बताती है कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों में केवल 38% विद्यार्थी संबंधित अल्पसंख्यक समुदाय से हैं, शेष 62% गैर-अल्पसंख्यक। महज 8.76% विद्यार्थी सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि से आते हैं। स्पष्ट है कि अधिकांश अल्पसंख्यक संस्थान अपने ही समुदाय के उत्थान के बजाय शिक्षा को व्यवसाय बना चुके हैं। यदि वे सचमुच अपने वर्ग के बच्चों को प्राथमिकता देते, तो न केवल अपने समुदाय का बड़ा भला करते, बल्कि संविधान की भावना के अनुरूप भी चलते। यहां उदाहरण स्वरूप सबसे छोटा एक आंकड़ा मान लें कि एक औसत स्कूल में 200-300 विद्यार्थी पढ़ते हैं। यदि 25 प्रतिशत सीटें वंचित वर्ग के लिए आरक्षित होतीं, तो प्रति स्कूल लगभग 50 सीटें आरटीई के अंतर्गत आतीं। 51,627 स्कूल .50 सीटें = लगभग 25.8 लाख सीटें प्रति वर्ष। 2010 से 2025 तक यानी 15 वर्षों में यह संख्या करीब 3.8 करोड़ अवसरों के बराबर है। इस मोटे अनुमान से ही स्पष्ट है कि कितने विशाल पैमाने पर वंचित बच्चों को शिक्षा से अब तक इन स्कूलों द्वारा अल्पसंख्यक के नाम पर वंचित रखा गया!

राजस्थान के जयपुर में ही इस साल 2025 में 30,000 बच्चों को आरटीई के तहत दाखिला नहीं मिला, जबकि 80,000 सीटों पर 3.8 लाख आवेदन आए। देश की राजधानी दिल्ली में 2023-24 में 2.09 लाख परिवारों ने 35,000 सीटों के लिए आवेदन किया, लेकिन 6,500 सीटें खाली रह गईं। अहमदाबाद में तीसरे राउंड में भी 6,946 सीटें खाली रहीं, खासकर अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में। दक्षिण कर्नाटक; 2025-26 में 326 सीटों में से केवल 31 भरी गईं। यानी अल्पसंख्यक स्कूलों को यदि ये छूट नहीं दी जाती तो जो बच्चे आरटीई के तहत प्रवेश लेने से वंचित रह गए, उनमें किसी एक को भी वंचित नहीं रहना पड़ता। वस्तुतः यह तो कुछ राज्यों की स्थिति है, इस तरह से प्रत्येक राज्य के आंकड़े को जोड़ा जाएगा तो लाखों बच्चों की संख्या सामने आती है जो हर साल आरटीई के तहत स्कूल प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। यह सब दिखाता है कि समस्या केवल नाम की नहीं, बल्कि व्यावहारिक है, बच्चे अवसर से वंचित हो रहे हैं।

यह दिलचस्प तथ्य यह है कि 2009 में आरटीई लागू होने के बाद अल्पसंख्यक संस्थानों की संख्या में अचानक उछाल आया। 2012 तक हर साल लगभग 2000 नए संस्थान अल्पसंख्यक दर्जा लेने लगे। यहाँ तक कि दिल्ली पब्लिक स्कूल, बेंगलुरु जैसी संस्थाओं ने भी इस दर्जे का लाभ उठाने की कोशिश की। यह प्रवृत्ति बताती है कि आरटीई से बचने के लिए अल्पसंख्यक टैग को एक ढाल की तरह इस्तेमाल किया गया। सवाल उठता है, आखिर ये आरटीई से बचने की होड़ क?यों मची है? मूल प्रश्न यह है कि क्या शिक्षा का उद्देश्य वंचित बच्चों को अवसर देना है या केवल मोटा पैसा कमाना? जब अल्पसंख्यक संस्थान आरटीई से मुक्त होकर भारी फीस लेते हैं, तो वे न तो अपने वर्ग का उत्थान कर रहे होते हैं और न ही समाज के वंचित वर्ग का। वे केवल शिक्षा को व्यापार बना रहे होते हैं। यदि ये संस्थान केवल अपने समुदाय के गरीब बच्चों को प्रवेश देते, तो लाखों अल्पसंख्यक बच्चे पढ़-लिखकर आगे बढ़ सकते थे। लेकिन जब ऐसा नहीं किया गया, तो साफ है कि मकसद शिक्षा नहीं, बल्कि आर्थिक लाभ है। जब वंचित वर्ग के लाखों बच्चे आरटीई सीटों से वंचित रहते हैं, तो इसका असर केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहता। इसका असर उनके भविष्य, रोजगार, सामाजिक गतिशीलता और लोकतांत्रिक भागीदारी पर पड़ता है। एक ओर समृद्ध वर्ग के बच्चे महंगे निजी या अल्पसंख्यक स्कूलों में पढ़ते हैं, दूसरी ओर गरीब बच्चे सरकारी स्कूलों की कमजोर व्यवस्था में सिमट जाते हैं। यह विभाजन समाज में असमानता की खाई को और चौड़ा करता है।

संविधान निमार्ताओं ने अनुच्छेद 30 के जरिए अल्पसंख्यकों को संस्थान चलाने की स्वतंत्रता दी थी ताकि वे अपनी संस्कृति और पहचान बचा सकें। लेकिन क्या इस स्वतंत्रता का मतलब यह है कि वे बच्चों के बुनियादी अधिकारों से मुकर जाएँ? वास्तव में अनुच्छेद 21ए की आत्मा सार्वभौमिकता है।

# तो क्या यही 'ज्ञान' हमें विश्व गुरु बनायेंगे?

निर्मल रानी

हमारा देश भारतवर्ष कभी न कभी जरूर विश्व गुरु रहा होगा। इसके लक्षण तो आप आज भी देख सकते हैं। जगह जगह लोग आपको सलाह देने वाले, घरेलु नुस्खा या टोटका बताने वाले मिल जायेंगे। जो स्वयं अपने ही भविष्य के बारे में अनजान हैं ऐसे तमाम लोग फुट पाथ से लेकर बड़े बड़े आधुनिक कार्यालयों तक में बैठे भविष्य वक्ता आपको पूरे देश में बैठे मिल जायेंगे। भारत चूँकि अपना भविष्य जानने वाले जिज्ञासुओं का एक बड़ा बाजार है। इसलिये तमाम बाबाओं व ज्योतषियों की 'दुकानदारी ' इसी पर चल रही है। हमारे देश का एक काफी बड़ा वर्ग इन अवैज्ञानिक व गैर तार्किक बातों पर विश्वास भी करता है। आप देखिये कि भारत ही अकेला ऐसा देश है जहाँ करोड़ों रुपए कोठी निर्माण पर खर्च करने के बाद कोठी के मस्तक पर नजरबट्टू 'भूत ' लगाना नहीं भूलते,कहीं जूता या काला टायर भी लटका मिल जायेगा। यह हमारे देश के शिक्षित व संपन्न लोगों का हाल है तो गरीबों या अशिक्षित लोगों की बौद्धिकता पर सवाल ही क्या उठाना ?

बहरहाल, चूँकि हमारे देश के अधिकांश जनता अशिक्षित परन्तु धार्मिक प्रवृति की है इसलिये स्वयं को पढ़े लिखा कहने वाले कुछ चतुर्बुद्धि लोग उनकी सादगी, शराफत, भोलेपन, धार्मिक आस्था व विश्वास का लाभ उठाकर तरह तरह की धार्मिक व पौराणिक बातें बताकर उन्हें यह जताने की कोशिश करते हैं की हम चूँकि समान आस्था विश्वास व विचार वाले हैं इसलिये हम ही तुम्हारे शुभचिंतक हैं। लिहाजा हमें वोट दो और हमें सत्ता में बने रहने दो। परन्तु वैज्ञानिक व तार्किक सोच रखने वाले लोग जब इन्हें व इनके तर्कों को खारिज करते हैं तो यह लोग बड़ी चतुराई व शातिरपने से सही बातों को झुठलाने के लिये इस पढ़े लिखे व तर्कशील वर्ग को अधार्मिक,धर्मद्रोही और जरूरत पड़ने पर राष्ट्रद्रोही भी बता देता है। गोया सच को झूठ और झूठ को सच बताने लगता है। और इससे बड़ा दुर्भाग्य यह कि लालची प्रोपेगंडा गोदी मीडिया भी इस घातक मिशन में ऐसे लोगों का साथ देता है।

उदाहरण के तौर पर इस्लामी यहूदी व ईसाई धर्म में समान रूप से माने जाने वाले पैगंबर हजरत मूसा के बारे में एक किस्सा प्रचलित है कि उन्होंने अल्लाह के हुक्म से चमत्कारिक रूप से लाल सागर को दो हिस्सों में विभाजित कर दिया था ।बताया जाता है कि जब फि रऔन की सेना ने मूसा और उनके अनुयायियों को मारने के लिये उनका पीछा किया, तो मूसा ने अपने असा (एक प्रकार की छड़ी ) को समुद्र पर मारा। उसी समय अल्लाह ने समुद्र को दो भागों में बाँट दिया, जिससे मूसा व उनके समर्थक समुद्र पर कर गये परन्तु जब समुद्र के बीच बने इसी रस्ते से फि रऔन की सेना ने उनका पीछा किया, तो समुद्र फिर से मिल गया, और फि रऔन की सेना डूब गयी । इस घटना का उल्लेखन केवल कुरान नहीं बल्कि बाइबिल में भी मौजूद है। परन्तु क्या इस बात पर इस्लामी यहूदी व ईसाई धर्म के लोगों के अलावा किसी अन्य धर्म से सम्बन्ध रखने वाले तार्किक व वैज्ञानिक सोच के लोग विशवास करेंगे ? बिल्कुल नहीं क्योंकि उसके संस्कारों शिक्षा और उसके विश्वास या मान्यताओं में यह बातें हैं ही नहीं।

इस्लाम धर्म की ही एक किस्सा है जिसे पैगंबर हजरत मुहम्मद के जीवन का एक सर्व प्रमुख चमत्कार माना जाता है। इसे इस्लामी इतिहास में 'शक्क-ए-कमर' यानी चाँद का दो टुकड़ों में बँटना,के नाम से जाना जाता है। मक्का की इस घटना के बारे में कहा जाता है कि जब कुरैश कबीले के कुछ लोगों ने पैगंबर हजरत मुहम्मद की सिद्धि को परखने के लिये उनसे इस बड़े चमत्कार की माँग की। तब पैगंबर मुहम्मद ने अल्लाह की इजाजत से चाँद को दो हिस्सों में बाँट दिया। कुछ देर तक अलग-अलग रहने के बाद चाँद फिर एक हो गया। इस 'चमत्कार' का उल्लेख कुरआन में भी है। परन्तु इतिहास के दौर में घटी इस घटना और इसकी व्याख्या पर भी विद्वानों और इतिहासकारों में मतभेद हैं। कुछ की नजरों में यह चमत्कार है जबकि कुछ की नजरों में यह प्रतीकात्मक या आध्यात्मिक अर्थ की घटना।

इसी तरह पृथ्वी शेषनाग के फन पर टिकी है,हनुमान जी सूर्य निगल गये थे,चाहे समुद्र में वानरों द्वारा पत्थर फेंक फेंक कर लंका जाने का पुल तैयार कर देना हो, या फिर भगवान भोले शंकर द्वारा अपने ही पुत्र का सिर तन से जुदा कर उस पर हाथी का सर लगाने की बात हो,गणेश जी की सवारी चूहा हो या मछली के पेट से पैदा होने या घड़े से पैदा होने,मैल से पैदा होने की घटना या संजीवनी के लिये हनुमान जी द्वारा पूरा पर्वत उठा लाना,पुष्पक विमान होना और न जाने इस तरह की अनगिनत बातें जो हमें हमारे प्राचीन धार्मिक ग्रन्थ या धार्मिक पुस्तकें हमें बताती आई हैं उन पर हम आस्था वश या बचपन से मिले संस्कारों व धार्मिक ज्ञानों के नाते विश्वास तो जरूर कर करते हैं परन्तु यह बातें विज्ञान की कसौटी पर आज के वैज्ञानिक युग में कतई खरी नहीं उतरतीं। इसलिये हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब मुंबई के एक अस्पताल के उद्घाटन के समय यह कहते हैं कि भगवान गणेश का हाथी का सिर मनुष्य के शरीर पर लगाना प्राचीन भारत में प्लास्टिक सर्जरी के अस्तित्व का प्रमाण है। जब वे कहते हैं कि हम भगवान गणेश की पूजा करते हैं, जिनका सिर हाथी का है। इसका मतलब है कि हमारे पूर्वजों को प्लास्टिक सर्जरी का ज्ञान था।₹ प्रधानमंत्री का यह कथन निश्चित रूप से पौराणिक कथाओं पर आधारित है, परन्तु न तो इस घटना के ऐतिहासिक प्रमाण हैं न ही पुरातात्विक प्रमाण। वैज्ञानिक रूप से असमर्थित दावा होने की वजह से ही प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान की उस समय बहुत आलोचना हुई थी। क्योंकि उनका यह बयान आधुनिक विज्ञान को मिथकों से जोड़कर अवैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाला माना गया था।

## दैनिक पंचांग

**4 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.41 बजे से |
| चंद्र | मकर में | तुला | 08.52 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 11.07 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.23 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मकर | 15.28 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.14 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 18.47 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 20.18 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 21.58 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मिथुन | 23.56 बजे से |
| | | कर्क | 02.09 बजे से |
| | | सिंह | 04.25 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 247 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वादशी 04.09 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 23.44 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 15.22 बजे को समाप्त। **करण** बव 16.21 बजे तदनन्तर बालव 04.09 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 11.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 07° 10' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872457 **जूलियन दिन** 2460922.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 11 **विशेष** कल्की द्वादशी, भुवनेश्वरी जयंती, वामन जयंती।


| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# यूपी में बारिश के रौद्र से हा-हाकार

## नोएडा में 1000 फार्म हाउस डूबे, तैरकर निकले लोग, गाजियाबाद में कारें डूबीं, घरों में घुसा पानी





**लखनऊ।** यूपी में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। नोएडा में यमुना नदी की बाढ़ से करीब 1000 फार्म हाउस में पानी घुस गया। छपरौली इलाके में बने फार्म हाउस में अचानक पानी भर गया, जिसमें फंसे कई लोग तैरकर बाहर आते नजर आए। जबकि बाकी लोगों को रेस्क्यू किया गया। गाजियाबाद में मंगलवार को इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। कारें आधी डूब गईं और घरों में भी पानी घुस गया। मथुरा के वृंदावन में परिक्रमा मार्ग तक पानी पहुंच गया। इसके चलते परिक्रमा पर रोक लगा दी गई। मथुरा में बाढ़ से करीब 900 परिवार प्रभावित हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल की बाउंड्री तक पहुंच गया। शहर के कई घाट और 8 श्मशान घाट पानी में डूब गए। भारी बारिश के चलते बुलंदशहर, हापुड़ और गाजियाबाद में 3 सितंबर और मथुरा में 3-4 सितंबर को 12वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए। मौसम विभाग ने आज बुधवार को 49 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 6 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई। मंगलवार को वाराणसी, गाजियाबाद समेत 20 शहरों में जोरदार बारिश हुई। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के मुताबिक अगस्त में सामान्य बारिश हुई थी। अब मानसून अपने आखिरी चरण में है और अगले 4 दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में तेज बारिश की संभावना है। 2 सितंबर की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 68 जिलों में औसतन 20.4 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य 7.3 मिमी से 179% ज्यादा है। प्रदेश में अब तक 621.4 मिमी बारिश हो चुकी है, ये सामान्य 607.5 मिमी से 2% ज्यादा है। फरुर्खाबाद में गंगा नदी खतरे के निशान से 10 सेंटीमीटर बह रही हैं। ठटा और दौली की मड़ैया गांव में कटान शुरू हो गया है। सात पक्के मकान और चार झोपड़ियां नदी में समा गई हैं। प्राइमरी स्कूल भी आधा नदी में गिर चुका है। पीलीभीत में बारिश से हालात बिगड़ने लगे हैं। सड़कों और घरों में 5 फीट तक पानी भर गया है। लोग घरों की छतों पर रात गुजारने को मजबूर हैं। टनकपुर हाईवे डूब गया है। ऑफिसर्स कॉलोनी में अधिकारियों के घरों में भी 4 से 5 फीट तक पानी भर गया है। हाथरस में बारिश के कारण नाला ओवरफ्लो हो गया। नाले का पानी अल्लेपुर से बहरदोई जाने वाले मार्ग पर बह रहा है। कई बीघा फसलें डूब गई हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत पर सिंचाई विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया। पीलीभीत में बाढ़ का पानी अब ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच गया है। बहादुरपुर में रपटुआ पुलिया पर तीन फीट तक पानी भर गया है। इसके चलते आवागमन पर रोक लगा दी गई है। बरखेड़ा-नवाबगंज के बीच संपर्क भी टूट गया है। फरुर्खाबाद में गंगा खतरे के निशान से 10 सेंटीमीटर बह रही है। ठटा और दौली की मड़ैया गांव में कटान करना शुरू हो गया है। नदी की तेज धार में सात पक्के मकान और चार झोपड़ियां बह गईं। गांव का प्राइमरी स्कूल भी आधा नदी में गिर चुका है। हथिनी कुंड बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गाजियाबाद में 7 गांव बाढ़ की चपेट में हैं, जहां 8 फीट से लेकर 10 फीट तक पानी अलग-अलग जगहों पर भर चुका है। एक-एक तंबू में 40 से 50 लोग बैठे हैं। एक-एक चारपाई पर कई लोग हैं। कोई चारपाई को सिर पर ला रहा है तो घर पूरी तरीके से डूब चुके हैं। महिलाएं बच्चे और पुरुष सड़क पर ही रात काट रहे हैं। बरेली शहर के मलूकपुर इलाके में लाल मस्जिद के पास तड़के बड़ा हादसा हो गया। अशरफ खान का लगभग 200 साल पुराना दो मंजिला मकान अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसे के वक्त पूरा परिवार घर के अंदर सो रहा था। अशरफ खान सुबह करीब चार बजे टॉयलेट के लिए उठे तो उन्होंने देखा कि ऊपर से मकान का हिस्सा गिरने लगा है। उन्होंने फौरन शोर मचाया और परिवार के सभी लोगों को बाहर निकाल लिया। कुछ ही मिनटों में पूरा मकान जमींदोज होकर मलबे में तब्दील हो गया। नोएडा में यमुना नदी की बाढ़ से करीब 1000 फार्म हाउस में पानी घुस गया। छपरौली इलाके में बने फार्म हाउस में अचानक पानी भर गया, जिसमें फंसे कई लोग तैरकर बाहर आते नजर आए। जबकि बाकी लोगों को रेस्क्यू किया गया। बरेली में बारिश आफत बनकर बरसी है। पिछले 24 घंटे में जिले के अलग-अलग हिस्सों में 6 मकान जमींदोज हो गए, जबकि आंवला तहसील के गांवों में 120 मकानों में दरारें पड़ गईं। कहीं छतें ढहीं, तो कहीं पूरी दीवार धराशायी हो गई। प्रशासन नुकसान का आकलन करने और सर्वे कराने में जुटा है। लेकिन, लगातार हो रही बारिश से हालात और बिगड़ रहे हैं। दूसरी ओर नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है, जिससे सैकड़ों एकड़ फसल चौपट हो गई है। बुलंदशहर में लगातार हो रही बारिश के चलते आज 12 तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। डीएम ने यह आदेश जारी किया है। मुजफ्फरनगर में लगातार हो रही बारिश से कच्चा घर ढह गया। मलबे में पूरा परिवार दब गया। परिवार का शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर परिवार को बाहर निकाला। हादसे में रोनी हरजीपुर गांव के रहने वाले अनुज की पत्नी, उनके दोनों बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बुलंदशहर में 6 फीट अजगर रिहायशी इलाके में घुस गया। गांव वालों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। थोड़ी देर में क्षेत्रीय वन अधिकारी खुर्जा आदित्य सिंह टीम के साथ पहुंचे। अजगर को रेस्क्यू कर नदी में छोड़ दिया। पीलीभीत में कई दिनों से हो रही तेज मूसलाधार बारिश के बाद बुधवार को मौसम बड़ा बदलाव देखने को मिला है। सुबह से ही आसमान में धूप खिली हुई है, जिसके चलते लोगों ने राहत की सांस ली है। बाढ़ का पानी भी अब धीरे-धीरे कम होने लगा है। फिलहाल जिलाधिकारी ने जगह-जगह जलभराव को देखते हुए बुधवार यानी की 3 सितंबर को कक्षा एक से 12 तक के स्कूल बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

## आगरा में पास्टर ने 2 महिला सिपाहियों से कलावा कटवाया



आगरा। दो महिला पुलिसकर्मियों ने धर्मांतरण गिरोह का खुलासा किया है। दोनों पुलिसकर्मी पीड़ित बनकर हर रविवार होने वाली सभा में पहुंचीं। जहां उनके हाथ में बंधे कलावे को कटवाया गया। बाइबिल पढ़कर ईसाई बनने के लिए दबाव डाला गया। महिला पुलिसकर्मियों ने आरोपियों के खिलाफ सबूत जुटाए। इसके बाद पुलिस ने गिरोह की 3 महिलाओं सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि शाहगंज के केदार नगर में लंबे समय से एक व्यक्ति अपने घर में धर्म सभा आयोजित कर रहा था। वो लोगों को घर बुलाकर बाइबिल पढ़वाता और कलावा काटने को कहता था। साथ ही एक यूट्यूब चैनल भी बना रखा था। इसका नाम "चर्च ऑफ गॉड आगरा" है। इसमें वीडियो अपलोड किए जाते थे। पुलिस ने एक महीने की छानबीन के बाद आरोपी और उसके साथियों को पकड़ा है। गिरोह के तार विदेश से जुडे. बताए जा रहे हैं। सभा में स्पेन-दुबई से लोग ऑनलाइन जुड़ते थे। इन लोगों का टारगेट बीमार और गरीब लोग होते थे। चमत्कार के नाम पर लोगों को बरगलाया जा रहा था। थाना शाहगंज के मोहल्ला केदार नगर में लोगों ने शिकायत की थी कि उनके मोहल्ले में राजकुमार लालवानी के घर पर ईसाई धर्म के लोग आकर धर्म सभा आयोजित कर रहे है। वहां पर गरीब और बीमार लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जाता है। मामला पुलिस आयुक्त दीपक कुमार तक पहुंचा तो शाहगंज पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने एक महीने तक जांच की। इस दौरान दो महिला पुलिसकर्मियों को सादे कपड़ों में भेजा गया। धर्म सभा में बाहर से कुछ लोग आया करते थे। आसपास के हिंदुओं को बुलाया जाता था। इसमें समस्याएं पूछने के बाद दूर करने का दावा किया जाता था। इसके बाद धर्म परिवर्तन के लिए कहा जाता था। जो लोग तैयार होते थे, उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन मिलता था। महिला पुलिसकर्मियों की भी बीमारी दूर करने की बात कहीं गई थी। दो दिन पहले पुलिस ने घर में दबिश देकर 3 महिलाओं सहित 8 लोगों को पकड़ लिया।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक्सीडेंट में 2 कारोबारी दोस्तों समेत 3 की मौत




**अमेठी।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार ब्रेजा कार की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार दो कारोबारी दोस्तों सहित 3 लोगों की मौत हो गई। तीनों आजमगढ़ से लखनऊ लौट रहे थे। तड़के साढ़े तीन बजे कैंटीन पर खाना खाने के लिए कार को मोड़ रहे थे, तभी दूसरी ओर से जा रहा ट्रक सामने आ गया। ड्राइवर कार को संभाल नहीं पाया और कार ट्रक से साइड में जा भिड़ी। हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के 60.1 किमी पॉइंट पर हुआ। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। देखा तो तीनों के शव कार में फंसे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को निकालने की कोशिश की, लेकिन शव नहीं निकले। इसके बाद पुलिस ने क्रेन से कार को खिंचवाया। फिर दरवाजा तोड़कर शवों को बाहर निकाला। करीब 2 घंटे तक शव फंसे रहे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पिचक कर आधी रह गई। एयरबैग भी खुल गए थे, लेकिन उससे किसी की जान नहीं बच पाई। मरने वालों में से दो लोग कानपुर और एक लखनऊ के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान कानपुर के बर्रा निवासी अर्पित विश्वकर्मा (32), विनय दुबे (32) और लखनऊ के पराग डेयरी निवासी विमल पांडेय (40) के रूप में हुई है। विनय दुबे एक कंपनी चलाते थे।

कंपनी के माध्यम से वे अलग-अलग शहरों में लगने वाली प्रदर्शनियों में कैनोपी और साइड वॉल बनाने का ठेका लेते थे। विमल पांडेय उनके पुराने दोस्त और बिजनेस पार्टनर थे।। दोनों को आजमगढ़ में एक प्रदर्शनी का ठेका मिला था। मंगलवार को ड्राइवर अर्पित विश्वकर्मा को लेकर ब्रेजा कार से साइट देखने आजमगढ़ गए थे। देर रात लखनऊ लौट रहे थे। तड़के साढ़े तीन बजे तीनों अमेठी के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के 60.1 किमी पॉइंट पर पहुंचे। कैंटीन कट के पास चाय पीने के लिए कार को रोड की दूसरी तरफ मोड़ रहे थे। इसी दौरान दूसरी साइड से आ रहे हरियाणा नंबर के ट्रक अचानक आ गया। ड्राइवर कुछ समझ पाता, उसके पहले कार की ट्रक से टक्कर हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कार से निकालने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रही। क्रेन बुलाई गई। क्रेन की मदद से पहले कार को ट्रक के नीचे से निकाला गया।

कार की गेट को तोड़कर तीनों के शव बाहर निकाले जा सके। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को रोड की साइड में करवाया। तीनों को शुकुल बाजार सीएचसी भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तीनों की जेब में मिले आधार कार्ड से शिनाख्त हुई। थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि हादसा कैंटीन कट पर हुआ। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। क्षतिग्रस्त वाहन को क्रेन की मदद से रोड से हटवाकर ट्रैफिक सामान्य करा दिया गया है। बुधवार को पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया- विनय दुबे तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। बड़े भाई अजय और छोटे भाई अभय भी व्यापार करते हैं। उनकी शादी 2010 में हुई थी। विनय की मौत की खबर सुनकर पिता रामकिशोर दुबे, मां शकुंतला दुबे, पत्नी आकांक्षा और 8 साल के बेटे सूर्यांश का रो-रोकर बुरा हाल है। विनय कानपुर में गायत्री मंदिर संस्थान के उपाध्यक्ष भी थे। उनके दोस्त विमल पांडे का बेटा हर्षित (20) भी पिता का शव लेने कानपुर से अमेठी पहुंचा हुआ है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने हादसे को लेकर शोक जताया है।

## आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए अच्छी खबरः अब तीन साल के लिए होगी भर्ती, पीएफ से सैलरी तक इन चीजों में बदलाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्रदेश में सरकारी विभागों में अब आउटसोर्स कर्मी तीन साल तक अपनी सेवा दे सकेंगे। इसके बाद उनका रिन्यूवल किया जा सकेगा। अभी तक एक साल का अनुबंध होता था। कर्मचारियों को कम से कम 20 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। अभी तक न्यूनतम मानदेय करीब 10 हजार रुपये था। इसके साथ ही विभाग अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे नहीं करेंगे। एजेंसियों का चयन उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम जेम पोर्टल के माध्यम से करेगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी दी है। वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन के अलावा पीएफ और कर्मचारी राज्य बीमा निगम की सुविधा भी मिलेगी। नई व्यवस्था में एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिक और महिलाओं को नियमानुसार आरक्षण का लाभ मिलेगा। महिलाओं को मैटरनिटी लीव भी मिलेगी। आउटसोर्सिंग के लिए चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा। कर्मचारियों की कार्यक्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। सेवा के दौरान कर्मचारी की मृत्यु होने पर 15 हजार रुपये अंतिम संस्कार सहायता के लिए दिए जाएंगे। निगम के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर कर्मचारी को उसका



पूरा हक मिले और उसका भविष्य सुरक्षित रहे। नई व्यवस्था में यह खास - आउटसोर्स कर्मचारियों से महीने में 26 दिन सेवा ली जा सकेगी। - वेतन 1 से 5 तारीख तक सीधे खातों में जाएगा। - ईपीएफ और ईएसआई का अंशदान कर्मचारियों के खाते में जाएगा। - किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सेवा तुरंत समाप्त की जा सकेगी। 1. श्रेणी एक- चिकित्सीय, अभियंत्रण स्तर 1, व्याख्यान, परियोजना प्रबंधन, लेखा स्तर 1, अनुसंधान (वरिष्ठ) सेवाओं का न्यूनतम पारिश्रमिक 40 हजार रुपये। 2. श्रेणी दो- कार्यालय स्तर 2, आशुलिपिक स्तर 2, लेखा स्तर 2, डाटा प्रोसेसिंग स्तर 2, कला शिक्षण, शारीरिक प्रशिक्षण, शिक्षण सेवाएं स्तर 2, एक्सरे, नर्सिंग, फार्मेसी, परामर्शदाता व सांख्यिकी सेवाओं का न्यूनतम पारिश्रमिक 25 हजार होगा। 3. श्रेणी तीन- कार्यालय स्तर 3, आशुलिपिक स्तर 3, टंकण, दूरसंचार, भंडार, फोटोग्राफी, डाटा प्रोसेसिंग स्तर 3, पुस्तकालय, इलेक्ट्रिशियन, यांत्रिक, फिटर, प्रयोगशाला परिचालन, पैरामेडिकल, वाहन चालन सेवा का न्यूनतम पारिश्रमिक 22 हजार होगा। 4. श्रेणी चार- कार्यालय स्तर 4, लिफ्ट ऑपरेटर, प्रयोगशाला स्तर 4, अभिलेख स्तर 4, कार्यालय अधीनस्थ स्तर 4, भंडारण स्तर 4, डाक, रंगरोगन, खान-पान, बागवान, श्रम समेत 43 विशिष्ट सेवा व यांत्रिक, विद्युत, सैनिटेशन, पंपिंग, फायर, सुरक्षा समेत 47 अतिविशिष्ट सेवा का न्यूनतम वेतन 20 हजार होगा। प्रदेश सरकार ने आउटसोर्सिंग सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनाने के लिए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजरी दी है। वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि लंबे समय से आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से कार्मिक सेवाएं दे रहे थे। लेकिन, उन्हें सरकार द्वारा स्वीकृत मानदेय का पूरा भुगतान नहीं मिलने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई जैसी अनिवार्य सुविधाओं का नियमित अंशदान भी कई बार एजेंसियों द्वारा नहीं किया जाता था। इन अनियमितता को खत्म करने और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए निगम गठित किया गया है। कम्पनीज एक्ट-2013 के सेक्शन-8 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी दी गई। यह एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी होगी, जिसे नान-प्रॉफिटेबल संस्था के रूप में चलाया जाएगा।निगम में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर होगा।

## संक्षिप्त डायरी

### संदिग्ध हालात में दंपती की मौत, फंदे से लटका मिला पति... बिस्तर पर मिला पत्नी का शव



**लखीमपुर खीरी।** जनपद के हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव हैदराबाद में 50 वर्षीय राज बहादुर मिश्रा और उनकी 48 वर्षीय पत्नी सुनीला देवी मिश्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बुधवार सुबह सुनीला देवी का शव मकान की छत पर बने कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला। जबकि राज बहादुर का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार राज बहादुर मिश्रा और उनकी पत्नी सुनीला देवी के कोई संतान नहीं थी। पति और पत्नी ही मकान में रहते थे।। मंगलवार की रात पति और पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सुनीला देवी की लाश छत पर कमरे में चारपाई पर पड़ी मिली, जबकि राज बहादुर का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। घर का सारा सामान सुरक्षित बताया गया है। थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने बताया कि मृतकों के शवों को सील कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस जांच कर रही है। घटना को आत्महत्या से जोड़कर देखा जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हकीकत का पता चल पाएगा। वहीं दंपती की मौत से ग्रामीण स्तब्ध हैं। मृतकों के रिश्तेदारों को सूचना दी गई है।

### शराब पीने के बाद लापता हुआ युवक...तीन दिन बाद गड्ढे में इस हाल में मिली लाश, कांप गए घरवाले



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद में तीन दिन पूर्व घर से निकले युवक का शव गड्ढे में भरे पानी में मिला। युवक तीन दिन पूर्व ठेके से शराब लेने के लिए गया था। युवक का शव मिलने से परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज फिरोजाबाद भेजा।शहर के गांव भूड़ा-बरतरा निवासी श्याम सिंह (27) तीन दिन पूर्व घर से रात 9 बजे करीब कहीं गए थे। वह कुछ देर बाद गांव के ही लोगों को शराब के ठेके के पास खड़ा मिला। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह शराब पीकर वहां खड़ा हुआ था। जिसको देखकर गांव के ही बड़े-बुजुर्गों ने उसे समझा-बुझाकर घर जाने के लिए कहा था। यहां तक का पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में कैद है। मंगलवार दोपहर गांव की ही एक महिला ने गड्ढे में भरे पानी में एक शव पड़ा हुआ देखा, उसके होश उड़ गए। गांव में घटना की जानकारी होने पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर थाना शिकोहाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। शव से दुर्गंध आ रही थी। परिजनों ने शव देखने के बाद उसकी शिनाख्त श्याम सिंह के रूप में की। पुलिस ने जब शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया। तभी परिजन ने शव को नहीं उठने दिया। काफी समझाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंस्पेक्टर क्राइम ने बताया कि शराब के नशे में गांव में ही एक गड्ढे में डूब गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

### बदायूं के मेंथा व्यापारी का हत्यारोपी पांच साल बाद पंजाब से गिरफ्तार, पीलीभीत से हुआ था फरार



**बदायूं।** पांच साल पहले पीलीभीत जिला अस्पताल के कोविड वार्ड से फरार हुआ बदायूं का शातिर हत्यारोपी शशांक बजाज उर्फ शेलू आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। एसटीएफ नोएडा और पीलीभीत कोतवाली पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर 50 हजार के इनामी शशांक को पंजाब के लुधियाना जिले के कस्बा साहनेवाला से गिरफ्तार कर लिया। यहां लाने के बाद कोतवाली पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शशांक मूल रूप से बदायूं की कोतवाली क्षेत्र के गांव जोगीपुरा में पनवाड़ी शिव मंदिर के पास का रहने वाला है। मंगलवार को एएसपी विक्रम दहिया ने प्रेसवार्ता में बताया गया कि शशांक बजाज और उसके पिता देशदीपक बजाज ने वर्ष 2015 में बदायूं के मेंथा कारोबार में विवाद के कारण व्यापारी सुभाषचंद्र शर्मा की हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपी पिता-पुत्र भाग गए थे। पुलिस ने उन्हें देहरादून में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। शशांक को बदायूं जेल में निरुद्ध किया गया था, लेकिन अनुशासनहीनता के चलते वर्ष 2018 में उसे पीलीभीत जेल स्थानांतरित कर दिया गया। सितंबर 2020 में शशांक को कोरोना होने पर जिला महिला अस्पताल के कोविड वार्ड में भर्ती कराया गया। वह 26 सितंबर की रात को पुलिसकर्मियों को चकमा देकर खिड़की से कूदकर फरार हो गया था। उसकी गिरफ्तारी न होने पर आईजी रेंज ने उस पर 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया था। लुधियाना पहुंचने के बाद शशांक ने एक मकान किराये पर लिया और प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने लगा। इस दौरान उसने अपने परिवार से कोई संपर्क नहीं रखा। पुलिस पूछताछ में उसने खुलासा किया कि करीब एक साल पहले उसने शादी भी कर ली थी। पुलिस रिकार्ड के अनुसार शशांक बजाज का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर बदायूं, पीलीभीत और उत्तराखंड में पूर्व में भी कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में शशांक ने पुलिस को बताया कि कोविड वार्ड से फरार होने के बाद उसने एक ट्रक से सहारनपुर तक का सफर तय किया। वहां से उसी चालक की मदद से दूसरे ट्रक में बैठकर वह पंजाब के लुधियाना पहुंच गया। पुलिस और एसटीएफ की टीमें उसकी तलाश में जुटी थीं। एक सितंबर को एसटीएफ और कोतवाली पुलिस ने उसे लुधियाना के साहनेवाल-डेवाल रोड इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

# अगस्त में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कुल 34,236 यूनिट्स बेचीं




**नई दिल्ली ।** अगस्त 2025 में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कुल 34,236 यूनिट्स बेचीं, जिनमें से 29,302 यूनिट्स घरेलू बाजार और 4,934 यूनिट्स एक्सपोर्ट के लिए थीं। कंपनी ने अपने बिक्री के आंकड़े हाल ही में जारी कर दिए। कंपनी द्वारा जारी यह आंकड़ा पिछले साल अगस्त की बिक्री की तुलना में 11प्रतिशत ज्यादा है। जनवरी से अगस्त 2025 तक, कंपनी ने कुल 2,41,696 यूनिट्स बेचीं, जो 2024 की इसी अवधि की तुलना में 14 प्रतिशत ज्यादा है। इसका श्रेय कंपनी की बेस्ट-सेलिंग एमपीवी इनोवा को जाता है, जिसने लगातार 20 सालों से भारतीय ग्राहकों का भरोसा जीता है और अब तक 12 लाख से ज्यादा यूनिट्स बिक चुकी हैं। टोयोटा के वाइस प्रेसिडेंट वरिंदर वाधवा ने कहा कि ग्राहकों का विश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत है और फेस्टिव सीजन में कंपनी और भी वैल्यू-एडेड सेवाएं लेकर आएगी। इसके अलावा, टोयोटा ने हाल ही में अर्बन क्रूजर टैसोर का नया अपडेटेड वर्जन लॉन्च किया है, जिसमें ब्ल्यूइस ब्लेक कलर और सभी वेरिएंट्स में स्टैंडर्ड 6 एयरबैग्स दिए गए हैं। वहीं, कंपनी ने अपनी लक्ज़री सेडान कामरी हायब्रिड का नया स्प्रीट एडिशन भी पेश किया है, जो और भी स्पोर्टी लुक में आता है। टोयोटा का मेक-इन-इंडिया फोकस भी साफ नजर आ रहा है। कंपनी ने कामाराजार पोर्ट लिमिटेड (केपीएल) के साथ नया समझौता किया है ताकि भारत से एक्सपोर्ट को और बढ़ाया जा सके।

## भारत में सैमसंग का नया गैलेक्सी एफ17 5जी होगा लॉन्च




**नई दिल्ली ।** सैमसंग जल्द ही भारत में अपना नया गैलेक्सी एफ17 5जी लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसकी शुरुआती कीमत 14,990 रुपये होगी। यह डिवाइस 6 साल तक ओएस और सिक्योरिटी अपडेट देने का वादा करता है। गैलेक्सी एफ17 5जी में 6.67-इंच का सुपर अमोलेड डिस्प्ले होगा, जिसमें फुल एचडी प्लस रिज़ॉल्यूशन और 120एचज़ेड रिफ्रेश रेट मिलेगा। यह गेमिंग और वीडियो स्ट्रीमिंग पसंद करने वालों के लिए बेहतरीन अनुभव देगा। फोन में एक्सीनोस 1330 चिपसेट होगा, जो 5जी कनेक्टिविटी और स्मूद परफॉर्मेंस सुनिश्चित करेगा। कैमरे की बात करें तो इसमें ट्रिपल कैमरा सेटअप होगा। 50एमपी का प्राइमरी कैमरा, 13एमपी अल्ट्रा-वाइड और 2एमपी मैक्रो लेंस के साथ, यह शानदार फोटोग्राफी का अनुभव देगा। वहीं, सेल्फी के लिए 32एमपी का फ्रंट कैमरा मिलने की उम्मीद है। फोन में 5000एमएएच की बैटरी होगी, जो 25वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करेगी।

सैमसंग इस फोन को एंड्रायड 15 आधारित वनयूआई वन यूआई 7 पर लॉन्च करेगा। गोरिल्ला ग्लास प्रोटेक्शन के साथ आने वाला यह फोन डिज़ाइन में भी आकर्षक होगा। इसकी बिक्री फलीपकार्ट सैमसंग की ऑफिशियल वेबसाइट और रिटेल स्टोर्स पर होगी। कंपनी का लक्ष्य उन यूजर्स को आकर्षित करना है जो कम बजट में भी एक फीचर-पैक्ड 5जी स्मार्टफोन चाहते हैं।

## बीते महीने बजाज ऑटो ने की कुल 4,17,616 यूनिट्स की बिक्री

**नई दिल्ली ।** बजाज ऑटो के लिए अगस्त 2025 का महीना काफी अच्छा रहा। बजाज ऑटो कंपनी ने इस महीने कुल 4,17,616 यूनिट्स की बिक्री की। यह बिक्री पिछले साल अगस्त 2024 की तुलना में 5प्रतिशत ज्यादा है।

हालांकि, इस बढ़त का मुख्य कारण ओवरसीज मार्केट रहा, क्योंकि घरेलू मार्केट में अभी भी सुस्ती देखने को मिली। टू-व्हीलर सेगमेंट में कंपनी ने 3,41,887 यूनिट्स बेचीं, जो सालाना आधार पर सिर्फ 2प्रतिशत ज्यादा रही। वहीं, घरेलू बिक्री 12प्रतिशत घटकर 1,84,109 यूनिट्स पर आ गई। लेकिन एक्सपोर्ट्स ने इस गिरावट की भरपाई कर दी। कंपनी ने अगस्त में 1,57,778 यूनिट्स एक्सपोर्ट किए, जो 25प्रतिशत की जोरदार बढ़त है। कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में बजाज के लिए और भी बेहतर प्रदर्शन किया।

इस श्रेणी में कुल बिक्री 21प्रतिशत बढ़कर 75,729 यूनिट्स पर पहुंच गई। खासतौर पर एक्सपोर्ट्स में 58प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि देखने को मिली, जो 27,440 यूनिट्स तक पहुंच गई। वहीं, घरेलू बाजार में भी 7प्रतिशत बढ़त दर्ज हुई और बिक्री 48,289 यूनिट्स रही। विशेषज्ञों का मानना है कि फेस्टिव सीजन आने से कंपनी की घरेलू बिक्री में भी सुधार होगा।

## एनलॉन हेल्थकेयर की बाजार में धीमी लेकिन स्थिर शुरुआत




**नई दिल्ली ।** एनलॉन हेल्थकेयर लिमिटेड के शेयरों ने बुधवार को शेयर बाजार में धीमी शुरुआत की। कंपनी के शेयर बीएसई पर 91 रुपए के निर्गम मूल्य पर सूचीबद्ध हुए, जबकि एनएसई पर यह एक प्रतिशत की बढ़त के साथ 92 रुपए पर लिस्ट हुआ। लिस्टिंग के समय कंपनी का बाजार पूंजीकरण 487.93 करोड़ रुपए रहा। कंपनी के 121 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और अंतिम दिन तक इसे 7.12 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। आईपीओ का मूल्य दायरा 86 से 91 रुपए प्रति शेयर तय किया गया था।

हालांकि लिस्टिंग प्रीमियम सीमित रहा, लेकिन मजबूत सब्सक्रिप्शन यह दर्शाता है कि निवेशकों में कंपनी को लेकर विश्वास है। आगे की कीमतों पर नज़र रखने से निवेशकों को स्पष्ट रणनीति बनाने में मदद मिल सकती है।

## वीवो एक्स300स्मार्टफोन अक्टूबर में होगा लॉन्च

**नई दिल्ली ।** चाइनीज कंपनी वीवो ने फ्लैगशिप सीरीज़ वीवो एक्स300 स्मार्टफोन अक्टूबर में लॉन्च होगा। यह दुनिया का पहला फोन होगा जिसमें डायमेंसिटी 9500 चिपसेट दिया जाएगा। वीवो एक्स300 का सबसे बड़ा हाइलाइट इसका कैमरा सेटअप है। इसमें 200एमपी का प्राइमरी कैमरा होगा, जो खासतौर पर वीवो के लिए तैयार किया गया सैमसंग एचपीबी सेंसर है। यह सेंसर 23एमएम अल्ट्रा-क्लियर आउटपुट और 50एमएम हाई-रेज़ॉल्यूशन शॉट्स को सपोर्ट करता है। इसमें ड्रेसिस टी कोटिंग और ब्लू ग्लास भी है, जिससे फोटो की क्वालिटी और भी बेहतर हो जाती है। इसके अलावा फोन में 50एमपी अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 50एमपी पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस मिलेगा। पेरिस्कोप लेंस में सोनी आईएमएक्स 885 सेंसर और 3एक्स ऑप्टिकल जूम होगा, जो मैक्रो फोटोग्राफी को भी सपोर्ट करेगा। लीक के मुताबिक वीवो एक्स300 प्रो वेरिएंट में 200एमपी पेरिस्कोप टेलीफोटो, 50एमपी अल्ट्रा-वाइड और 50एमपी प्राइमरी कैमरा का बेहतर और भी एडवांस सेटअप मिलेगा।

# सोने-चांदी की कीमतों ने बनाया नया रिकॉर्ड

### - सोना 1,06,199 प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,25,249 प्रति किलो



**नई दिल्ली ।** घरेलू वायदा बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों ने नए रिकॉर्ड बनाए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर वायदा सोना 1,06,199 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। सुबह के कारोबार में यह कॉन्ट्रैक्ट 407 की तेजी के साथ खुला और खबर लिखे जाने तक 1,06,060 रुपए पर कारोबार कर रहा था। सोने के दामों में लगातार हो रही तेजी के पीछे वैश्विक अनिश्चितता, डॉलर में कमजोरी और सुरक्षित निवेश के प्रति बढ़ती मांग को कारण माना जा रहा है। इस महीने अब तक सोने ने 1,06,199 रुपए का नया शिखर छू लिया है। दूसरी ओर, चांदी के दामों में मंगलवार को रिकॉर्ड तेजी के बाद आज थोड़ी नरमी देखी गई। एमसीएक्स पर दिसंबर वायदा चांदी 89 रुपए की गिरावट के साथ 1,24,441 प्रति किलो पर खुली। दिन के दौरान यह 1,24,432 रुपए के स्तर तक फिसल गई। हालांकि इस महीने इसका उच्चतम स्तर 1,25,249 रुपए रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना-चांदी मजबूत स्थिति में हैं। कॉमेक्स पर सोना 3,600 डॉलर प्रति औंस पर खुला और खबर लिखे जाने तक 3,597.20 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। इसने साल का उच्चतम स्तर 3,616.90 डॉलर छू लिया है। वहीं, चांदी 41.15 डॉलर पर खुलकर 41.26 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता बनी रही तो सोने-चांदी की कीमतों में और तेजी देखी जा सकती है।

## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 9 पैसे की बढ़त के साथ ही 88.06 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे की बढ़त के साथ 88.00 के स्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को रुपया अपने अब तक के सर्वकालिक निचले स्तर 88.15 पर बंद हुआ था। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया आज 88.15 पर खुला और बाद में 88.00 तक मजबूत हुआ। हालांकि, विदेशी निवेशकों द्वारा पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों में डॉलर की मजबूती के कारण रुपये की बढ़त सीमित रही। डॉलर सूचकांक, जो डॉलर की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले स्थिति को दर्शाता है, 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 98.48 पर पहुंच गया। विशेषज्ञों का मानना है कि निकट भविष्य में डॉलर की चाल और विदेशी निवेश की दिशा रुपये की स्थिति तय करेगी। बाजार सहभागियों की नजर अब अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और फेडरल रिजर्व की नीति पर टिकी है।




## अर्बन कंपनी का 1,900 करोड़ का आईपीओ 10 सितंबर से खुलेगा

**नई दिल्ली ।** मोबाइल ऐप आधारित घरेलू एवं सौंदर्य सेवा मंच अर्बन कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए 98 रुपए से 103 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का कुल मूल्यांकन 14,790 करोड़ रुपए के करीब आंका गया है। आईपीओ 10 से 12 सितंबर तक खुलेगा, जबकि एंकर निवेशक 9 सितंबर को बोली लगाएंगे। कंपनी नए शेयर जारी कर 472 करोड़ रुपए जुटाएगी, जबकि मौजूदा निवेशक 1,428 करोड़ रुपए के शेयर बेचेंगे। प्रमुख निवेशक एक्सेल इंडिया, बेसेमर इंडिया कैपिटल, एलिवेशन कैपिटल सहित अन्य शेयर बेचेंगे। आईपीओ से मिले पैसे का इस्तेमाल नई तकनीक, क्लाउड अवसंरचना, मार्केटिंग और कॉर्पोरेट कार्यों के लिए किया जाएगा। गुरुग्राम स्थित अर्बन कंपनी घरेलू सेवाओं में डिजिटल बदलाव ला रही है और निवेशकों के लिए अच्छा अवसर प्रस्तुत कर रही है।

## देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में 15 साल के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली ।** देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त 2025 में 15 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यह वृद्धि मुख्य रूप से मांग की बेहतर स्थिति और नए ऑर्डर तथा उत्पादन में तेजी से हुई बढ़ोतरी के कारण संभव हुई है। एचएसबीसी इंडिया के मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई के 60.5 से बढ़कर अगस्त में 62.9 हो गया। यह जून 2010 के बाद सेवा क्षेत्र में विस्तार की सबसे तेज दर को दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार और 50 से नीचे अंक का मतलब संकुचन होता है। सर्वेक्षण के अनुसार अगस्त में मांग में उल्लेखनीय सुधार ने नए ऑर्डर और गतिविधियों को 15 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया। इसके साथ ही, उत्पादन शुल्क में भी जुलाई 2012 के बाद सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। मुद्रास्फीति की दर नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिससे कीमतों में तेजी आई। एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक जुलाई के 61.1 से बढ़कर अगस्त में 63.2 हो गया, जो 17 वर्षों में सबसे तेज विस्तार का संकेत है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि यह सेवा और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों में व्यापक उत्पादन वृद्धि को दर्शाता है। इस सर्वेक्षण में लगभग 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों के जवाबों को शामिल किया गया है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का संकेत देते हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 410, निफ्टी 135 अंक ऊपर आया




**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बीच ही लिवाली (खरीदारी) बढ़ने से बाजार बढ़त पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 409.83 अंक की तेजी के साथ ही 80,567.71 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 135.45 अंक बढ़कर 24,715.05 पर बंद हुआ हालांकि आज कारोबार के दौरान लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 368.10 अंक की तेजी के साथ 57,345.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 157.15 अंक की मजबूती के साथ 17,748.45 पर था। सेक्टोरल आधार पर मेटल, पीएसयू बैंक, फार्मा, कमोडिटीज और ऑटो शेयर लाभ के साथ ही बढ़त पर बंद हुए। केवल आईटी और मीडिया शेयरों में ही गिरावट दर्ज की गयी।

सेंसेक्स के शेयरों की बात करें तो टाटा स्टील, टाइटन, एमएंडएम, आईटीसी, इटरनल, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व के शेयर लाभ में रहे। इन्फोसिस, एनटीपीसी, एचयूएल, टीसीएस, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर लाभ में रहे।

बाजार में बढ़त के पीछे जीएसटी स्लैब को संभावित रूप से तर्कसंगत बनाने की संभावना भी है। उससे भी बाजार में उत्साह का माहौल है। जीएसटी परिषद की बैठक आज से शुरू हो गई है और शुक्रवार को इसके फैसलों की घोषणा होगी। इसमें दरों में कमी की संभवना है। इससे पहले आज सुबह भारतीय शेयर बाजारों की शुरुआत अच्छी रही पर जल्द ही बाजार नीचे आ गया। सेंसेक्स 100 अंकों की बढ़त के साथ 80,295.99 पर खुला पर थोड़ी ही देर में यह 32.41 अंक नीचे आकर 80,190.29 पर आ गया। इसी तरह निफ्टी ने 24,616 के स्तर से शुरुआत की पर इसके बाद यह मामूली 2.05 अंकों की गिरावट के साथ 24,593 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर आज वैश्विक स्तर पर भी बाजारों में गिरावट रही। अमेरिका के डाउ जोंस, एसएंडपी 500 और नैस्डैक मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वॉल स्ट्रीट पर मंगलवार को गिरावट के बाद बुधवार सुबह एशियाई बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को लेकर नई चिंताओं के कारण सेंटीमेंट्स प्रभावित हुए। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.5 फीसदी, जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.35 फीसदी गिरावट में रहा और दक्षिण कोरिया का कोस्पी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर रहा। डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 0.55 फीसदी गिरा, एसएंडपी 500 0.69 फीसदी कमजोर हुआ और टेक-हैवी नैस्डैक कंपोजिट 0.82 फीसदी नीचे गया।

## सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की आवास ऋण बाजार में हिस्सेदारी बढ़ी, निजी बैंक पीछे

**मुंबई ।** अप्रैल-जून तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने आवास ऋण बाजार में अपनी हिस्सेदारी में बड़ी बढ़ोतरी की है। क्रिफ हाई मार्क की रिपोर्ट के अनुसार, जून 2025 तक पीएसबी की हिस्सेदारी 46.2 प्रतिशत पहुंच गई, जो पिछले वर्ष इसी महीने 37.6 प्रतिशत थी। इसके विपरीत, निजी क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी 35.2 प्रतिशत से घटकर 28.2 प्रतिशत रह गई। निजी बैंक स्थिरता की कमी और उच्च ब्याज दरों की शिकायत करते रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के आवास ऋणों में डिफ़ॉल्ट की दर 2.85 प्रतिशत है, जबकि निजी बैंकों में यह केवल 1.04 प्रतिशत है। यह दर्शाता है कि पीएसबी ने बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाई है, पर उन्हें डिफ़ॉल्ट की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

## अमेरिका और भारत के बीच व्यापार लंबे समय से एकतरफा रहा- ट्रंप



**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में भारत पर लगाए गए 50 फीसदी आयात शुल्क का कड़ा बचाव किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार लंबे समय से एकतरफा रहा है, जिसमें भारत ने अमेरिकी सामानों पर भारी शुल्क लगाया जबकि अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान आसानी से प्रवेश कर जाते थे। ट्रंप ने बताया कि भारत ने कई उत्पादों पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाया है, जिससे अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो गया है। ट्रंप ने हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले उस पर भारत में 200 फीसदी तक शुल्क था, जिससे अमेरिकी उत्पाद महंगे और अप्रतिस्पर्धी हो गए। कंपनी ने बाद में भारत में उत्पादन शुरू कर दिया ताकि भारी शुल्क से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के कारण अमेरिकी कंपनियों के लिए व्यापार करना कठिन हो गया है, जबकि भारतीय कंपनियों के लिए अमेरिकी बाजार खुला रहा। ट्रंप ने आरोप लगाया कि भारत अधिकांश तेल और सैन्य सामान रूस से खरीदता है और अमेरिका से बहुत कम खरीदता है, जिससे अमेरिका के लिए अवसर कम हो रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई कंपनियां चीन, मेक्सिको और कनाडा से अमेरिका आ रही हैं ताकि वे शुल्क से बच सकें और अमेरिकी प्रोत्साहनों का लाभ उठा सकें। वहीं, भारत ने अमेरिका के शुल्क को अनुचित और असंगत बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार किसानों, छोटे उद्योगों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं करेगी।

# युवा निवेशकों के लिए सही समय से ज्यादा जरूरी है समझ और अनुशासन



**मुंबई ।** अधिकांश लोग सोचते हैं कि निवेश का सही समय पकड़कर बड़ा फायदा उठाया जा सकता है, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह सोच हमेशा सही नहीं होती। बाजार के उतार-चढ़ाव का सही अनुमान लगाना मुश्किल है। सही समय का इंतजार करते-करते कई मौके निकल सकते हैं। इसलिए नियमित और लॉन्ग टर्म निवेश को प्राथमिकता देनी चाहिए। एक बाजार विशेषज्ञ बताते हैं कि निवेश में सबसे जरूरी है स्पष्ट फाइनेंशियल गोल बनाना। इससे खर्च और निवेश की योजना बनाना आसान होता है। इसके अलावा, 3 से 6 महीने के खर्च के बराबर इमरजेंसी फंड बनाना अनिवार्य है, ताकि अचानक आने वाली वित्तीय जरूरतों को आसानी से पूरा किया जा सके। जितनी जल्दी निवेश शुरू किया जाएगा, उतना ही कंपाउंडिंग का फायदा मिलेगा। समय के साथ निवेश की कीमत बढ़ती है और यह लंबी अवधि में धन संचित करने का सबसे अच्छा तरीका है। अक्सर लोग बिना रिसर्च किए दोस्तों या रिश्तेदारों की सलाह पर निवेश कर लेते हैं, जो नुकसानदेह साबित हो सकता है। कई बार सलाहकारों का मकसद कमीशन कमाना होता है, इसलिए खुद समझकर और शोध करके ही निवेश करें। निवेश को विभिन्न माध्यमों में फैलाना यानी डाइवर्सिफिकेशन, बाजार गिरने पर नुकसान को कम करता है। युवा निवेशकों के लिए म्युचुअल फंड जैसे प्रोफेशनल और डाइवर्सिफाइड निवेश उत्पाद सबसे बेहतर विकल्प हैं, जो सुरक्षित और कम जोखिम वाले होते हैं।

## टीबीओ टेक क्लासिक वेकेशंस का अधिग्रहण करेगी

**मुंबई ।** यात्रा वितरण प्लेटफॉर्म टीबीओ टेक ने अमेरिका स्थित लक्जरी ट्रैवल कंपनी क्लासिक वेकेशंस का अधिग्रहण करने के लिए द नजफी कंपनीज के साथ समझौता किया है। यह कदम टीबीओ टेक के लिए उत्तरी अमेरिकी बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। क्लासिक वेकेशंस की अधिग्रहण प्रक्रिया फीनिक्स स्थित निवेश कंपनी द नजफी कंपनीज के माध्यम से पूरी हुई है, जिन्होंने 2021 में एक्सपीडिया ग्रुप से क्लासिक वेकेशंस को खरीदा था। टीबीओ टेक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी की विकास रणनीति को आगे बढ़ाता है। उन्होंने यह भी कहा कि टीबीओ क्लासिक वेकेशंस को अपनी प्रणाली के साथ एकीकृत करेगा और भविष्य में इसी तरह के रणनीतिक गठबंधनों के लिए तैयार रहेगा। अंकुश ने इस अधिग्रहण को टीबीओ की वैश्विक विस्तार योजना के हिस्से के रूप में देखा है। क्लासिक वेकेशंस की सीईओ ने बताया कि टीबीओ के साथ मिलकर वे क्लासिक वेकेशंस को लक्जरी यात्रा के क्षेत्र में एक प्रमुख साझेदार के रूप में मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी से कंपनी की वैश्विक पहुंच और ग्राहकों तथा आपूर्तिकर्ताओं के साथ संबंध और भी मजबूत होंगे।

# गृह मंत्री अमित शाह बिहार भाजपा के नेताओं के साथ करेंगे चुनाव पर मंथन



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ी बैठक बुलाई है। यह बैठक आज दिल्ली में होगी। इसके लिए बिहार भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता दिल्ली तलब किए गए हैं। दोनों उपमुख्यमं सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवल समेत सभी वरिष्ठ नेता दिल्ली पहुंच चुके हैं। भाजपा सूत्रों की मानें तो बिहार चुनाव को लेकर अमित शाह ने यह बैठक बुलाई है। इसमें 243 सीटों पर बात की जाएगी। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सारे आंकड़ें और रिपोर्ट लेकर दिल्ली पहुंचे हैं। गृह मंत्री इस रिपोर्ट को देखेंगे। राजनीतिक पंडितों को मानें तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी? इसका फैसला अब तक नहीं लिया गया है। ऐसे में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बुलाई गई यह बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भाजपा प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल के अनुसार, बिहर में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा होगी। इसमें गृह मंत्री अमित शाह भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। सूत्रों की मानें तो एनडीए के अंदर इस बार सीटों का बंटवारा इस तरह से हो रहा है कि जनता दल यूनाईटेड एक तरफ है और दूसरी तरफ भाजपा व बाकी दल। एनडीए में बिहार विधानसभा की 243 में से 100 सीटें जदयू को मिल रही हैं। जदयू इसे बढ़ाने की कोशिश में है, लेकिन भाजपा उसे इतने पर राजी कराने की कोशिश में है। भाजपा के कोटे में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा है। भाजपा को 143 सीटों में से अपने पास 100+ रखकर बाकी को बांटना है। वहीं चिराग पासवान 40 तक सीटें चाह रहे हैं, लेकिन उन्हें 20 से अधिक सीटें नहीं देने की राय बनी हुई है। वहीं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख व सांसद उपेंद्र कुशवाहा 10 सीटों की मांग कर रहे हैं। भाजपा उनके लिए एक रास्ता तलाश रही है ताकि विधानसभा के सीट बंटवारे में उन्हें संतुष्ट किया जा सके।

# गर्भवती महिला की मौत को लेकर बवाल



## परिजनों ने लगाया गंभीर आरोप, डॉक्टर और स्टाफ सब हुए फरार

चंपारण। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को स्वास्थ्य व्यवस्था की बड़ी लापरवाही सामने आई है। नगर के हॉस्पिटल रोड स्थित न्यू पारस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। स्थिति बिगड़ते देख अस्पताल प्रबंधन ने आनन-फानन में क्लिनिक पर ताला जड़ दिया और डॉक्टर व स्टाफ फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, लौरिया थाना क्षेत्र के सुअर छापर निवासी चंदन कुशवाहा की पत्नी रश्मि कुमारी को परिजन इलाज कराने न्यू पारस हॉस्पिटल लाए थे। गर्भवती महिला को एडमिट करने के बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन की तैयारी शुरू कर दी। इसी बीच उसे कुछ इंजेक्शन दिया गया, जिसके बाद अचानक महिला की हालत बिगड़ गई। देखते ही देखते उसने दम तोड़ दिया।महिला की मौत के बाद परिजन काफी आक्रोशित हो गए। उनका कहना है कि क्लिनिक प्रबंधन की लापरवाही के कारण गर्भवती महिला की जान गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल दलालों के जरिए मरीजों को फंसाता है और बिना पर्याप्त सुविधा के इलाज कराता है, जिससे आए दिन मरीजों की मौत होती है। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में भारी संख्या में लोग जुट गए। भीड़ बढ़ते देख डॉक्टर और स्टाफ क्लिनिक में ताला बंद कर फरार हो गए। वहीं, आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और नगर थाना को जानकारी दी।

# मुजफ्फरपुर के लिए खुशखबरी, 589 करोड़ रु. की लागत से बनेगा 'सुपर स्ट्रक्चर पुल'

मुजफ्फरपुर । बिहार सरकार ने मुजफ्फरपुर और सारण जिले को जोड़ने वाले एक उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मंजूरी दी है। 589 करोड़ रुपये की लागत से गंडक नदी पर इस पुल का निर्माण होगा। इसके बन जाने से दोनों जिलों के बीच विकास का एक नया अध्याय खुलेगा। लंबे समय से इस पुल के निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। राज्य सरकार की कैबिनेट ने गंडक नदी पर एक बृहद पुल निर्माण की स्वीकृति दी है, जिसे जिलेवासियों के लिए बड़ी सौगात माना जा रहा है। मुजफ्फरपुर



जिले के पारू प्रखंड क्षेत्र के फतेहाबाद से सरैया प्रखंड के चंचलिया तक उच्च स्तरीय पीएससी बॉक्स सेल सुपर स्ट्रक्चर मुख्य पुल का निर्माण किया जाएगा। इसकी लागत 589 करोड़ रुपये होगी और प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है। वर्तमान में पारू प्रखंड के फतेहाबाद से सारण जिले के तरैया जाने के लिए लोगों को रेवा घाट पुल होकर लगभग 49 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती है। इस नए पुल के बन जाने के बाद दूरी घटकर केवल 10 किलोमीटर रह जाएगी। यानी लोगों का 39 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर खत्म हो जाएगा। इससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी तथा आवागमन सुगम और सुरक्षित बनेगा। इस पुल से मुजफ्फरपुर जिले के पारू और सरैया प्रखंड सीधे सारण जिले के तरैया प्रखंड क्षेत्र से जुड़ जाएंगे। इसके बाद जिले के लोगों की पहुँच सिवान और सारण तक भी आसान हो जाएगी। व्यापार, कृषि और अन्य गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। किसान अपने उत्पाद आसानी से बड़े बाजारों तक पहुंचा सकेंगे और व्यापारियों के लिए माल की ढुलाई और वितरण आसान होगा। डीएम सुब्रत सेन ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान जिले के लिए कई विकास योजनाओं की घोषणा की गई थी। इन योजनाओं का शिलान्यास मुख्यमंत्री के कर-कमलों से हो चुका है। अब गंडक नदी पर बनने वाला यह सुपर स्ट्रक्चर पुल न केवल तीन जिलों के लोगों को सीधा आवागमन और कनेक्टिविटी देगा बल्कि यह पूरे उत्तर बिहार के लिए 'प्रगति का सेतु' साबित होगा। यह पुल दो प्रखंडों को जोड़ने के साथ ही जिले के विकास की दिशा में मील का पत्थर बनेगा। इससे पहले बूढ़ी गंडक नदी पर भी पुल निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है और दो अन्य पुलों का निर्माण कराया जा रहा है।

## दो पक्षों में मारपीट, 4 लोग जख्मी

पूर्णिया। जमीन विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में दोनों पक्षों के बीच जमकर हथियार और लाठी डंडे चले। इसमें दोनों पक्षों से 4 लोग घायल हो गए। विवाद बढ़ता देख स्थानीय बीच बचाव में कूदे, जिसके बाद किसी तरह मामला शांत हुआ। मामला मरंगा थाना क्षेत्र के विक्रमपट्टी का है। घटना के बाद आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने घायलों को आनन फानन में पूर्णिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां घायलों का इलाज जारी है। घायलों में एक पक्ष से मो शाहनवाज और उसके भाई दाऊद आलम जबकि दूसरे पक्ष से मो. सोहेल व मो मुजफ्फर शामिल है।

## संक्षिप्त डायरी

### भागलपुर में पत्नी पर पति के मर्डर का आरोपःमां बोली- बहू का था अवैध संबंध, ससुराल वालों ने मिल कर मार डाला



भागलपुर। नवगछिया के नारायणपुर नवटोलिया वार्ड संख्या-13 निवासी होमगार्ड के जवान विवेकानंद चौधरी के बेटे छोटू कुमार उर्फ आनंद (30) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने खाने में जहर मिलाकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में मृतक की मां रिंकु देवी के बयान पर नवगछिया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। रिंकु देवी ने मृतक की पत्नी कृति झा, ससुर प्रकाश झा और सास वंदना झा को नामजद किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कृति झा का किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध था। इसी कारण पति-पत्नी में विवाद होता रहता था। रिंकु देवी ने कहा कि विवाद बढ़ने के बाद ससुराल वालों ने मिलकर बेटे को जहर देकर मार डाला। मृतक की मां ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा सोमवार को ससुराल राजेंद्र कॉलोनी गया था। शाम को अचानक बहू कृति झा का फोन आया कि ह्लआपका लड़का मर गया है, आकर ले जाइए ह्व इसके बाद परिवार आनन-फानन में वहां पहुंचे। गंभीर हालत में छोटू को नवगछिया अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए जेएलएनएमसीएच मायागंज रेफर किया गया। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद आनंद को मृत घोषित कर दिया। इधर, मंगलवार को ही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था। घटना के बाद घर में मातम पसर गया। परिजन रो-रोकर बदहवास हैं। मृतक की मां ने बरारी थाना पुलिस को दिए अपने बयान में भी स्पष्ट कहा कि ससुराल पक्ष ने ही बेटे की हत्या की है। नवगछिया एसपी प्रेरणा कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है। पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) और नवगछिया थानाध्यक्ष को पूरे मामले की जांच का जिम्मा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### औरंगाबाद में मरीज की मौत, परिजनों का हंगामा

औरंगाबाद। सदर अस्पताल में मंगलवार की रात हंगामा हुआ है। यहां अस्पताल में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। इसके बाद मरीज के परिजनों ने हंगामा करते हुए ब्लड बैंक कर्मियों पर ब्लड नहीं देने का आरोप लगाते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। परिजनों का आक्रोश देखकर ब्लड बैंक में कार्यरत कर्मी ब्लड बैंक बंद कर भाग खड़े हुए। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिजौली बसडीहा गांव निवासी 35 वर्षीय रामकरण पासवान के रूप में की गई है। मरीज की मौत के बाद नशे की हालत में अस्पताल पहुंचे कुछ परिजनों ने ब्लड बैंक के कर्मियों पर ब्लड नहीं देने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया और ड्यूटी में तैनात कर्मी रवि मिश्रा का पिटाई कर दिया। सदर अस्पताल में हंगामा और ब्लड बैंक कर्मी की मरीज के परिजनों के पिटाई किए जाने के दौरान सदर अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मी, नगर थाना के एसआई गोपाल कुमार, सुनील कुमार, मो अख्तर, सहायक अवर निरीक्षक के बी यादव व अन्य ब्लड बैंक के कर्मियों के पहुंचने पर मामले को नियंत्रित किया गया।

# ऑपरेशन के बाद बुजुर्ग की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

आरा। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जज कोठी स्थित प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन के बाद एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक बुजुर्ग शाहपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर वार्ड नंबर 5 निवासी स्व.रामजीत पांडेय के 70 साल का बेटा अंगद पांडेय है। बुजुर्ग की मौत के बाद उनके परियों ने प्राइवेट क्लीनिक में जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पाकर नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहार पुलिस बल के साथ प्राइवेट अस्पताल पहुंचे और परिजनों को समझा-बुझाकर उन्हें शांत कराया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक के बेटे रविंद्र पांडेय ने बताया कि वह हर्निया की बीमारी से ग्रसित थे और कुछ दिन पहले उन लोगों ने बक्सर में उनका जांच कराया था। मंगलवार की सुबह वह आरा शहर के जज कोठी स्थित प्राइवेट अस्पताल में उन्हें इलाज के लिए लाए थे। जहां डॉक्टर ने देख कर बोला कि इनका तत्काल ऑपरेशन करना होगा। साथ ही उन्होंने कहा



कि आयुष्मान पर अभी ऑपरेशन नहीं हो पाएगा। आप लोगों को ऑपरेशन का नगद पैसा देना होगा। जिसके बाद परिजनों ने कहा कि ठीक है। लेकिन कोई दिक्कत तो नहीं होगा तो डॉक्टर ने कहा कि नहीं कोई दिक्कत नहीं होगा। इसके बाद बक्सर में कराए जांच के रिपोर्ट के आधार पर ही डॉक्टर ने उनका हर्निया का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन करने के करीब दो घंटे बाद ही उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई। जिसके बाद डॉक्टर ने उन्हें रेफर कर दिया। जब परिजनों ने देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने प्राइवेट क्लीनिक में जमकर हंगामा किया। दूसरी तरफ मृतक के बेटे रविंद्र पांडेय ने प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने के कारण अपने पिता की मौत होने का आरोप लगाया है।

## कहां है मखाना बोर्ड, क्या हम सिर्फ चुनावी मुद्दा

# मखाना किसान बोले- राहुल आए अच्छा लगा, लेकिन हमारी जेबें खाली

कटिहार। के तिनपनिया गांव में रहने वाले नजमुल हक खेत में काम कर रहे थे। मखाना की खेती करते हैं। घुटने तक पानी में खड़े होकर मखाने का बीज लगा रहे थे। तभी सामने से भीड़ आई। कैमरे, सिक्योरिटी गार्ड, पार्टियों के झंडे दिखने लगे। इस भीड़ में राहुल गांधी भी थे। राहुल आए, घुटनों से ऊपर तक पैंट मोड़ी और खेत में उतर गए। नजमुल से बात की। फोटो खिंचाई। नजमुल अचानक सेलिब्रिटी हो गए। मीडिया वाले उनका इंटरव्यू लेने लगे। ये 23 अगस्त दोपहर एक बजे की बात है। राहुल की वोटर अधिकार यात्रा कटिहार पहुंची थी। तभी राहुल मखाना किसानों से मिले। राहुल के जाते ही शोर शांत हो गया। नजमुल आज भी घुटनों तक पानी में खड़े होकर मखाने के बीज लगा रहे हैं। नजमुल की तरह मधुबनी, दरभंगा, सीतामढ़ी, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार के हजारों किसानों का दर्द है कि वे हर बार चुनाव में मुद्दा बनते हैं, फिर भुला दिए जाते हैं।देश का 85% मखाना बिहार में तैयार होता है। करीब 25 हजार



किसान इसकी खेती करते हैं। करीब 5 लाख लोग इसके कारोबार से जुड़े हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में अपने बजट भाषण में मखाना बोर्ड बनाने का ऐलान किया था, लेकिन बोर्ड पर अभी काम ही चल रहा है।मखाना किसानों की परेशानियां समझने दैनिक भास्कर कटिहार और पूर्णिया पहुंचा। यहां हम उन लोगों से मिले, जिनसे राहुल गांधी ने मुलाकात की थी। खेतों, तालाबों, भट्ठियों और गोदामों तक भी गए।किसान का मखाना 250 रुपए किलो, मार्केट में 2 हजार काकटिहार में हम सबसे पहले नजमुल हक से मिले। पहला सवाल राहुल गांधी से मुलाकात पर पूछा। नजमुल बताते हैं, 'वे (राहुल) आए और मुझसे पूछा कि मखाना कैसे उगाते हैं। मैंने उन्हें बताया कि यह बहुत मेहनत का काम है। पहले खेत की जुताई होती है। फिर खाद डालकर मेड़ बांधते हैं। पानी भरा जाता है। इसके बाद बीज बोते हैं। चार महीने तक देखभाल करने के बाद फसल तैयार होती है।नजमुल हक कहते हैं, ह्यमैंने राहुल को बताया कि इतनी मेहनत के बाद भी हमें सही कीमत नहीं मिलती। मखाना के कच्चे बीज को गुरिया बोलते हैं। इसका भाव 250 रुपए किलो मिलता है। तालाब में उतरकर बीज निकालने वाले मजदूर को सिर्फ 40 रुपए किलो के हिसाब से दिहाड़ी मिलती है। हमने नजमुल हक से पूछा, लेकिन मार्केट में तो मखाना बहुत महंगा मिलता है, करीब 2 हजार रुपए किलो तक रेट हैं। वे बताते हैं, ह्यहम अपनी फसल लोकल कारोबारियों को बेचते हैं। वे आगे मुनाफा कमाते हैं।' 'सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि सरकार से कोई मदद नहीं मिलती। गेहूं-धान की फसल खराब होने पर किसानों को मुआवजा मिलता है, वैसा हमारे लिए नहीं है। हमारी यही मांग है कि फसल खराब हो, तो सरकार हमें मुआवजा दे।' सरकार की योजनाएं कागज पर, किसानों के लिए कुछ नहीं कटिहार से सटे पूर्णिया में मखाने की सबसे ज्यादा खेती होती है। यहां मखाना विकास योजना, एक जिला-एक उत्पाद जैसी योजनाएं चल रही हैं। पूर्णिया के सबुतर गांव में रहने वाले शाहजहां 1994 से मखाने की खेती कर रहे हैं। वे कहते हैं, ह्यसरकार की योजनाएं सिर्फ कागज पर हैं। जमीन पर किसानों के लिए कुछ नहीं है। सरकार ने मखाना बोर्ड बनाने का वादा किया था, उसका क्या हुआ? शाहजहां जवाब देते हैं, ह्यहमने भी सुना था कि मखाना बोर्ड बनेगा, लेकिन उसकी घोषणा ही हुई है। आज तक कोई पूछने नहीं आया। सरकार से मांग है कि हमारे लिए मार्केटिंग सिस्टम बनाए। अगर फसल बेचने के लिए अच्छा बाजार मिलेगा, तो सही रेट मिलेगा। किसानों की स्थिति अपने आप बेहतर हो जाएगी। मखाना फोड़ने वालों की डिमांड- गांव में प्रोसेसिंग यूनिट खुल जाए मखाने के कारोबार का अहम हिस्सा 'फोड़ीवाले' भी हैं। फोड़ीवाले यानी जो गर्म कड़ाही से निकले बीजों को लकड़ी के हथौड़े से पीटकर लावा निकालते हैं।

# युवक की गिरफ्तारी पर लोगों ने पुलिस पर किया भीषण हमला, चार कर्मी घायल

पटना। बिहार में शराबबंदी कानून को धता बताते हुए शराब माफियाओं का दुस्साहस दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला शिवहर जिले के पिपराही थाना क्षेत्र स्थित देकुली धाम का है, जहां मंगलवार की देर शाम उत्पाद विभाग की टीम छापेमारी करने पहुंची। तभी शराब तस्करों और उनके समर्थकों ने अचानक टीम पर हमला कर दिया। इस भीषण हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, छापेमारी के दौरान टीम ने एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग जुट गए और पुलिस पर हमला कर दिया। अफरातफरी के बीच लोगों ने गिरफ्तार युवक को छुड़ा लिया और पुलिस बल पर हमला करते हुए फरार हो गए। उत्पाद थाना प्रभारी निकिता कुमारी



ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि घायल पुलिसकर्मियों का इलाज कराया जा रहा है। हमलावरों की पहचान की जा रही है। मौके पर पहुंची पिपराही थाना पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और जांच शुरू कर दी है। यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले 27 जुलाई को तरियानी क्षेत्र के तुलसीनगर गांव में भी उत्पाद विभाग की टीम पर शराब माफियाओं ने हमला किया था, जिसमें आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। लगातार हो रहे हमलों से पुलिस-प्रशासन की सख्ती पर सवाल खड़े होने लगे हैं। लगातार हमले यह साफ दिखाते हैं कि शराब माफिया बेखौफ हो चुके हैं और अब पुलिस बल को भी निशाना बनाने से पीछे नहीं हट रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन ने बड़े स्तर पर अभियान नहीं चलाया, तो माफियाओं के हौसले और बुलंद होते जाएंगे।

# सीएम गया जी पहुंचे, विकास पुरुष जिंदाबाद के लगे नारे

## विष्णुपद मंदिर के देवघाट का लिया जायजा, पितृपक्ष मेला की तैयारियों को लेकर की बैठक

गयाजी। में आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे हैं। सीएम के पहुंचते ही सीएम नीतीश जिंदाबाद और विकास पुरुष जिंदाबाद के नारे लगे हैं। मुख्यमंत्री पटना से हवाई रास्ते से गयाजी 10 बजकर 40 मिनट पर पहुंचे। गांधी मैदान स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद वो सीधे विष्णुपद पहुंचे हैं। सीएम ने विष्णुपद मंदिर स्थित देवघाट का जायजा लिया है। वहां उन्होंने भगवान श्रीहरि का दर्शन किया और मंदिर परिसर में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। पितृपक्ष मेला को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा की हैं। जनता ईवीएम से बदला लेगी मंत्री संजय सरावगी



ने कहा है कि गयाजी में पूरे विश्व के लोग आते हैं। इसको लेकर सीएम हर साल चिंतित रहते है। इस कारण वो यहां जायजा ले रहे हैं और बैठक भी कर रहे हैं। पीएम की मां को गाली दी गई। ये देश की माताओं का अपमान है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जमता ईवीएम से बदला लेगी। बिहार के लोगों में इसको लेकर आक्रोश है। पूरे मिथिला को अपमानित किया गया है।मंदिर दर्शन के बाद मुख्यमंत्री का काफिला गया समाहरणालय पहुंचा। यहां सभा कक्ष में पितृपक्ष मेला की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। जिलाधिकारी सहित वरीय अधिकारियों से व्यवस्था की पूरी जानकारी ली गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करीब 12 बजे नगर प्रखंड के चाकंद उच्च विद्यालय पहुंचेंगे। यहां वे प्रगति यात्रा से जुड़ी नौ योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों और अन्य लाभुकों से सीधा संवाद भी करेंगे। सड़क चौड़ीकरण व मजबूती करण काम का शिलान्यास चाकंद से सीएम सड़क रास्ता से बेलागंज प्रखंड के बेला-पनारी पथ पर पहुंचे। यहां श्रीरामपुर से धनावां होते हुए शाकीर बिगहा तक सड़क चौड़ीकरण व मजबूती करण काम का शिलान्यास किया। इसके बाद वे पड़ाव मैदान, बेलागंज पहुंचे। मैदान में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।पड़ाव मैदान में कार्यकताओं से संवाद के बाद सीएम हेलीपैड के लिए करीब डेढ़ बजे रवाना हुए और पटना लौट गए। दिनभर की इस यात्रा में मुख्यमंत्री विकास योजनाओं का शिलान्यास किया, लाभुकों से मुलाकात की और पितृपक्ष मेला की तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की।



# बाली के इन मंदिरों को देखे बिना नहीं होगी इंडोनेशिया की ट्रिप पूरी

यदि बाली में सर्वश्रेष्ठ हिंदू मंदिर की बात की जाए, तो उसमें तनाह लोट मंदिर का नाम अवश्य लिया जाता है। तनाह लोट मंदिर एक पर्यटन स्थल के रूप में बहुत लोकप्रिय है। तनाह लोट मंदिर समुद्री क्षेत्र में एक बड़ी मूंगा चट्टान पर बना है।

**जब** भी बाली घूमने की बात होती है, तो यकीनन सबसे पहले वहां के शानदार बीचेस को एक्सप्लोर करने का ही ख्याल मन में आता है। लेकिन यहां का प्राकृतिक सौंदर्य जितना बेहतरीन है, उतने ही आकर्षक है यहां पर स्थित मंदिर। प्राचीन बाली में कई मंदिर ऊंचे इलाकों और तटों पर स्थित हैं, जो शानदार सदियों पुरानी वास्तुकला को समेटे हुए हैं। भले ही आप स्वभाव से धार्मिक हों या ना हो, लेकिन फिर भी आपको इन मंदिरों में एक बार जरूर जाना चाहिए। यह मंदिर आपको बाली के सांस्कृतिक पक्ष से रूबरू होने का मौका देते हैं, साथ ही साथ मंदिर के पीछे की दिलचस्प इतिहास को जानकर यकीनन बेहद रोमांचित होंगे। तो चलिए आज हम आपको बाली में स्थित कुछ बेहतरीन मंदिरों के बारे में बता रहे हैं-

## तनाह लोट मंदिर

यदि बाली में सर्वश्रेष्ठ हिंदू मंदिर की बात की जाए, तो उसमें तनाह लोट मंदिर का नाम अवश्य लिया जाता है। तनाह लोट मंदिर एक पर्यटन स्थल के रूप में बहुत लोकप्रिय है। तनाह लोट मंदिर समुद्री क्षेत्र में एक बड़ी मूंगा चट्टान पर बना है। तनाह लोट मंदिर क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए केवल तभी पहुँचा जा सकता है जब समुद्र का पानी कम हो। समुद्र के ज्वार के समय तनाह लोट मंदिर समुद्र के बीच में स्थित प्रतीत होता है। तनाह लोट मंदिर जाने का सबसे अच्छा समय सूर्यास्त से पहले दोपहर का है। दर्शन के बाद आप यहां पर सूर्यास्त भी अवश्य देखें। तनाह लोट में सूर्यास्त का दृश्य अद्वितीय और बाली में सबसे सुंदर दृश्यों में से एक है।

## उलुवातु मंदिर

उलुवातु मंदिर को बाली के लोगों द्वारा पुरा लुहुर उलुवातु भी कहा जाता है और यह बाली में छह मुख्य हिंदू मंदिरों में से एक है। उलुवातु मंदिर अपनी वास्तुकला की विशिष्टता के अलावा, उलुवातु मंदिर स्थान एक बहुत ही खड़ी चट्टान के किनारे पर स्थित है और चट्टानों की समुद्र तल से लगभग 70 मीटर की ऊँचाई है। यहां पर सूर्यास्त के दृश्य के अलावा, उलुवातु मंदिर स्थान से पर्यटक हिंद महासागर के दृश्यों को भी देख सकते हैं। यहां पर आप बाली के डांस भी अवश्य देखें, क्योंकि बाली में एकमात्र स्थान जो सूर्यास्त के दौरान बाली केकक नृत्य पेशकश करता है वह उलुवातु मंदिर में है।


## उलुन दानू बेरातन मंदिर

एक झील में एक स्वर्ग, वही वास्तव में उलुन दानू है। बेदुगुल में बेराटन झील के पश्चिमी किनारे पर स्थित, यह एक प्रसिद्ध फ्लोटिंग टेम्पल है, और बाली आने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक मनोरंजक स्थान है। इसकी संरचना के अलावा, यहाँ का शांत वातावरण और पॉजिटिविटभ् आपके मन, शरीर और आत्मा को फिर से जीवंत करने के लिए एकदम सही हैं। इंडोनेशिया के बाली के सभी मंदिरों में से यह सबसे शांत मंदिरों में से एक है।

## बेसकिह मंदिर

बाली के सभी हिंदू मंदिरों में से, बेसकिह यहां पर सबसे बड़ा और सबसे पवित्र मंदिर परिसर है। इसके प्रवेश द्वार से जो एक सीढ़ी की तरह लगता है जो आपको सीधे स्वर्ग में ले जाता है। यकीन मानिए, यहां का वातावरण आपको निश्चित रूप से विस्मय कर देगा! बाली, इंडोनेशिया के सभी मंदिरों में, यह निश्चित रूप से बाली के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है।

# मध्य प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन है 'पचमढ़ी', घूमने के लिहाज से है बेहतरीन



**मध्य प्रदेश** का इकलौता हिल स्टेशन, पचमढ़ी मध्य प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन है। इसे लोकप्रिय रूप से सतपुड़ा की रानी या क्वीन ऑफ़ सतपुड़ा कहा जाता है। यह हिल स्टेशन 1110 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व का हिस्सा है। यह हिल स्टेशन भारतीय इतिहास में भी एक पौराणिक महत्व रखता है। माना जाता है कि यह पांडवों के निर्वासन के दौरान उनका निवास स्थान था। पचमढ़ी पर्यटन स्थलों में कई गुफाएं, झरने, पहाड़ियां, मंदिर और वन्यजीव अभ्यारण्य शामिल हैं जो मध्य प्रदेश के इस खूबसूरत हिल स्टेशन को पर्यटकों के बीच लोकप्रिय बनाते हैं। आज के इस लेख में हम आपको पंचमढ़ी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की जानकारी देंगे -

## पांडव गुफाएं

पचमढ़ी में घूमने के लिए पांडव गुफाएं सबसे अच्छी जगहों में से एक हैं। शानदार सतपुड़ा पर्वतमाला की पृष्ठभूमि के साथ, पांडव गुफा 5 रॉक-कट बौद्ध मंदिरों का एक समूह है। पौराणिक स्रोतों से पता चलता है कि पांडव अपने निर्वासन के दौरान इन मंदिरों में रुके थे, इसलिए इसका यह नाम पड़ा। 9वीं शताब्दी में बने इन मंदिरों को सुंदर मूर्तियों और नक्काशी से सजाया गया है।

## बी फॉल्स

बी फॉल्स, पचमढ़ी में स्थित एक खूबसूरत झरना है। इसे जमुना प्रपात के नाम से भी जाना जाता है। यह जलप्रपात पचमढ़ी घाटी के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराता है। यह झरना एक सुंदर भनभनाहट के साथ बहता है इसलिए इसे बी फॉल्स के नाम से जाना जाता है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों के बीच, बी फॉल्स एक लोकप्रिय पिकनिक स्पॉट के तौर पर प्रसिद्ध है। बी फॉल्स में लोग अक्सर तैराकी के लिए जाते हैं। रोमांच पसंद करने वाले लोग धारा को पार करके, बी फॉल्स के माध्यम से दूसरे स्नान कुंड रजत प्रपात तक पहुंच सकता है।

## जटा शंकर गुफाएं

जटा शंकर गुफाएं, पचमढ़ी के सबसे पवित्र स्थलों में से एक हैं। प्रचलित लोककथाओं के अनुसार, यह वह स्थान माना जाता है जहां भगवान शिव ने भस्मासुर के प्रकोप से खुद को छुपाया था। जटा शंकर गुफाएं एक विशाल चट्टान की छाया के नीचे एक प्राकृतिक शिवलिंगम का दावा करती हैं। इसके साथ ही, गुफा में पत्थर का निर्माण शेषनाग से मिलता जुलता है। वहीं, गुफाओं में चट्टान का निर्माण भगवान शिव के उलझे हुए बालों से मिलता जुलता है, इसलिए इसका यह नाम पड़ा।

## धूपगढ़

धूपगढ़, सतपुड़ा श्रेणी का सबसे ऊँचा शिखर है, जिसकी ऊंचाई 1350 मीटर है। यह न केवल पचमढ़ी का उच्चतम बिंदु है बल्कि मध्य प्रदेश और मध्य भारत का उच्चतम बिंदु भी है। पचमढ़ी में सूर्यास्त देखना एक अद्भुत अनुभव है। इसके अलावा, यह स्थान एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल भी है। पर्यटकों के बीच, धूपगढ़ घूमने का सबसे अच्छा मौसम मानसून के दौरान होता है। बारिश के मौसम में यह स्थान बादलों से आच्छादित होता है।


## बड़ा महादेव गुफा

बड़ा महादेव गुफा, पचमढ़ी से लगभग 10 किमी दूर स्थित है। यह भगवान महादेव का एक पवित्र तीर्थ है। यह 60 फीट लंबी गुफा है, जिसके अंदर भगवान ब्रह्मा, भगवान विष्णु और भगवान गणेश के भी मंदिर हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, बड़ा महादेव गुफा वह स्थान है जहां भगवान विष्णु ने एक दिव्य सौंदर्य मोहिनी का रूप लेकर राक्षस भस्मासुर का वध किया था। इसमें गुफा से लगातार पानी गिरता रहता है जो एक कुंड में जमा हो जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस कुंड में स्नान करने से कई बीमारियों का इलाज होता है।

## रजत प्रपात


रजत प्रपात, पचमढ़ी का सबसे बड़ा जलप्रपात है। इस जलप्रपात का नाम रजत प्रपात इसलिए पड़ा क्योंकि जब इस पर सूरज की रोशनी पड़ती है तो यह चांदी के रंग में चमकता है। रजत प्रपात को 'सिल्वर फॉल' के नाम से भी जाना जाता है। यह झरना 107 मीटर की ऊँचाई से गिरता है। यह भारत का 30वां सबसे ऊंचा जलप्रपात है। रजत प्रपात को सतपुड़ा की रानी कहा जाता है।


# शहर की भागदौड़ से ब्रेक चाहते हैं तो घूम आइए हिमाचल की इन जगहों पर











**हिमाचल प्रदेश** देश की सबसे सुंदर जगहों में से एक है। यह राज्य अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शुद्ध और शांत वातावरण और प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों के लिए जाना जाता है। हिमाचल प्रदेश में बहुत से हिल स्टेशन हैं जहाँ देश-विदेश से लोग घूमने आते हैं। यहाँ के ऊंचे पहाड़, खुले हरे मैदान, प्राचीन मंदिर-मठ और नीले पानी की झील नदियाँ पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। शहरों की भीड़-भाड़ और शोर-गुल भरी ज़िंदगी से दूर यहाँ का शांत वातावरण पर्यटकों को शांति प्रदान करता है। आज के इस लेख में हम आपको हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध हिल स्टेशनों की जानकारी देंगे। अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इन जगहों को अपनी लिस्ट में ज़रूर शामिल करें-

## शिमला

शिमला हिमाचल प्रदेश की राजधानी होने के साथ-साथ हिमाचल का सबसे लोकप्रिय हिल स्टेशन भी है। 2200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह देश की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। शिमला का मॉल रोड, रिज, टॉय ट्रेन यहाँ आने वाले पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। शिमला में कई ऐतिहासिक मंदिर और इमारतें भी हैं जिसे देखने दूर-दूर से लोग यहाँ आते हैं। इस शहर की सुंदरता और शुद्ध वातावरण यहाँ आने पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

## मनाली

मनाली हिमाचल प्रदेश के सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशनों में से एक है। मनाली हिमाचल के कुल्लू जिले का एक हिस्सा है और यह पीर पंजाल और धौलाधार पर्वतमाला के बर्फ से ढकी ढलानों के बीच स्थित है। समुद्र तल से 1950 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह हिल स्टेशन अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर है। यहाँ के हरे-भरे जंगल, फूलों से सजे मैदान और नदी में बहता ताज़ा पानी पर्यटकों को इस जगह से प्यार करने पर मजबूर कर देता है। यहाँ आकर पर्यटकों को सुकून मिलता है। इस हिल स्टेशन में कई मंदिर, संग्रहालय और प्रसिद्द गाँव हैं। पर्यटक यहाँ पर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों पर ट्रेकिंग करते हैं और यहाँ की सुंदरता का आनंद लेते हैं।

## धर्मशाला

काँगड़ा घाटी से 17 किलोमीटर दूर स्थित धर्मशाला हिमचाल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय हिल स्टेशनों में से एक है। यहाँ के बर्फ से ढके धौलाधार पर्वत श्रृंखला इस जगह की खासियत हैं और इसे देश के सबसे खूबसूरत पर्यटक स्थलों में से एक है बनाते हैं। धर्मशाला को दलाई लामा के पवित्र निवास स्थान के रूप में भी जाना जाता है। इस शहर को अलग-अलग ऊंचाई के साथ दो हिस्सों में बाँटा गया है। इसके निचले हिस्से में धर्मशाला शहर और ऊपरी हिस्से को मैकलोडगंज के नाम से जाना जाता है। धर्मशाला में तिब्बती संस्कृति देखने को मिलती है और यहाँ बौद्ध धर्म के कई पवित्र स्थल हैं।

## स्पीति घाटी

समुद्री तल से 12,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित स्पीति घाटी हिमाचल प्रदेश की सबसे प्रसिद्ध जगहों में से एक है। यह घाटी चारों ओर से हिमालय से घिरी हुई है जो इस जगह को बेहद खास बनाते हैं। स्पीति घाटी में ठंडे रेगिस्तान, बर्फ से ढके पहाड़, घुमावदार सड़कें और सुरम्य घाटियाँ हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। यह जगह यहाँ आने वाले पर्यटकों को उत्साह और रोमांच से भर देती है। स्पीति घाटी देश की सबसे ठंडी जगहों में से एक है और यह जगह साल के लगभग 6 महीने मोटी बर्फ से ढकी होती है।

## कसौली

कसौली हिमाचल प्रदेश के सबसे मशहूर हिल स्टेशनों में से एक हैं। यह चंडीगढ़ से शिमला के रास्ते में स्थित एक छोटा सा पहाड़ी शहर है जो हिमालय पर्वत के निचले किनारों पर बसा हुआ है। हिमाचल के दक्षिण-पश्चिम भाग में स्थित कसौली शहरों की भीड़ और चकाचौंध से दूर बसा हुआ एक शांतिपूर्ण शहर है। देवदार के सुंदर जंगलो के बीच बसा कसौली शहर अंग्रेज़ों द्वारा बनाई गई भव्य विक्टोरियन इमारतों के लिए मशहूर है। कसौली की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण इसे हिमाचल के सबसे खास पर्यटन स्थलों में से एक बनाता है।

## किन्नौर

शिमला से लगभग 235 किलोमीटर की दूरी पर स्थित किन्नौर हिमाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय हिल स्टेशनों में से एक है। यह जगह को लैंड ऑफ़ गॉड के नाम से प्रसिद्ध है। किन्नौर सतलुज, बसपा और स्पीति नदी के बीच स्थित है और यह जगह अपने हरे-भरे मैदानों और चट्टानी पहाड़ों की सुंदरता के लिए काफी मशहूर है। किन्नौर का किन्नर कैलाश पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है और यहाँ आए पर्यटक किन्नर कैलाश देखने जरुर जाते हैं। माना जाता है कि किन्नर कैलाश भगवान शिव और शिवलिंग का है और इसके साथ ही इस पर्वत का संबंध पांडवों की कहानियों से बताया जाता है। किन्नौर में कई पुराने बौद्ध मठ और मंदिर भी हैं जो बहुत पवित्र माने जाते हैं और इन्हें देखने दूर-दूर से पर्यटक यहाँ आते हैं।

# विराट कोहली लंदन में फिटनेस टेस्ट देने वाले एक मात्र भारतीय, बीसीसीआई पर उठे सवाल

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने लंदन में अपना फिटनेस टेस्ट करवाया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने कथित तौर पर सीनियर बल्लेबाज को विशेष छूट देते हुए उन्हें लंदन में अनिवार्य फिटनेस टेस्ट देने की अनुमति दे दी है, जबकि बाकी राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों ने पिछले हफ्ते बेंगलुरु स्थित BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) में टेस्ट के लिए रिपोर्ट किया था।

इस साल के अंत में शुरू होने वाले व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सीजन से पहले किए जा रहे फिटनेस आकलन में रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज जैसे शीर्ष खिलाड़ियों का 29 अगस्त को BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मूल्यांकन किया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार कोहली को लंदन में निगरानी में अपना फिटनेस टेस्ट देने की अनुमति दी गई, यह एक ऐसा फैसला है जिसने सभी खिलाड़ियों के लिए आमतौर पर अपेक्षित एक समान प्रोटोकॉल को देखते हुए लोगों को चौंका दिया।

कोहली टी20 और टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं, केवल एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध हैं और अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम का हिस्सा होने की उम्मीद है। BCCI के फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोचों की टीम ने बोर्ड को व्यक्तिगत फिटनेस रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कोहली का लंदन स्थित मूल्यांकन भी शामिल था।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि BCCI के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मानक प्रक्रिया से विचलन पर सीधे तौर पर बात नहीं की, लेकिन पुष्टि की कि कोहली ने विदेश में परीक्षण कराने के लिए 'पूर्वानुमति ली होगी'। हालांकि इस घटना ने इस बात पर एक शांत बहस को जन्म दिया है कि क्या भविष्य में अन्य खिलाड़ियों को भी इसी तरह की छूट दी जा सकती है, खासकर उन खिलाड़ियों को जो विदेश में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं या भारत के बाहर व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के साथ हैं।



परीक्षण का पहला चरण मुख्य रूप से आधारभूत शक्ति और रिकवरी पैटर्न पर केंद्रित था। फिटनेस टेस्ट पूरा करने वाले खिलाड़ियों में कोहली के अलावा रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और संजू सैमसन जैसे स्थापित नाम शामिल हैं, साथ ही रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा और रिंकू सिंह जैसी उभरती हुई प्रतिभाएँ भी शामिल हैं। हालांकि अधिकांश खिलाड़ी आवश्यक फिटनेस मानदंडों पर खरे उतरे, लेकिन कुछ खिलाड़ियों का चल रही कंडीशनिंग या कार्यभार प्रबंधन के कारण आंशिक मूल्यांकन ही हुआ। परीक्षण का दूसरा चरण सितंबर में निर्धारित है और इसमें वे खिलाड़ी शामिल होंगे जो वर्तमान में पुनर्वास या ÷खेल में वापसी÷ चरण में हैं। केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और नितीश रेड्डी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिनका अगले महीने मूल्यांकन होने की उम्मीद है।

## ध्रुव जुरेल को हुआ डेंगू, बड़े घरेलू टूर्नामेंट से हुए बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य क्षेत्र के कप्तान बनाए गए ध्रुव जुरेल डेंगू से पीड़ित होने के कारण दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे। मध्य क्षेत्र के ध्रुव जुरेल 4 सितंबर से पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले का हिस्सा नहीं होंगे। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले टीम के कप्तान बनाए गए इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कमर में दर्द के कारण क्वार्टर फाइनल में हिस्सा नहीं लिया था। अब जुरेल के बीमारी के कारण लंबे समय तक मैदान से बाहर रहने की उम्मीद है।

मध्य क्षेत्र के मुख्य कोच उस्मान गनी ने दावा किया है कि जुरेल डेंगू से पीड़ित हैं और इसलिए दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन्होंने बताया कि अक्षय वाडकर को विकेटकीपर-बल्लेबाज की जगह टीम में शामिल किया गया है। जुरेल की अनुपस्थिति में रजत पाटीदार ने नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में सेंट्रल जोन की कप्तानी की। इससे पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि जुरेल अपनी कमर की चोट के कारण सेमीफाइनल से बाहर रहेंगे। हालांकि, ऐसा नहीं है।

विदर्भ और सेंट्रल जोन के मुख्य कोच उस्मान गनी ने कहा, 'हां, वाडकर को सेंट्रल ज़ोन टीम में शामिल किया गया है क्योंकि जुरेल डेंगू से पीड़ित हैं। वह अगले मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं और हमें टीम में एक और विकेटकीपर की जरूरत थी।'



जुरेल आखिरी बार भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में नजर आए थे, जहां उन्होंने चोटिल ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में विकेटकीपिंग की थी। जुरेल के अलावा, कुलदीप यादव ने भी टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है क्योंकि वह एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम के साथ दुबई जाएंगे।

### मध्य क्षेत्र की अपडेटिड टीम

रजत पाटीदार (कप्तान), अक्षय वाडकर, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, यश ठाकुर, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार, खलील अहमद

स्टैंडबाय : माधव कौशिक, युवराज चौधरी, महिपाल लोमरोर, कुलदीप सेन, उपेंद्र यादव

## आईसीसी एकदिवसीय ऑलराउंडरों की रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचे जिम्बाब्वे के रजा

**–एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शुभमन, टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में पंड्या शीर्ष पर बरकरार**



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी) की ताजा एकदिवसीय रैंकिंग में जिम्बाब्वे के अनुभवी खिलाड़ी सिकंदर रजा ऑलराउंडरों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। रजा के अब 302 रेटिंग अंक हैं। रजा ने अफगानिस्तान के ऑलराउंडरों अजमतुल्लाह उमरजई 296 अंक और मोहम्मद नबी 292 अंक को पीछे छोड़ा। अब उमरजई दूसरे और नबी तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। रजा ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 92 और नाबाद 59 रनों के अलावा एक विकेट भी लिया था। इससे रजा को बल्लेबाजी रैंकिंग में भी नौ स्थान का लाभ हुआ है और वह 22वें स्थान पर चले गए हैं। एकदिवसीय मैचों की सीरीज के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में लाभ हुआ है। पथुम निसांका 654 अंक लेकर बल्लेबाजी रैंकिंग में सात स्थान ऊपर आकर 13वें पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सीरीज में 122 और 76 रन बनाये। वहीं जनिथ लियानागे 13 स्थान के लाभ के साथ ही 29वें स्थान पर पहुंच गये हैं। दूसरी ओर गेंदबाजी रैंकिंग में असिथ फर्नांडो छह पायदान के लाभ के साथ ही 31वें स्थान पर और दिलशान मदुशंका आठ स्थान ऊपर आकर 52वें स्थान पर आ गये हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज नंबर-1 एकदिवसीय गेंदबाज बने हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय में चार विकेट लेने के बाद 31 रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ ही कुल 690 अंक हासिल किये हैं। वहीं भारतीय टीम के शुभमन गिल एकदिवसीय बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। शुभमन के 784 अंक हैं। वहीं टी20 रैंकिंग में भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या 252 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं।

## दलीप ट्रॉफी : आज से शुरू होगा सेमीफाइनल, इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और शार्दुल ठाकुर गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की तरफ से मध्य क्षेत्र के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी करने के लिए अपना मजबूत दावा पेश करने की कोशिश करेंगे। अय्यर को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया लेकिन वह यहां सत्र की शानदार शुरुआत करके वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला तथा उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले खुद को दावेदारी में बनाए रखना चाहेंगे।

अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में पंजाब किंग्स के लिए 17 मैचों में 50.33 की औसत और 175 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद वह एशिया कप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाए। उनके अच्छे प्रदर्शन का फायदा पश्चिम क्षेत्र को भी मिलेगा। जहां तक जायसवाल का सवाल है तो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर दी है लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह राष्ट्रीय चयन समिति की पहली की पसंद नहीं हैं। वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले लाल गेंद की क्रिकेट में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे।



जायसवाल का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट था और उन्हें अगला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला तक इंतजार करना पड़ सकता है। दूसरी ओर ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए चयनकर्ताओं की नजरों में बने रहने के लिए वह अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश करेंगे।

पश्चिम क्षेत्र की टीम के अन्य प्रमुख सदस्य जैसे रुतुराज गायकवाड़ और तनुश कोटियन अभी अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान खींचना चाहेंगे। जहां तक मध्य क्षेत्र का सवाल है तो ध्रुव जुरेल अगर कमर की चोट से उबर जाते हैं तो वह टीम की कमान संभाल सकते हैं। यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाया था। जुरेल के बिना भी उनकी बल्लेबाजी दमदार रही, क्योंकि कार्यवाहक कप्तान रजत पाटीदार, दानिश मालेवार और शुभम शर्मा ने बड़े शतक जड़े। उनके पास बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे तथा तेज गेंदबाज खलील अहमद और दीपक चाहर के रूप में मजबूत गेंदबाजी इकाई भी है।

एक अन्य सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र का मुकाबला दक्षिण क्षेत्र से होगा। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान तिलक वर्मा एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल है और इसलिए इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा दक्षिण क्षेत्र को तेज गेंदबाज वैसाख विजयकुमार और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर की भी कमी खलेगी जो चोटिल हैं। इसलिए दक्षिण क्षेत्र को उत्तर क्षेत्र की चुनौती से निपटने के लिए एन जगदीशन, देवदत्त पडिक्कल और सलमान निजार जैसे खिलाड़ियों से अच्छे स्कोर की आवश्यकता होगी। उत्तर क्षेत्र को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की कमी खलेगी जो एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। उत्तर क्षेत्र की बल्लेबाजी का दारोमदार आयुष बडोनी और कप्तान अंकित कुमार पर रहेगा।

## अश्विन ये मशहूर टी20 लीग खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे, बोर्ड से बाचचीत जारी

नई दिल्ली । रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद IPL से भी संन्यास ले लिया है जिससे उनके विदेशी लीग्स में खेलने के रास्ते खुल गए हैं। अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन संभावना है कि पूर्व भारतीय स्पिनर बिग बैश लीग के अगले सीजन में खेलते नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग पिछले हफ्ते IPL से संन्यास की घोषणा के बाद से ही इस अनुभवी ऑफ स्पिनर के बिग बैश लीग में खेलने की संभावना को लेकर उनके संपर्क में हैं। ग्रीनबर्ग एक 'चैंपियन क्रिकेटर' और अश्विन जैसी क्षमता वाले खिलाड़ी के बीबीएल में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। ग्रीनबर्ग ने कहा, 'अश्विन जैसी योग्यता वाले किसी खिलाड़ी का BBL के लिए यहां आना कई स्तरों पर शानदार होगा। वह एक चैंपियन क्रिकेटर हैं जो बिग बैश और हमारे क्रिकेट समर में बहुत कुछ लेकर आएंगे।' अगर यह सौदा हो जाता है तो अश्विन BBL में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे। 38 वर्षीय अश्विन ने अपने 14 साल के करियर में 287 मैचों में 765 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए हैं। अश्विन ने पहले सोशल मीडिया पर आईपीएल से संन्यास लेने के अपने फैसले के बारे में पोस्ट किया था, क्योंकि उन्होंने इस धन-संपन्न टूर्नामेंट में 221 मैचों में से केवल पाँच मैच खेले थे।




## कृष्णा बोले, मैंने तारीफ की थी पर बेवजह भड़क गये थे रुट



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा है कि ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट के दौरान उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट की तारीफ की थी पर उसे गलत समझ लिया गया। कृष्णा के अनुसार वह समझ नहीं पाये कि रुट इतने गुस्से में क्यों आ गये थे, इस मैच में रूट और कृष्णा के बीच काफी बहस हुई थी। कृष्णा ने इसी को लेकर से कहा, ''मुझे नहीं पता कि रूट क्यों भड़क गये दी। मैंने तो बस इतना कहा था, 'आप अच्छे लग रहे हो' और इसी से बात बिगड़ गयी। मैंने कई खिलाड़ियों से बात की। मैंने रूट से भी बात की। मैंने पूछा क्या हुआ था तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगा तुमने मुझे गाली दी'। मैंने कहा, 'नहीं, मैंने तो ऐसा कुछ नहीं कहा था'। रूट ने फिर कहा, 'असल में मैं अपने को भी प्रेरित करने की कोशिश कर रहा था, इसलिए बात बढ़ गयी थी।'' वहीं कृष्णा ने कहा, ''मैं हमेशा से इसे इसी तरह खेलता आया हूं। हर किसी को खासकर उनके जैसे दिग्गज को आज भी अपना सब कुछ झोंकते और टीम के लिए संघर्ष करते देखकर अच्छा लगता है। आप मैच जीतने के लिए मैदान में जाते है। इसके लिए कभी-कभी आपको कौशल से ज्यादा की जरूरत होती है। उस सफर का हिस्सा बनने के लिए मानसिक मजबूती की जरूरत होती है।'' कृष्णा ने इंग्लैंड में तीन टेस्ट मैच खेले और इनमें कुल 14 विकेट लिए। वहीं रुट ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 500 से ज्यादा रन बनाये हैं।

## भारत के प्रणव नें जीता फुजेराह ग्लोबल शतरंज चैंपियनशिप का खिताब

**फुजेराह , यूएई (एजेंसी)।** फुजेराह ग्लोबल शतरंज चैंपियनशिप के सुपर स्टार्स वर्ग का खिताब भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी प्रणव वी नें अपने नाम कर लिया है। प्रणव नें अंतिम राउंड में पहले बोर्ड पर स्पेन के ग्रांड मास्टर एलन पीचोट को एक शानदार हाथी के एंडगेम में पराजित करते हुए 7 अंक बनाकर शानदार अंदाज में यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया है । इसके साथ ही प्रणव नें अपनी लाइव रेटिंग में 28 अंक जोड़ते 2631 की अपने खेल जीवन की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पर पहुँच गए है । साथ ही उन्होने 17.6 फीडे सर्किट अंक भी हासिल कर लिए है । पहले पुरुस्कार के तौर पर प्रणव नें 23000 डॉलर भी अपने नाम किए ।

शीर्ष 10 के सभी बोर्ड पर हर बाजी का अपना महत्व था क्यूंकी हर परिणाम शीर्ष 10 के खिलाड़ियों को तय करने वाला था । दूसरे बोर्ड पर ईरान के अमीन तबातबाई को जर्मनी के अलेक्ज़ेंडर डोनचेंको नें ड्रॉ पर रोका तो ब्रांडोन नें आज तीसरे बोर्ड पर शीर्ष वरीय भारत के निहाल सरीन से बाजी ड्रॉ खेली वहीं चौंथे बोर्ड पर हंगरी के सनन सुज्गिरोव को यूएसए के अभिमन्यु मिश्रा नें ड्रॉ पर रोक लिया वही इन तीनों ड्रॉ का फायदा मिला मेक्सिको के होस एडुयार्डो मार्टिनेज को जिन्होने यूएसए के सैम शंकलंद को पराजित करते हुए शीर्ष तीन में अपना स्थान पक्का कर लिया




6 अंको पर तीन खिलाड़ियों के बीच टाई की स्थिति थी जिसमें बेहतर टाईब्रेक के आधार पर यूएसए के ब्रांडोन जेकोब्सन नें दूसरा , मेक्सिको के होस एडुयार्डो मार्टिनेज नें तीसरा और ईरान के अमीन तबातबाई नें चौंथा स्थान अपने नाम किया । इन खिलाड़ियों को क्रमशः 13 हजार , 9 हजार और 8 हजार डॉलर जीते ।

प्रतियोगिता में एक मात्र महिला खिलाड़ी चीन की जू जिनर नें अंतिम राउंड में एक बार फिर शानदार खेल दिखाया और बुल्गारिया के इवान चेपारिनोव को पराजित करते हुए 5.5 अंको पर सबसे बेहतर टाईब्रेक के साथ पाँचवाँ स्थान अपने नाम किया और साथ ही 7000 डॉलर का पूरस्कार भी अपने नाम कर लिया ।

अन्य खिलाड़ियों नें टाईब्रेक के आधार पर भारत के आदित्य मित्तल ,जर्मनी के अलेक्ज़ेंडर डोनचेंको, हंगरी के सनन सुज्गिरोव ,यूएसए के अभिमन्यु मिश्रा और चीन के लू शांगलाई दसवें स्थान पर रहे ।

मास्टर्स वर्ग में यूएसए के ब्रेविंगटन हार्डवे नें 7.5 अंको के साथ पहला स्थान हासिल किया तो 7 अंको पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर टर्की के अता उमूत अकबस दूसरे और ईरान के आर्तिन अशरफ तीसरे स्थान पर रहे । वहीं 7 ही अंको पर भारत के कार्तिक वेंकटरामन चौंथे और ईरान के रेज़ा महादवी पांचवें स्थान पर रहे ।

## एशिया कप में फिर कुलदीप की हो सकती है उपेक्षा : मनिंदर

मुम्बई । दिग्गज स्पिनर मनिंदर सिंह ने कहा है कि बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की लगातार उपेक्षा हो रही है। मनिंदर को लगता है कि ऐसे में एशिया कप में भी उन्हें खेलने का अवसर शायद ही मिले। इसका कारण है कि टीम प्रबंधन अक्सर ऐसे गेंदबाजों को वरीयता देता है जो बल्ले से भी योगदान दे सकें। इस पूर्व स्पिनर ने कहा है कि कुलदीप को टीम में शामिल न करने के कारण ही भारतीय टीम इंग्लैंड में सीरीज़ नहीं जीत पायी। इस पूर्व स्पिनर का मानना है कि अगर कुलदीप टीम में होते तो भारतीय टीम टेस्ट सीरीज जीतती। मनिंदर ने कहा, अगर कुलदीप इंग्लैंड में खेलते, तो भारत 3-1 से जीत जाता। उन्होंने कहा कि हमने जिन गेंदबाजों को चुना था, उनके साथ चौथी पारी में 371 रनों का पीछा करना हमेशा से ही संभव था पर कुलदीप के साथ चीजें अलग होतीं। हमारा चयन जीत के बजाय हार न मानने पर था। अगर हमें जीतना होता, तो कुलदीप हर टेस्ट खेलते। विश्व क्रिकेट में उनके जैसे खिलाड़ी कम ही मिलते हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज उनकी गुगली या लेग-ब्रेक को समझ नहीं पाते। उस पहले टेस्ट में अगर कुलदीप चौथे और पांचवें दिन गेंदबाजी कर रहे होते, तो उनके पास 371 रनों का पीछा करने का कोई मौका नहीं होता। इस पूर्व स्पिनर कहा कि इसी को देखते हुए एशिया कप में भी कुलदीप को अंतिम ग्यारह में शामिल किये जाने की कम ही उम्मीदें हैं। ऐसे में प्रबंधन उनकी जगह अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती को अवसर दे सकता है।



## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय में हारी इंग्लैंड, डेब्यू मैच में फ्लॉप रहे बेकर

हैडिंग्ले। इंग्लैंड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में पहले बल्लेबाज करते हुए इंग्लैंड की टीम 24.3 ओवर में केवल 131 रन ही बना पायी। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 18.1 ओवर में ही 121 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस मैच में डेब्यू करने वाले इंग्लैंड के के तेज गेंदबाज सनी बेकर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने सात ओवर में ही 76 रन दे दिये पर कोई भी विकेट नहीं ले पाये। इस प्रकार वह इंग्लैंड की ओर से डेब्यू मैच में ही सबसे खराब गेंदबाजी करने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले स्पिनर लियाम डॉसन के नाम ये रिकार्ड दर्ज था।

बेकर ने अपने सात ओवर में ही 42 रन लुटा दिये। वहीं डॉसन ने भी अपने पहले ही मैच में 8 ओवर में 70 रन दे दिए थे और उन्हें कोई भी विकेट नहीं मिला। उन्होंने साल 2016 में पाक के खिलाफ ये अनचाहा रिकॉर्ड बनाया था। इस सीरीज के पहले ही मैच में बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 24.3 ओवर में केवल 131 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से स्पिनर केशव महाराज ने 5.3 ओवर में ही 22 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए।.

## दक्षिण अफ्रीका ने महिला विश्वकप के लिए टीम घोषित की, 17 वर्षीय खिलाड़ी को मिला मौका



केपटाउन । दक्षिण अफ्रीका ने इस महीने के आखिर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए घोषित 15 सदस्यीय टीम में 17 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज कराबो मेसो को शामिल किया है। चयनकर्ताओं ने लॉरा वोल्वाड्ट की अगुवाई वाली टीम में शीर्ष क्रम की बल्लेबाज एनेके बॉश और ऑलराउंडर नादिन डी क्लार्क और एनेरी डकर्सन को भी टीम में जगह मिली है। ये तीनों इससे पहले टी20 विश्वकप में टीम का हिस्सा रह चुकी हैं। ये तीनों खिलाड़ी और मेसो पहली बार एकदिवसीय विश्वकप में खेलेंगी। मेसो ने केवल दो एकदिवसीय मैच खेले हैं और कुल सात सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, लेकिन दो अंडर-19 विश्व कप में हिस्सा ले चुकी हैं और इस साल की शुरुआत में स्टेन सिटी के साथ दक्षिण अफ्रीका 20 स्कूल्स का खिताब जीता है। मेसो उन दो खिलाड़ियों में से एक हैं जो पहली बार विश्व कप में खेलेंगी। ऑफ स्पिन गेंदबाज ऑलराउंडर नोंदुमिसो शंगासे का भी यह पहला एकदिवसीय विश्वकप हैं।

**महिला वनडे विश्वकप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम**

लॉरा वोल्वाड्ट, एनेके बॉश, ताजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लर्क, एनेरी डकर्सन, सिनालो जाफ्ता, मारिजन कप्प, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, कराबो मेसो, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, नोंदुमिसो शांगासे और क्लो ट्रायॉन।

## लवलीना, जरीन विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और निखत जरीन 4 सितंबर से इंग्लैंड में शुरू होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में 20 सदस्यीय भारतीय दल का नेतृत्व करेंगी। इस खेल की नवगठित वैश्विक शासी संस्था, विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप का पहला संस्करण एम एंड एस बैंक एरिना में होगा और 14 सितंबर को समाप्त होगा।

विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 65 से अधिक देशों के 550 से अधिक मुक्केबाज, जिनमें 17 पेरिस 2024 ओलंपिक पदक विजेता शामिल हैं, 20 भार वर्गों (10 पुरुष और 10 महिला) में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में एक सप्ताह के मूल्यांकन के बाद जुलाई में भारतीय टीम का चयन किया गया था। बोरगोहेन 75 किग्रा वर्ग में, जरीन 51 किग्रा वर्ग में, जबकि ओलंपियन पूजा रानी 80 किग्रा वर्ग में मुक्केबाजी करेंगी।

पेरिस 2024 के बाद से बोरगोहेन और जरीन की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी हो रही है। अन्य उल्लेखनीय भारतीय मुक्केबाजों में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा) और विश्व मुक्केबाजी कप के स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया (70 किग्रा) और अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) शामिल हैं। चैंपियनशिप नॉकआउट प्रारूप में होगी, जिसमें सेमीफाइनल में हारने वालों को कांस्य पदक दिए जाएंगे।

प्रत्येक मुकाबले में तीन-तीन मिनट के राउंड होंगे, जिनका निर्णय 'टेन पॉइंट मस्ट' प्रणाली के अनुसार होगा। क्वार्टर फाइनल 10 सितंबर से, सेमीफाइनल 12-13 सितंबर से और फाइनल 14 सितंबर से शुरू होंगे। चैंपियनशिप की लाइव स्ट्रीमिंग भारत में वर्ल्ड 'बॉक्सिंग के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध होगी। देश में इसका कोई लाइव टीवी प्रसारण नहीं होगा।

### विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम

**महिलाएं :** मीनाक्षी हुडा (48 किग्रा), निखत जरीन (51 किग्रा), साक्षी (54 किग्रा), जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा), संजू खत्री (60 किग्रा), नीरज फोगाट (60 किग्रा), सनामाचा चानू (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा), नुपुर श्योरण (80 किग्रा)

**पुरुष :** जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (50 किग्रा), पवन बर्तवाल (55 किग्रा), सचिन सिवाच जूनियर (60 किग्रा), अभिनाश जामवाल (65 किग्रा), हितेश गुलिया (70 किग्रा), सुमित कुंडू (75 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), जुगनू अहलावत (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा)



मुख्य प्रारंभिक और अंतिम राउंड शेड्यूल (आईएसटी) *

4-10 सितंबर : पुरुष और महिला वर्ग के प्रारंभिक दौर

12-13 सितंबर : सेमीफाइनल

## बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपना एक माह का वेतन देंगे रालोद के सांसद-विधायक

लखनऊ (एजेंसी)। राष्ट्रीय लोकदल पार्टी (रालोद) के विधायक व सांसद अपना एक माह का वेतन बाढ़ राहत कोष में देंगे। जिससे बाढ़ प्रभावित जनमानस की मदद की जा सके। यह निर्देश पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने दिया है। बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि देश के कई राज्य बाढ़ से लगातार प्रभावित हो रहे हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। कई-कई दिन से परिवार के परिवार बाढ़ की चपेट में आए हुए हैं। उनको राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की टीम लगातार सुरक्षित जगह पर पहुंचने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरा देश बाढ़ पीड़ितों के लिए जुट रहा है और उनके साथ खड़ा है। गौरतलब है कि मंगलवार को उत्तर प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित जिलों की संख्या बढ़कर 22 हो गई। जबकि अब तक प्रदेश के 607 गांवों के 1,41,169 लोग बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। पहाड़ों और मैदानी इलाकों में जारी बारिश के कारण नदियों में पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है।

## पंजाब व जम्मू-कश्मीर को हरियाणा सरकार की ओर से 5-5 करोड़ रूपये की सहायता

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा सरकार ने भारी वर्षा से उत्पन्न आपदा की मार झेल रहे पंजाब और जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ गहरी एकजुटता प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष से दोनों राज्यों को पाँच-पाँच करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की है । इस सहायता राशि का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत पहुँचाना तथा दोनों राज्यों में चलाए जा रहे बचाव और पुनर्वास कार्यों को सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को लिखे पत्र में कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में हरियाणा सरकार एवं प्रदेश की जनता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा और बाढ़ की स्थिति से आमजन को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में पड़ोसी राज्य और मित्र की भूमिका निभाना हरियाणा सरकार का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वस्त किया कि प्रभावित लोगों तक शीघ्र और पर्याप्त सहायता पहुँचाने के लिए हरियाणा सरकार हर संभव सहयोग देने को तैयार है। उन्होंने दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह करते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार की अतिरिक्त राहत सामग्री या सहायता की आवश्यकता हो तो नि:संकोच अवगत कराएं, हरियाणा सरकार तुरंत आवश्यक मदद उपलब्ध करवाएगी। सैनी ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित लोगों के चेहरों पर आशा और राहत लौटाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हरियाणा सरकार इस दिशा में अपना योगदान सुनिश्चित करेगी, ताकि संकट की इस स्थिति में कोई भी परिवार अपने को अकेला न महसूस करे।

## चेन्नई एयरपोर्ट पर 60 करोड़ की कोकीन जब्त, तीन गिरफ्तार

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 5.618 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 60 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह बड़ी सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नशा मुक्त भारत' अभियान और केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशों के तहत हासिल हुई है। 1 सितंबर, 2025 को एनसीबी चेन्नई और एयर इंटेलिजेंस यूनिट, चेन्नई कस्टम्स ने मिलकर इथियोपियन एयरलाइंस की उड़ान से अदीस अबाबा से चेन्नई आए दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया। इनमें से एक उत्तराखंड के बागेश्वर का 25 वर्षीय बीए स्नातक और दूसरा हिमाचल प्रदेश के चंबा का 26 वर्षीय आईटीआई पास है। जांच में पता चला कि ये दोनों व्यक्ति पिछले कुछ वर्षों से कोकीन तस्करी में शामिल थे और यह कार्य एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का हिस्सा है। इस सिंडिकेट का संचालन दिल्ली से एक नाइजीरियाई नागरिक कर रहा था, जिसे एनसीबी ने दिल्ली से हिरासत में लिया है। वह 2023 से मेडिकल वीजा पर भारत में था, लेकिन 2024 में वीजा समाप्त होने के बाद भी रह रहा था। एनसीबी अब ड्रग तस्करी के अन्य सदस्यों, वित्तीय लेन-देन और तस्करी के रास्तों की जांच कर रही है। साथ ही विदेशी नागरिकों, विशेषकर अफ्रीकी मूल के लोगों की संलिप्तता को लेकर भी सतर्कता बढ़ाई गई है। एनसीबी ने मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ी सूचना देने के लिए टोल-फ्री नंबर 1933 जारी किया है और सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखने का आश्वासन दिया है।

## टीएमसी विधायक के काफिले से टकराई बाइक, घायल युवक की मौत

### -पायलट कार का चालक भी हुआ घायल

कोलकाता (एजेंसी)। राजधानी में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। यह घटना तब हुई जब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक शौकत मोल्ला के काफिले की पायलट कार और एक मोटरसाइकिल में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बसंती हाईवे पर साइंस सिटी के पास हुआ था। कन्निंग पूर्व विधानसभा सीट से विधायक शौकत मोल्ला का काफिला जिबनतला से कोलकाता की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक पायलट कार से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और पायलट कार का अगला हिस्सा भी दब गया। बाइक सवार की पहचान करया थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद ताजुद्दीन के रूप में हुई। उसे गंभीर हालत में एसएसकेएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में पायलट कार का ड्राइवर भी घायल हुआ है, जिसे भांगड़ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर के बाद विधायक की कार भी अनियंत्रित होकर एक बिजली के खंभे से टकरा गई। घटना पर दुख जताते हुए विधायक शौकत मोल्ला ने कहा कि हादसा वाहन के ब्रेक फेल होने की वजह से हुआ। फिलहाल कोलकाता ट्रैफिक पुलिस की फैटल स्क्वाड और लेदर कॉम्प्लेक्स थाना की टीम जांच में जुटी है।

# केंद्र सरकार राहत पैकेज की तत्काल घोषणा करें, राहत एवं बचाव कार्यों में आए तेजी

### - राहुल गांधी ने पीएम मोदी से किया बारिश व बाढ़ पीड़ितों की मदद का आग्रह



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पीएम मोदी से लगातार बारिश से विनाशकारी तबाही झेल रहे राज्यों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड में बाढ़ की स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि ऐसे कठिन समय में आपका ध्यान और केंद्र सरकार की सक्रिय मदद बेहद जरूरी है। हजारों परिवार अपने घरों, जान और प्रियजनों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि मैं आग्रह करता हूं कि इन राज्यों, खासकर किसानों के लिए एक विशेष राहत पैकेज की तत्काल घोषणा की जाए और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए। इस बीच, कई भारतीय राज्यों में भारी बारिश के बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तरी पंजाब, उत्तरी हरियाणा, पूर्वी राजस्थान, दक्षिण-पश्चिम यूपी, उत्तर-पश्चिम और पूर्वी मध्य प्रदेश और ओडिशा के कई जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक जम्मू और कश्मीर में रेड अलर्ट वाले जिलों में पुंछ, मीरपुर, राजौरी, रियासी, जम्मू, रामबन, उधमपुर, सांबा, कठुआ, डोडा और किश्तवाड़ शामिल हैं। पंजाब में, कपूरथला, जालंधर, नवाशहर, रूपनगर, मोगा, लुधियाना, बरनाला और संगरूर रेड अलर्ट पर हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश में, मंडी, ऊना, बिलासपुर, सिरमौर और सोलन इसी तरह की चेतावनी के तहत हैं। हरियाणा के यमुनानगर, अंबाला, कुरुक्षेत्र, पंचकूला और एसएएस नगर के लिए भी चेतावनी जारी की है। बुधवार सुबह 5:30 बजे जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। सबसे ज्यादा 203 मिमी बारिश रियासी में दर्ज की गई जम्मू शहर में 81 मिमी बारिश हुई, जबकि बनिहाल 95, रामबन 82, कोकरनाग 68.2 और पहलगाम 55 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा इसी अवधि में श्रीनगर 32 मिमी, सांबा 48, किश्तवाड़ 50, राजौरी 57.4, और काजीगुंड 68 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## भारत का सबसे गहरा रेलवे स्टेशन बन रहा मुंबई में, ट्रेन पकड़ने के लिए उतरना पड़ेगा जमीन से 100 फीट नीचे

मुंबई (एजेंसी)। दिन-प्रतिदिन भारतीय रेलवे नया इतिहास रच रही है। हाल ही में भारतीय रेलवे ने दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनाया है। अब जल्द ही बुलेट ट्रेन भी दौड़ेगी। जी हाँ, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का काम तेज गति से चल रहा है। इस रूट पर एकमात्र अंडरग्राउंड स्टेशन बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्टेशन का काम भी तेज गति से चल रहा है। भारत का सबसे गहरा रेलवे स्टेशन भी जल्द ही बनेगा। यह रेलवे स्टेशन बीकेसी में 100 फीट की गहराई पर बनाया जाएगा। बुलेट ट्रेन के बीकेसी में इस स्टेशन का काम तेज गति से चल रहा है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पर यह एकमात्र अंडरग्राउंड स्टेशन है। जो जमीन से 100 फीट यानी 32 मीटर की गहराई पर बनाया जा रहा है। यह स्टेशन जमीन से इतनी गहराई पर है कि इसमें 10 मंजिला इमारत बन सकती है। हाल ही में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक वीडियो शेयर किया था। बताया गया है कि बुलेट ट्रेन की तीन मंजिला इमारत होगी और इसमें प्लेटफॉर्म, कॉनकोर्स और सर्विस फ्लोर होगा। स्टेशन पर 6 प्लेटफार्म होंगे। इन प्लेटफार्म की लंबाई 415 मीटर होगी। यह बुलेट ट्रेन मुंबई और अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर लंबे रूट पर चलेगी। वर्तमान में 8 घंटे का यह सफर बुलेट ट्रेन से मात्र 3 घंटे में पूरा हो जाएगा। इस बुलेट ट्रेन की अधिकतम गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। बुलेट ट्रेन का परिचालन शुरू होने में अभी तीन साल और लगने की संभावना है। मुख्यमंत्री फडणवीस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बुलेट ट्रेन 2028 तक यात्रियों के लिए सेवा में आ जाएगी।

## फ्लाइट में यात्री ने लगाए धार्मिक नारे, पी शराब, क्रू मेंबर्स से किया विवाद



### -कोलकाता पहुंचते ही यात्री को सुरक्षा कर्मियों के हवाले किया, पुलिस कर रही जांच

कोलकाता (एजेंसी)। दिल्ली से कोलकाता जा रही इंडिगो की फ्लाइट में एक यात्री और क्रू मेंबर्स के बीच विवाद हो गया। क्रू मेंबर ने यात्री द्वारा धार्मिक नारे लगाए, शराब पीने और यात्रियों को नारे लगाने के लिए भड़काने जैसे आरोपों के साथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना तब हुई जब उड़ान को परिचालन कारणों से दिल्ली में पार्किंग वे पर तीन घंटे तक रोका गया था।

मीडिया रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया है क्रू मेंबर्स ने एक यात्री पर फ्लाइट में अशांति फैलाने का आरोप लगाया। यात्री पेशे से वकील है। उसने भी क्रू पर उत्पीड़न और बुनियादी सेवाएं न देने का आरोप लगाया। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच कर रही है। एयर होस्टेस की शिकायत के मुताबिक सीट नंबर 31डी पर बैठा यात्री नशे की हालत में विमान में सवार हुआ और उसने सह-यात्रियों को हर हर महादेव का नारा लगाने के लिए उकसाया। शिकायत में कहा गया कि उड़ान शुरू होने के बाद यात्री ने एक सॉफ्ट ड्रिंक की बोतल छिपाने की कोशिश की, जिससे शराब की गंध आ रही थी। जब क्रू ने उससे पूछताछ की, तो उसने जल्दी से बोतल मुंह में लगा ली और पी ली। कोलकाता पहुंचने पर क्रू ने यात्री को सुरक्षा कर्मियों के हवाले कर दिया। यात्री ने क्रू के आरोपों का खंडन करते हुए एक जवाबी शिकायत दर्ज कराई है। यात्री ने कहा कि उसने क्रू को हर हर महादेव के साथ अभिवादन किया था, बिना उनकी धार्मिक पहचान जाने। उसने कहा कि उड़ान के दौरान उसने शराब नहीं पी, बल्कि बोर्डिंग से पहले इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बीयर खरीदी थी, जिसका उनके पास खरीद का इनवॉइस भी है। उन्होंने क्रू पर उत्पीड़न और बुनियादी सेवाएं, जैसे पानी और भोजन, न देने का आरोप लगाया। इंडिगो के अधिकारी ने बताया कि केबिन क्रू ने सूचित किया था कि यात्री उपद्रवी और नशे में था। यात्री की शिकायत के जवाब में अधिकारी ने कहा कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि वे दोनों पक्षों के दावों की गहन जांच कर रही है।

## पार्टी से निलंबन के बाद छलका कविता का दर्द बोलीं- भाई ने साथ नहीं दिया

### -कुछ लोग निजी और राजनीतिक कारणों से हमारे परिवार को बिखेरना चाहते हैं



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की निलंबित नेता के कविता ने अपने परिवार और पार्टी के अंदर चल रही कथित साजिशों को लेकर मीडिया में बयान दिया है। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कविता ने न केवल अपने भाई के टी रामाराव पर निशाना साधा, बल्कि चचेरे भाइयों हरीश राव और संतोष राव पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अपने पिता और बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव (केसीआर) से अपील की कि वह अपने आसपास हो रही सियासी चालबाजियों पर नजर रखें। कविता ने कहा कि उनकी निलंबन की साजिश पार्टी पर कब्जा करने की कोशिश का हिस्सा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कविता ने कहा कि केसीआर गारू मेरा परिवार हैं। हमारे बीच खून का रिश्ता है। पार्टी से निलंबन या पद छिनने जैसे कारणों से यह रिश्ता नहीं टूटना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग अपने निजी और राजनीतिक विकास के लिए हमारे परिवार को बिखेरना चाहते हैं। कविता ने कहा कि उनकी रिहाई के बाद से वह लगातार जनता के मुद्दों के लिए लड़ रही हैं, लेकिन इस दौरान उनके भाई रामाराव ने उनका साथ नहीं दिया, जब उनके खिलाफ बदनाम करने वाली मुहिम चलाई गई।

कविता ने कहा कि मैं भाई केटीआर से मिली। मैंने उन्हें मेरे खिलाफ चल रही साजिशों और झूठे अभियान के बारे में बताया। मैंने उनसे अनुरोध किया कि न केवल एक बहन के रूप में बल्कि पार्टी विधायक के रूप में भी, लेकिन उन्होंने जरा भी परवाह नहीं की। उन्होंने मुझे फोन तक नहीं किया।

कविता ने अपने बयान में साफ कहा कि कुछ लोग उनके परिवार को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अपने पिता केसीआर से गुजारिश की कि वह इस सियासी खेल को समझें और पार्टी के अंदर चल रही साजिशों पर ध्यान दें। कविता का मानना है कि उनकी निलंबन की वजह सिर्फ व्यक्तिगत हमले नहीं, बल्कि बीआरएस पर पूरी तरह कब्जा करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि वह अपने पिता और पार्टी प्रमुख केसीआर के साथ अपने रिश्ते को लेकर किसी तरह की गलतफहमी नहीं चाहती हैं।

कविता ने अपने चचेरे भाइयों हरीश राव और संतोष राव पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि केसीआर के खिलाफ सीबीआई जांच की वजह उनके चचेरे भाइयों की भ्रष्ट गतिविधियां हैं। कविता ने भाई रामाराव को नसीहत दी कि वह हरीश और संतोष पर भरोसा न करें, क्योंकि ये लोग पार्टी और परिवार के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं।

## सीएम योगी के फैसले से गदगद हुई बहन मायावती बोलीं- धन्यवाद

कानपुर (एजेंसी) बसपा सुप्रीमो मायावती ने कानपुर के प्रसिद्ध बुद्धा पार्क में शिवालय पार्क बनाने के विवादित प्रस्ताव को रद्द करने की खबर का स्वागत किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार को इस फैसले के लिए धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि भविष्य में सरकार इस तरह के विवादास्पद कदमों को रोकने के लिए सख्ती बरतेगी। मायावती ने चेतावनी दी कि इस तरह के कदम सामाजिक शांति, भाईचारा और सौहार्द को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

मायावती ने अपने बयान में कहा, भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, जहां विभिन्न धर्मों और जातियों के लोग अपने-अपने पूजा स्थलों के साथ सह-अस्तित्व में रहते हैं। बुद्धा पार्क बौद्ध धर्म और अम्बेडकरवादी विचारधारा के लिए महत्वपूर्ण है। इस पवित्र स्थल पर किसी अन्य धर्म के पूजा स्थल का निर्माण प्रस्तावित करना न केवल अनुचित है, बल्कि यह सामाजिक अशांति और घृणा को बढ़ावा दे सकता है। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने बयान में कहा कि यूपी सरकार ने बुद्धा पार्क में शिवालय पार्क बनाने के प्रस्ताव को रद्द कर दिया है, जिसका वह स्वागत करती हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि भविष्य में इस तरह के षड्यंत्रों को गंभीरता से लिया जाए और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। मायावती ने कहा, "मैं उम्मीद करती हूं कि सरकार आगे भी इस तरह के विवादों को रोकने के लिए तत्पर रहेगी ताकि समाज में शांति, व्यवस्था और भाईचारा कायम रहे। मायावती ने अपने बयान में भारत के संविधान का हवाला देते हुए कहा कि देश की धर्मनिरपेक्षता विभिन्न धर्मों और जातियों के सह-अस्तित्व पर आधारित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बुद्धा पार्क जैसे स्थल बौद्ध धर्म और अम्बेडकरवादी विचारधारा के लिए पवित्र हैं, और इनका सम्मान करना हर सरकार का कर्तव्य है। उन्होंने सरकार से तत्काल इस तरह के प्रस्तावों को रोकने की मांग की थी, जिसके बाद सरकार ने यह कदम उठाया।

## दूसरों को गाली न देने की नसीहत देने से पहले अपने गिरेबां में झांकें

### -लालू की बेटी रोहिणी ने पीएम की मां को गाली देने की निंदाकर दी प्रतिक्रिया



पटना (एजेंसी)। बिहार में कांग्रेस के मंच से दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी की मां के लिए अपशब्द कहे जाने के मामले को लेकर प्रदेश में बवाल मचा है। बीजेपी ने इस मामले को लेकर 4 सितंबर को प्रदेश में बंद का एलान किया है। वहीं, दूसरी ओर इस मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने भी प्रतिक्रिया दी है।

बता दें बीते रोज पीएम मोदी ने बिहार राज्य जीविका निधि से जुड़े एक कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित किया था। इसमें उन्होंने स्वयं और उनकी मां के खिलाफ इस्तेमाल किए गए अपशब्दों को लेकर भावुक करने वाली कही थी। पीएम मोदी ने पहली बार इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि ''मेरी दिवंगत मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था, उनका दोष क्या है? उनके लिए अपशब्द क्यों कहे गए?

पीएम मोदी के इस बयान के बाद बिहार में सियासी गरमा गई। एनडीए ने जहां इस मुद्दे पर गुरुवार को बिहार बंद का ऐलान किया है। वहीं, विपक्ष ने भी पीएम मोदी के बयान पर पलटवार किया है। पीएम मोदी के इस बयान के बाद रोहिणी आचार्या ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि ठीक कह रहे हैं प्रधानमंत्री जी...लेकिन दूसरों को गाली न देने की नसीहत देने से पहले अपने गिरेबां में झांकें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने तो विपक्ष के लोगों के लिए दर्जनों बार अमर्यादित-घटिया भाषा का इस्तेमाल किया कई बार भाषाई मर्यादाएं लांघीं हैं...हां ये बात सही है की किसी की मां को गाली नहीं देनी चाहिए, इस बात का मैं भी खडंन करती हूं पर प्रधानमंत्री खुद भी कई बार अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर चुके हैं। रोहिणी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी और एनडीए के नेताओं, यहां तक कि सीएम नीतीश कुमार का नाम भी लिया।

उन्होंने सवाल किया कि क्या लोकसभा चुनाव में मेरे खिलाफ क्या कुछ नहीं बोला गया। बिहार की बेटी के खिलाफ अपशब्द कहे जाने पर बीजेपी या प्रधानमंत्री जी ने क्यों कुछ नहीं कहा? रोहिणी ने कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ भी कई बार अपशब्द इस्तेमाल किए हैं। ऐसे कई मामले हैं। उन मामलों में क्या हुआ? बता दें मंगलवार को पीएम मोदी ने बिहार के लोगों से अपील की थी कि वे राजद-कांग्रेस के मंच से उनकी मां के लिए अपशब्द कहे जाने को लेकर जवाबदेही तय करें। राजद-कांग्रेस के नेता जहां भी जाएं, हर मां-बहन को मैदान में उतरकर उनसे जवाब मांगना चाहिए।

## बाढ़ व फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने आज केंद्रीय कृषि मंत्री जाएंगे पंजाब

### -शिवराज ने कहा- केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर राहत और पुनर्वास का करेंगी काम



नई दिल्ली(एजेंसी)। पंजाब में लगातार हो रही अतिवृष्टि ने हालात को गंभीर बना दिया है। कई जिलों में नदियां उफान पर हैं और खेत पानी में डूब गए हैं। इस प्राकृतिक आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित किसान हुए हैं, जिनकी धान, मक्का और गन्ने की फसलें बर्बाद हो गई हैं। गांवों में घरों और पशुधन को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इसको लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर राहत और पुनर्वास का काम करेंगी।

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंजाब के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से बातचीत कर बाढ़ की स्थिति और किसानों को हुए नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस संकट की घड़ी में पंजाब के के साथ मजबूती से खड़ी है। चौहान ने कहा कि वे गुरुवार सुबह पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे और किसानों व स्थानीय लोगों से मिलकर समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार पंजाब को हरसंभव मदद देगी, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत दी जा सके और किसानों के नुकसान की भरपाई हो सके।

बता दें बाढ़ से पंजाब के कई जिलों में धान की तैयार फसलें पूरी तरह जलमग्न हो गई हैं। पशुपालन पर भी असर पड़ा है, कई जगह चारे की कमी हो गई है। ग्रामीण इलाकों में घरों को नुकसान पहुंचा है और हजारों लोग सुरक्षित ठिकानों पर जाने को मजबूर हैं। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर राहत और पुनर्वास का काम करेंगी। प्रभावित किसानों को मुआवजा और पुनर्वास पैकेज दिया जाएगा। किसानों के ऋण पुनर्गठन और बीमा दावों की प्रक्रिया तेज करने पर भी विचार किया जा रहा है। ग्रामीण बुनियादी ढांचे की बहाली के लिए विशेष पैकेज तैयार किया जाएगा।

## रामलला के कल दर्शन करेगें भूटान के प्रधानमंत्री, विशेष विमान से अयोध्या पहुंचेंगे दाशो शेरिंग

अयोध्या (एजेंसी)। पड़ोसी देश भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग पांच सितंबर को अपनी धर्मपत्नी ताशी डोमा और कुछ अन्य अफसरों के साथ अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन पूजन करेंगे। शेरिंग शुक्रवार सुबह विशेष विमान से अयोध्या महर्षि बाल्मिकी अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां उनका स्वागत सत्कार किया जाएगा।

एयरपोर्ट से उनका काफिला विशेष सुरक्षा घेरे में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचेगा, जहां श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी उनका सम्मान करेंगे। भूटान के प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी के साथ उनके साथ पधारे भूटान के वित्त सचिव दाशो लेकी वांगमो, कैबिनेट मामलों और रणनीतिक समन्वय कार्यालय के निदेशक चेन्चो, और लेफ्टिनेंट कर्नल शेरिंग नामगे रामलला का दर्शन पूजन अर्चन करेंगे।

विशिष्ट अतिथि रामदरबार के साथ साथ परिसर में मौजूद अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन करेंगे। राममंदिर परिसर में स्थित कुबेर टीला पर जाकर कुबेरेश्वर महादेव का जलाभिषेक भी करेंगे। भूटान के प्रधानमंत्री के राममंदिर दर्शन के कारण राममंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को और चाक चौबंद किया जाएगा। भूटान के प्रधानमंत्री के राममंदिर दर्शन के ठीक पहले राममंदिर सुरक्षा समिति की मंदिर परिसर में बैठक भी बुलाई गई है।

जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने आज एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर के साथ भूटान के प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। भूटान के प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे इसका निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक बलरामाचारी दुबे ने राममंदिर में तैनात सुरक्षा अधिकारियों एवं सुरक्षा बल के जवानों के साथ विदेशी मेहमान के प्रोटोकाल के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखने की योजना को अंतिम रूप दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि पांच सितंबर को सुबह 9:30 बजे भूटान के प्रधानमंत्री अयोध्या पहुंचेंगे, और दो घंटे तक राम मंदिर परिसर में रहेंगे। डीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री के दर्शन और भ्रमण का पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। निखिल टी फुंडे और एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि राममंदिर में श्रद्धालु दर्शन करते रहेंगे। राममंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन और आवागमन में कोई परेशानी न हो इसकी भी व्यवस्था कर दी गई है। भूटान के प्रधानमंत्री दाशों शेरिंग तोबगे दोपहर बाद विशेष विमान से स्वदेश लौट जायेगे।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902